हिन्दी दैनिक
जन-जन की
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • बुधवार • 14 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 65 • पृष्ठ
मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### घोराही में आयोजित हुआ पशु स्वास्थ्य शिविर, केवीके के कार्यक्रम में 325 पशुओं का किया गया इलाज



**नवादा**। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा, के द्वारा सोमवार 12 फरवरी को रोह प्रखंड के ग्राम घोराही गांव में अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत पशु स्वास्थ्य शिविर सह पशु स्वास्थ्य सुधार, उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ में पशुओं के रखरखाव, खानपान एवं बीमारी प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में गायों में बांझपन व बार-बार मदकाल (ताव) में आने के प्रबंधन के बारे में भी बताया गया और जांच भी किया गया। कार्यक्रम में कुल 325 पशुओं का इलाज तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया और बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण, दस्त की दवाइयां, कृमिनाशक दवाई , लिवर टॉनिक, बचदानी सफाई की दवाई, भूख लगने की दवाई, मिनरल मिक्सचर इत्यादि का मुफ्त में वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 52 पशुपालक उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र , नवादा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉक्टर धनंजय कुमार , सहायक रोहित कुमार और विकाश कुमार उपस्थित रहे।

### पत्नी से परेशान पति ने कीटनाशक दवा खाकर जीवनलीला समाप्त करने की कोशिश,गम्भीर हालत में रेफर



**रजौली**। थाना क्षेत्र के डाकबंगला चौराहा के राजवंशी टोला में एक युवक ने अपनी ही पत्नी से परेशान होकर मंगलवार को लगभग 3 बजे कीटनाशक दवाई खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने की कोशिश की।किन्तु परिजनों की सजगता के कारण कीटनाशक खाये युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ सतीश चन्द्र सिन्हा ने कहा कि कीटनाशक दवाई खाये व्यक्ति की पहचान डाकबंगला चौराहा स्थित राजवंशी टोला के गोरे राजवंशी के पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है।चिकित्सक ने कहा कि पीड़ित युवक की स्थिति काफी चिंताजनक थी।जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां देकर नवादा अस्पताल रेफर किया गया है।वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने कहा कि युवक का विवाद अपनी पत्नी से था।इसी बीच अचानक विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर पति ने घर में रखे कीटनाशक दवाई खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने की कोशिश की है।

### डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी के राज्य सभा के लिए नामित किये जाने पर चंद्रवंशी समुदाय ने जताया खुशी



**नवादा**। नगर के ऐतिहासिक प्रजातंत्र चौक स्थित चंद्रा फ्लैक्स के हॉल में सोमवार को पूर्व मंत्री डॉ भीम सिंह को भाजपा द्वारा राज्य सभा के लिये चुने जाने पर अतिपिछड़े समुदाय के लोगों ने एक दूसरे में मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम मनोज चंद्रवंशी के द्वारा किया गया इस दौरान इन्होंने भाजपा को धन्यवाद देते हुये कहा कि कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथी रहे डॉ भीम सिंह अब भारतीय जनता पार्टी में हैं पार्टी ने उन्हें राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है जातीय जनगणना का गणित और मगध क्षेत्र- दो कारण सामने चयन में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के सहयोगी रहे शिक्षाविद और पॉलिटेक्निक कॉलेज के अध्यापक डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है वर्तमान में वह भाजपा के बिहार प्रदेश के है उपाध्यक्ष भी है चंद्रा कम्पनी के संचालक आशुतोष कुमार चंद्रवंशी ने खुशी जताते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने और एक बार फिर अटकलों पर विराम लगाते हुए चौंकाने वाले दो नामों को राज्य सभा भेजने का फैसला ले लिया है ये नाम डॉ भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता का है सभा भेजे जाने से ज्यादा डॉ भीम सिंह के नाम लोगों को चौंका गये बीजेपी नेतृत्व की ओर से राज्यसभा भेजे जाने के इस निर्णय ने अतिपिछड़ा में खास कर चंद्रवंशी समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है मौके पर मनोज प्रजापति,संतोष प्रजापति,बंटी विश्वकर्मा,बबलू कुमार चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार वर्मा, राजेश कुमार, अमित कुमार ,संदीप कुमार, अनीश गुप्ता इत्यादि दर्जनो अतिपिछडो ने एकदूसरे में मिठाई खिलाकर भाजपा के प्रति खुशी जताया।

### सहजपुरा गांव में अतिक्रमण हटाने के चला बुलडोजर



**नारदीगंज**। थाना क्षेत्र के सहजपुरा गांव में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बना मकान को तोड़कर अतिक्रमण हटाने का कार्य मंगलवार को शरू हुआ। इस दौरान बुलडोजर मशीन से मकान व चाहरदीवारी तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। ऐसा उच्च न्यायालय के आदेश पर किया जा रहा है। इस दौरान चौक चौबंद पुलिस की व्यवस्था में कार्य सम्पादित हो रहा है।प्रभारी सीओ सह राजस्व पदाधिकारी अर्चना कुमारी, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी व काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। प्रभारी सीओ सह राजस्व पदाधिकारी ने कहा उच्च न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया गया है। इस गांव में लोग सरकारी भूमि को अतिक्रमण कर मकान व चाहरदीवारी का निर्माण किये हुए हैं। जिसमे चार प्लॉट में बीस लोग सरकारी भूमि को अतिक्रमण कर मकान व चहारदीवारी बनाकर कब्जा जमा रखे थे, सभी लोगों को नोटिस जारी किया गया था, उसके बाद अतिक्रमण हटाने का कार्य शरू हुआ है।जबतक अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा, इसके लिए अगले दिन भी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा।

### सर्विस रोड एवं अंडरपास के अभाव में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी



**रजौली**। थाना क्षेत्र के एनएच 20 पर भटोलिया मोड़ के समीप एक साइकिल और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों को करीगांव के रूपेश कुमार एवं डायल 112 के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे डॉ राघवेन्द्र भारती ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों की पहचान करीगांव निवासी स्व नागेश्वर सिंह के पुत्र धनंजय सिंह एवं छपरा गांव निवासी स्व बंसी सिंह के पुत्र नंदन सिंह के रूप में हुई है।साथ ही चिकित्सक ने कहा कि घायल धनंजय कुमार के सीने में गम्भीर चोटें आई है।वहीं घायल नंदन सिंह का पैर एवं हाथ में चोटें आई है।उन्होंने कहा कि दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।वहीं घटना की सूचना पाकर थाने की पुलिस एवं घायलों के परिजन भी अस्पताल परिसर पहुंचे।वहीं घायल के परिजन रूपेश कुमार ने कहा कि रजौली से करीगांव जाने के लिए एनएच 20 में न तो सर्विस रोड है और न ही कोई अंडरपास।इस वजह से करीगांव जाने वाले लोग छपरा मोड़ के समीप बने कट से रोंग साइड से होकर जाना पड़ता है।साथ ही बताया कि घायल धनंजय सिंह बाइक से करीगांव जा रहा था।इसी बीच अंधेरे में साइकिल चलाकर आ रहे छपरा के नंदन सिंह ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।साइकिल एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि घायल धनंजय सिंह के सीने की हड्डियां टूट गई है।जिसे नवादा सदर अस्पताल से पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया है।वहीं घायल नंदन सिंह का इलाज नवादा सदर अस्पताल में किया जा रहा है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि साइकिल से पीड़ित की पत्नी उर्मिला देवी द्वारा दिये आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

# मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ का वार्षिकोत्सव

निज संवाददाता। नवादा



मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ के प्रांगण में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें वर्ग नर्सरी से दशम के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग ढ़ाई हजार दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ०अनुज सिंह,उप निदेशक संजय कुमार सिंह, प्राचार्य योगलाल चौधरी,मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया के उप प्राचार्य सुजय कुमार, जूनियर विंग की प्राचार्या वीणा बरनवाल, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंतीनगर के उप प्राचार्य एम०के०विजय,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, नारदीगंज के प्राचार्य सुनील कुमार मिश्र, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रवीण कुमार पंकज, विज्ञान शिक्षक सायन मुखर्जी ने दीप प्रज्वलन एवं विद्या की अधिष्ठात्री माता सरस्वती तथा देवों में अग्रणी गणपति गणेश के चित्र पर पुष्पांजलि तथा नमन निवेदित कर की। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सायन कुमार मुखर्जी ने आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन, स्वागत किया तथा मंच पर आमंत्रित किया।मंच पर उपस्थित अतिथियों को विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व सम्मानित किया।सायन मुखर्जी ने विद्यालय की यात्रा एवं मॉडर्न शैक्षणिक समूह की उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक डॉ०अनुज कुमार ने अपने संबोधन में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता-पिता,शिक्षक एवं विद्यालय की भूमिका पर चर्चा की।मॉडर्न शैक्षणिक समूह अपने विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु किस तरह सतत तत्पर रहता है इसकी भी चर्चा की। जिसके कारण मॉडर्न न सिर्फ नवादा बल्कि राज्य के कई जिलों सहित झारखण्ड के उत्तरी जिलों में प्रतिष्ठित शैक्षिक समूह के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है।संबोधन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्रीगणेश स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना से हुआ।सभी प्रस्तुति एक से बढ़कर एक थी किन्तु कुछ ऐसी प्रस्तुतियाँ रहीं जिसने लम्बी देर तक दर्शकों की तालियाँ बटोरीं तथा उन्हें भाव-विभोर कर दिया जैसे वर्ग चतुर्थ की परी का मिक्स्ड साँग पर चित्ताकर्षक नृत्य, ऋद्धि गुप्ता का फगुनवाँ में रंग रसे-रसे बरसे पर मनमोहक नृत्य, आयो रे शुभ दिन आयो,ऊँ नमः शिवाय,दिल दिया है जान भी देंगे,जिस देश में गंगा रहता है गानों पर प्रस्तुत नृत्य एवं रामभक्ति मय गीत........,राम न मिलेंगे हनुमान के बिना,माता और पिता में ही भगवान हैं,मॉडर्न स्कूल पर गीत,तथा निदेशक के जीवन और कृतित्व पर अनुराधा द्वारा गाए , गीत की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। हिंदी शिक्षक एसके रंजन और सायं मुखर्जी के द्वारा रचित नाटक'जैसी करनी वैसी भरनी 'एकांकी की प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूँज उठा।दर्शकों की विशेष माँग पर ऋद्धि एवं परी की संयुक्त प्रस्तुति के उपरांत कार्यक्रम स्थगित किया गया।निदेशक महोदय कार्यक्रम से अभिभूत होकर भाग लेने वाले सभी कलाकारों को पारितोषिक के रूप में एक माह का शिक्षण शुल्क माफ करने की घोषणा की।बच्चों को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक सायन मुखर्जी,एस०के०रंजन,जोनाफा राय,लक्ष्मी कुमारी ,दामिनी कुमारी ,कनीज फातमा, नीलू,निशा,मनोरंजन पांडेय, प्रवीण कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, गोपाल कृष्ण, प्रभात कुमार, ओमप्रकाश शर्मा,आर०पी०शर्मा, बीरेन्द्र कुमार सिंह, भीष्म प्रताप, जयंत कुमार, अमरजीत कुमार सहित अन्य सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षकों,सुरक्षाकर्मियों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सराहना की एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित सभी भाग अभिभावकों ने विद्यालय के बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति का भरपूर आनंद उठाया।

### आठ शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

निज संवाददाता। गोविंदपुर

गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर उत्पाद चेक पोस्ट पर उत्पाद पुलिस ने आठ शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी शराबी अलग-अलग जगहो का रहने वाला था। उत्पाद एस आई सौरभ कुमार ने बताया कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को मद्य नजर रखते हुए शराब और शराबियों पर नकेल कसा जा रहा है ताकि कोई भी शराब लेकर बिहार में प्रवेश न करें। शराब और शराबी की घर पकड़ को लेकर लगातार बस बाइक के अलावे अन्य वाहन चेकिंग के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेशा अनुसार पर रविवार को उत्पाद पुलिस बल के सहयोग से उत्पाद चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। झारखंड की ओर से आने वाले सभी तरह के वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। शराब के साथ शराबियों की घर पकड़ की जा रही थी। चेकिंग के दरमियान 8 शराबी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराबी में चार शराबी गोविंदपुर थाना क्षेत्र के डेल्हुया का रहने वाला था।

## विधिक सेवा प्राधिकार सचिव ने पुलिस पदाधिकारियों व बैंक कर्मी के साथ की बैठक

निज संवाददाता। नवादा



जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष पुरूषोतत्म मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को प्राधिकार सचिव कुमारी सरोज कृति ने जिले के थानाध्यक्षों के साथ बैठक किया। 9 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा इस अदालत का लाभ पक्षकारों को पहुॅचाने पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित थानाध्यक्षों से निर्गत नोटिस के तामिला पर समीक्षा की गई तथा नही तामिला हुए नोटिस को यथाशीघ्र तामिला कराने का निर्देश दिया।थानाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया गया कि पक्षकारों को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभ की जानकारी दें तथा उन्हें उक्त अदालत में समझौता के आधार पर मुकदमों को निपटारा किये जाने के लिये प्रेरित करें। बैठक में नगर थाना, मुफस्सिल, नारदीगंज, नरहट, सिरदला, रजौली, अकबरपुर, काषीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, रोह, पकरीबरावां, गोविन्दपुर, कौवाकोल, परनाडाबर, कादिरगंज, सीतामढ़ी, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर तथा बुंदेलखंड के थानाध्यक्ष् उपस्थित हुए। सचिव ने जिले के प्रमुख सरकारी बैंकों एवं निजी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया।

बैठक के क्रम में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने आश्वस्त किये कि वे लोग अपने अपने बैंकों के ऋण वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं। जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में ऋणवादों के नोटिसों के शत प्रतिशत तामिला के संबंध में विचार विमर्श किया गया। सचिव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में बैंक के पदाधिकारियों को आडियो क्लीप के माध्यम से पंचायत स्तर तक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक बैंकऋण वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुनिश्चित हो सके। बैठक में कई बैंक के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कौआकोल के सीमावर्ती प्रशासन ने किया बैठक

निज संवाददाता। कौआकोल



आने वाले लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में आ गया है। मंगलवार को कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय भवन के बीडीओ कक्ष में लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार व झारखंड के सामान्य एवं पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार एवं पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिहार के नवादा जिला के कौआकोल थाना,सीमावर्ती जमुई जिला के खैरा प्रखण्ड एवं गरही थाना एवं झारखंड के तीसरी ब्लॉक के बीडीओ एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक सूचनाओं के अदान-प्रसाद,आपसी तालमेल व अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया।

वहीं शराब एवं हथियार की तस्करी पर रोक लगाने,आपराधिक गतिविधि पर पैनी नजर रखने आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी एवं सीमा पर कई चोक पोस्ट भी बनाए जाएंगे। जिसके लिए महत्वपूर्ण जगहों का चयन किया जाएगा। हथियार व शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी भी आपस में साझा करने की बात कही गई। अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बिहार व झारखंड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी।

मौके पर कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद,तीसरी बीडीओ मनीष कुमार,खैरा बीडीओ अर्चना कुमारी,कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार,अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार,गरही थानाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद शास्त्री,एसएसबी के अधिकारी गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## वसंत पंचमी को लेकर आज फुलवरिया डैम पर मेला का आयोजन,सजा बाजार

निज संवाददाता। रजौली



प्रखण्ड मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर स्थित फुलवरिया डैम के समीप स्थित वसंत पंचमी को लेकर भव्य मेला का आयोजन हो रहा है।इसके लिए श्रृंगी ऋषि पहाड़ जाने वाले रास्तों में दर्जनों दुकान सज गए हैं।वहीं हरदिया निवासी पवन सिंह ने बताया कि रजौली प्रखण्ड प्राकृतिक वातावरण से घिरा हुआ है।रजौली की भूमि सप्तऋषियों की भूमि कही जाती है।फुलवरिया डैम के नजदीक श्रृंगी ऋषि पहाड़ का उल्लेख रामायण सर्किट में मिलता है।जिसमें श्रृंगी ऋषि पहाड़ पर स्थित मंदिर में पूजा करने वाले दम्पत्ति को पुत्र धन की प्राप्ति होती है।डीह रजौली निवासी पण्डित वेद मूर्ति कहते हैं कि रजौली की पावन भूमि वैदिक काल से ही महत्वपूर्ण रही है।रजौली चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है।सभी पहाड़ों पर विभिन्न ऋषियों का तपस्थली रहा है।इसी में रामायण सर्किट में वर्णित श्रृंगी पहाड़ पर स्थित मंदिर को पूजने वाले श्रद्धालुओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है।उन्होंने कहा कि इस पहाड़ पर श्रृंगी ऋषि नामक एक ऋषि तप कर रहे थे।इस दौरान अयोध्या के राजा दशरथ संतान प्राप्ति की आश में श्रृंगी ऋषि से भेंट करते हैं।इसी पहाड़ पर ऋषि द्वारा राजा दशरथ को पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ कराया गया।यज्ञ के पश्चात प्रसाद रूपी खीर बनाकर राजा दशरथ को दिया गया एवं यह खीर अपने तीनों रानियों को खिलाने को कहा गया।जिसके बाद राजा दशरथ को राम,लक्ष्मण,भरत और शत्रुध्न के रूप में चार पुत्रों की प्राप्ति हुई।इसी काल से इस पर्वत पर स्थित मंदिर की पूजा करने,ध्वजा फहराने एवं प्रसाद रूपी खीर खाने का प्रचलन धीरे-धीरे बढ़ता गया।पिछले कई दशकों से प्रत्येक वसंत पंचमी के दिन करीब श्रृंगी ऋषि पहाड़ के समीप बीस हजार से भी अधिक लोगों का मेला लगता है।

साथ ही सैकड़ों निःसंतान दम्पति संतान प्राप्ति की लालसा में पहाड़ पर चढ़कर पताका व ध्वजा फहराते हैं एवं खीर रूपी प्रसाद खाते हैं।ऐसी मान्यता है कि यहां से कोई भी श्रद्धालु निराश नहीं हुए हैं।वसंत पंचमी को अनुमण्डल क्षेत्र एवं सीमावर्ती झारखण्ड के कई जिलों के सैकड़ों गांवों से लोग श्रृंगी ऋषि पहाड़ पर पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानीय प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी मात्रा में पुलिस बलों की तैनाती भी रहती है।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



निज संवाददाता। कौआकोल

सरस्वती पूजा को लेकर कौआकोल थाना में शांति समिति की बैठक हुई। मंगलवार को आयोजित बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, पूजा पंडाल आयोजकों तथा गणमान्य लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा को लेकर प्रतिमा बैठाने वाले को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जबकि बीडीओ सुनील कुमार चाँद ने डीजे नहीं बजाने तथा पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने और इस संबंध में नियमों का पालन करने की बात पर जोर दिया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का भौगोलिक स्थिति व समस्या को लेकर भी लोगों से रु-ब-रु हुए। साथ ही हर हाल में निर्धारित समय के अंदर ही प्रतिमा विसर्जन हो जाने पर भी प्रशासनिक अधिकारियों ने बल दिया। वहीं अधिकारियों ने लोगों से किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने,कोई समस्या आने पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराने को कहा। बैठक में एसएसबी के अधिकारी गोपाल सिंह,अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार,जिला पार्षद अजित यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मैट्रिक परीक्षा क़ो लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी

निज संवाददाता। नवादा

बिहार वार्षिक माध्यमिक ( सैद्धांतिक) परीक्षा 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए नगर भवन, नवादा में श्री आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में ब्रीफिंग की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 15 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षा में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षक और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को सही तरीके से फ्रिस्किंग करने का निर्देश दिये। परीक्षावधि प्रथम पाली 09:30 बजे पूर्वा0 से 12:45 बजे अप0 तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अप0 से 05:15 बजे अप0 तक होगी। जिले में कुल 33 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। नवादा शहर में 19, वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय में 04, हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 03 एवं रजौली अनुमंडल मुख्यालय में 07 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। जिनमें 04 परीक्षा केन्द्रों (प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय नवादा, कन्हाई इंटर विद्यालय नवादा, रजौली इंटर विद्यालय रजौली एवं प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, रजौली) को आदर्श परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

सभी आदर्श परीक्षा केन्द्रों पर सभी प्रकार के आधारभूत सुविधा को बेहतर ढ़ंग से सुसज्जित किया गया है। परीक्षार्थियों पर परीक्षा का दबाव कम करने के लिए कई सुविधा प्रदान की गयी है। बैठक में केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी आदि से उनके किये गए तैयारियों के संबंध में फिडबैक प्राप्त किया गया और बेहतर ढ़ंग से परीक्षा संचालन के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर द्वारा केन्द्राधीक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी परीक्षा केन्द्र में कदाचार या अवैध कार्य करते पाया जायेगा तो केन्द्राधीक्षक पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, लाउडीस्पीकर आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर की परिधि में फोटो स्टेट दुकान का संचालन बंद रहेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल टीम की व्यवस्था की जा रही है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परिक्षार्थियों को फ्रिस्किंग के उपरांत ही अन्दर जाने की अनुमति दी जायेगी। महिला परिक्षार्थियों की जांच केवल महिला कर्मी/अधिकारी कर्मी ही करेंगे। जिले के सभी 33 परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में धारा 144, 15 फरवरी से लेकर 23 फरवरी 2024 तक लागू की गयी है। वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा 2024 के लिए बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 लागू है जिसके अन्तर्गत कदाचार के विरूद्ध दण्ड का प्रावधान किया गया है। कदाचार में लिप्त पाये जाने पर छः महीने का कारावास या दो हजार रूपये का जुर्माना किया जा सकता है। परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी या वीक्षक मोबाईल फोन लेकर नहीं जायेंगे। परीक्षा स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों में सशस्त्र लाठीबल के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है साथ ही गश्ती दल-सह-जोनल दंडाधिकारी में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उड़नदस्ता दल में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का कदाचार अपनाने या नकल करने का प्रयास करता है तो उसकी पात्रता रद्द कर दी जायेगी। परीक्षावधि में अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, पकरीबरावां एवं रजौली विधि-व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखेंगे। आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशाम, चिकित्सा व्यवस्था, बज्रवाहन वाटर कैनन, अश्रु गैस, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन आदि की व्यवस्था जिला नियंत्रण कक्ष के पास की गयी है। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में संचालन के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण करने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष नम्बरः- 06324-212261 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभारी श्रीमती अनुपम सिंह जिला भूअर्जन पदाधिकारी रहेंगे। श्री चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नवादा एवं श्री कल्याण आनंद पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय जिले के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभार में रहेंगे। डीपीआरओ नवादा। बैठक में अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीएसपी पकरीबरावां, वरीय उप समाहर्त्ता, गोपनीय प्रभारी, डीसीएलआर रजौली, जिला शिक्षा पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक आदि उपस्थित थे।

Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10




खेल

ब्रेट ली की एक गेंद ने खत्म कर दिया था करियर, नहीं तो आज भारत के पास होगा दूसरा विराट!



देश

कुमाऊं क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह...


शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • बुधवार • 14 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 65 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 62, 840 | ₹75,500 |

## आज का इतिहास

- 1885 : आधुनिक भारत के दिग्गज हिंदी कवि और लेखकों में से एक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन हुआ।
- 1947: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन का विभाजन स्वीकार किया।

## न्यूज बाइट्स

### 'गुजराती ठग' वाले बयान पर तेजस्वी का माफीनामा मंजूर, शिकायत रद्द

**नई दिल्ली (एं.)।** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को 'गुजराती ठग' वाले बयान पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने तेजस्वी का माफीनामा मंजूर कर लिया है। और मामले की आपराधिक शिकायत रद्द कर दी है। अब अहमदाबाद कोर्ट में ट्रायल नहीं चलेगा। इससे पहले पिछले सोमवार (5 फरवरी) को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई पूरी कर ली थी, और फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजद नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील पर ध्यान दिया कि तेजस्वी यादव ने बिना शर्त अपनी टिप्पणी वापस लेते हुए एक विशिष्ट हलफनामा दायर किया था। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि जब तेजस्वी यादव ने बयान वापस ले लिया है।

### क्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ किया अनुबंध

**नई दिल्ली (एं.)।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए 2269.54 करोड़ रुपये की लागत से सभी उपकरणों से लैस 11 शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), हैदराबाद के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। शक्ति ईडब्ल्यू सिस्टम स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। शक्ति ईडब्ल्यू प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जन को सटीक रूप से रोकने और घने विद्युत चुम्बकीय वातावरण में प्रतिरोधक उपायों को लागू करने में सक्षम है।

### बिहार में खुलेगा एक और केंद्रीय विश्वविद्यालय

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने आज विधानसभा में राज्य में एक और केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राज्य में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय पहले से ही हैं और तीसरा जल्द ही स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण पहले से ही चल रहा है। श्री चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तारकिशोर प्रसाद के अनुमंडल स्तर पर डिग्री कॉलेज नहीं होने के संबंध में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 101 अनुमंडलों में से 18 में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। उन्होंने कहा कि नौ अनुमंडलों में डिग्री कॉलेज की स्थापना हो चुकी है तथा शेष अनुमंडलों में जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं खुल सका है। इस पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) सदस्य सत्यदेव राम, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भाई वीरेंद्र ने कहा कि उनके क्षेत्र में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है और उन्होंने सरकार से अनुमंडलों में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की है। मंत्री ने स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा के संबंध में रामानुज प्रसाद के एक प्रश्न पर कहा कि अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 से प्रत्येक मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा शुरू हो जायेगी।

# बिहार में 278425 करोड़ का बजट पेश

» कृषि क्षेत्र में 1.2 लाख करोड़ खर्च करने लक्ष्य, रोजगार » शिक्षा पर फोकस » बिहार का अब तक का सबसे बड़ा बजट

निज संवाददाता | पटना



बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने मंगलवार को बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में 2024-25 का बजट पेश किया। विपक्ष के हंगामे के बीच बिहार के डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री ने सम्राट चौधरी ने पहली बार सदन में बजट पेश किया। सम्राट चौधरी ने 2 लाख 78 हजार 425 करोड़ रुपये यानी 2.78 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह राज्य के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इससे पहले वर्ष 2023-24 यानि चालू वित्तीय वर्ष का बजट 2 लाख 61 हजार 885 करोड़ रुपये का था। जिसके अनुसार इस बार का बजट आकार पिछले बार की तुलना में 16,540 करोड़ रुपये बढ़ाया गया है

### बजट की 63 फीसदी राशि विकास के लिए होगी खर्च

बिहार विधान सभा में 2,78,725 करोड़ का बजट पेश किया गया। जिसमें 1,78,706 करोड़ रुपए व्यय का अनुमान है। सम्राट चौधरी ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य में आगामी वित्तीय वर्ष में विकास पर फोकस किया जाएगा. बजट की कुल राशि का 63 फीसदी हिस्सा विकास मद में खर्च किया जाएगा।

### ढाई गुना बढ़ा बिहार का बजट

2023-24 का बजट आकार 2,78,425 करोड़ रुपए का है। वहीं अगर पिछले दस वर्षों के बजट के आकार को देखें दो इसमें करीब ढाई गुना तक बढ़ोतरी हुई है। 2023-24 में 2,61,885 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया था। इससे पहले 2022-23 में 2,37,691 करोड़, 2021-22 में 2,18,303 करोड़, 2020-21 में 2,11,761 करोड़, 2019-20 में 2,00,501 करोड़, 2018-19 में 1,77,000 करोड़, 2017-18 में 1,60,000 करोड़, 2016-17 में 1,44,000 करोड़, 2015-16 में 1,20,000 करोड़, 2014-15 में 1,16,000 करोड़ का बजट पेश किया गया था। बजट से पहले नए स्पीकर के लिए बीजेपी के विधायक नंदकिशोर यादव ने नामांकन किया। इस दौरान सीएम नीतीश, दोनों डिप्टी सीएम भी उनके साथ थे। नंदकिशोर यादव का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। सदन की कार्यवाही 15 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### नवीकरण स्त्रोत से बिजली उत्पादन को बढ़ावा

सरकार द्वारा चॉर्जिंग केंद्र के उपकरण की खरीद पर क्रय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जल विद्युत और सौर ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। 2015-16 तक नवीकरण स्त्रोत से जहां 13 फीसदी बिजली का उत्पादन होता था, वहीं 2024-25 तक 35 फीसदी करने का लक्ष्य है।

वित्त मंत्री ने कहा कि पर्यटन के लिए 10 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 30 फीसदी तक की सब्सिडी (अधिकतम सीमा- 3 करोड़), 50 करोड़ और उससे अधिक के निवेश पर 25 प्रतिशत की। इसके साथ-साथ सब्सिडी प्रतिदिन 10 करोड़ से ऊपर अधिकतम 10 करोड़ का था, 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### गरीबी दर में 18.13 फीसदी की गिरावट

करीब 35 मिनट तक चले बजट भाषण में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। बजट में नौकरियों और रोजगार पर ज्यादा जोर दिया गया है। किसानों के लिए भी कई बड़े ऐलान किए गए हैं। बजट पेश करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की गरीबी दर में 18.13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। जबकि पूरे देश की गरीबी दर में केवल 9.89 फीसदी की गिरावट आई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार की अर्थ व्यवस्था दूसरे राज्यों से बेहतर है। बिहार का विकाश दर 10.4 है। यह पूरे देश में सबसे अधिक है।

### हर प्रखंड में इनडोर स्टेडियम

सात निश्चय भाग 2 पूरे राज्य में लागू किया जाएगा, इसके लिए 5040 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। खेल को बढ़ावा देने के लिए हर प्रखंड में इनडोर स्टेडियम बनाया जायेगा। वहीं, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### इलेक्ट्रिक व्हिकल ट्रांसपोर्ट इको सिस्टम पर जोर

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हील पॉलिसी 2023 लागू करके पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। हमारा उद्देश्य है, बिहार को इलेक्ट्रिक व्हिकल ट्रांसपोर्ट इको सिस्टम में एक मॉडल राज्य की तरह स्थापित किया जाए। इस नीति के अंतर्गत 10 हजार वाहनों के लिए हर दोपहिया वाहन पर 5 हजार किलोवॉट अधिकतम 10 हजार रुपए, पहले एक हजार वाहनों के लिए हर चार पहिया वाहन यात्री पर 10 हजार रुपया प्रति किलोवॉट सामान्य श्रेणी के लिए 1.25 लाख रुपए और एससी-एसटी के लिए 1.5 लाख रुपए की क्रय सब्सिडी दी जाती है।

## औरंगाबाद, पटना, सासाराम एवं भोजपुर समेत कई इलाकों में बारिश

निज संवाददाता | पटना



बिहार में मौसम ने फिर से करवट ली है। पटना, सीवान, सासाराम, भोजपुर समेत कई जिलों में सुबह-सुबह बारिश हुई है। जिसने एक बार फिर से ठंड बढ़ा दी है। पटना, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा समेत कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। राजधानी में सुबह-सुबह अंधेरा छा गया है। 11 बजे के बाद धूप निकली। 14 जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

औरंगाबाद, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, अरवल में ओलावृष्टि के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

वहीं पश्चिम चंपारण, सीवान, छपरा, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, बांका, भागलपुर, जमुई, मुंगेर, खगड़िया में वज्रपात के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही विभाग ने किसानों को सावधान रहने के लिए भी कहा है। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद एवं गया जिलों के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पटना समेत राज्य के कई इलाकों में अगले दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 13 से 15 फरवरी के बीच विशेष कर दक्षिण के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा और आसपास समुद्र तल से औसत 0.9 किमी ऊपर बना है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम विदर्भ और उसके आसपास समुद्र तल से औसत 1.5 किमी ऊपर स्थित है। साथ ही उत्तर भारत में एक चक्रवाती परिसंचरण पंजाब और उसके आसपास समुद्र तल से औसत 0.9 किमी ऊपर स्थित है। इसलिए प्रदेश में बारिश होने की संभावना है जताई जा रही है। विभाग ने यह कहा है कि अपने कटे तथा खुले स्थान में रखे हुए खरीफ फसल को सुरक्षित स्थान पर भंडारण करने की व्यवस्था कर ले ताकि पानी/नमी से फसल का बचाव हो सके। साथ ही रबी फसल के लिए ओलावृष्टि से बचाव के लिए उपरोक्त जिलों के लिए एहतियाती उपाय कर ले।

## हावड़ा-कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस का अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ठहराव

निज संवाददाता | हाजीपुर/औरंगाबाद



यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 12311/12312 हावड़ा-कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस का पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर कल 14 फ़रवरी से प्रायौगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए वताया कि 14 फ़रवरी से गाड़ी सं. 12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस 05.58 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 06.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 12312 कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस 22.40 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 22.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## रेवती नक्षत्र में आज होगा सरस्वती

निज संवाददाता | पटना



माघ शुक्ल पंचमी के रेवती नक्षत्र और शुभ योग के सुयोग में आज सरस्वती पूजा मनाई जाएगी। यह पर्व विद्या, बुद्धि, ज्ञान, संगीत व कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन श्रद्धालु पीले रंग का वस्त्र धारण करते हैं। वसंत पंचमी को मां शारदे के साथ भगवान गणेश, लक्ष्मी, नवग्रह, पुस्तक-लेखनी और वाद्य यंत्र की भी पूजा होती है। पूजा के बाद श्रद्धालु एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाएंगे। पंडित राकेश झा के अनुसार प्रभु श्रीकृष्ण ने भी पीतांबर धारण करके सरस्वती माता का पूजन माघ शुक्ल पंचमी को किए थे। पीले रंग का संबंध गुरु ग्रह से है जो ज्ञान, धन व शुभता के कर्क माने जाते है। पीला रंग शुद्धता, सादगी, निर्मलता व सात्विकता का प्रतीक है। सरस्वती पूजा के दिन नवजात शिशुओं का पारंपरिक विधि से अक्षरारंभ संस्कार होगा। इसी दिन से उनका विद्या अध्ययन भी शुरू होगा।

## किसी शिक्षक की नहीं जाएगी नौकरी : शिक्षा मंत्री

निज संवाददाता | पटना



एक ओर जहां सक्षमता परीक्षा के विरोध में नियोजित शिक्षक आर-पार के मूड में नजर आ रहे हैं, वहीं सरकार के मंत्री विजय चौधरी ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना शर्त किसी को राज्यकर्मी का दर्जा नहीं दिया जायेगा। हालांकि उन्होंने ये कहा कि किसी की नौकरी नहीं जायेगी। इस संबंध में सरकार ने अब तक कोई फैसला नहीं लिया है। पहले से तय कार्यक्रम के तहत मंगलवार की सुबह होते ही राज्य भर से हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारियों का गर्दनीबाग पहुंचे। आज विधानसभा सत्र का दूसरा दिन है। नियोजित ने विधानसभा के घेराव का ऐलान किया है। ऐसे में अब इन नियोजित शिक्षकों को लेकर बिहार के शिक्षा मंत्री ने सबकुछ साफ़ कर दिया है। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन करने से कुछ होने वाला नहीं है। निश्चित तौर पर सरकार उनकी बात को जरूर सुनेगी। मंत्री ने साफ़ तौर पर कहा कि जिस चीज़ पर अभी निर्णय हुआ ही नहीं है। इस मामले में अभी विरोध प्रदर्शन करने का क्या फायदा है। सरकार का अंतिम निर्णय के बाद कुछ हो तो अलग बात होती है। उन्होंने कहा कि कभी सरकार ने यह नहीं कहा था कि हम बिना कोई शर्त राज्यकर्मी का दर्जा देंगे। लेकिन, इसके बाबजूद शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं।

यूएई में मोदी का भारतीय समुदाय को संबोधन, कहा-

## मंदिर के लिए जमीन पर शेख जायेद ने कहा था- जहां आप लकीर खींच देंगे, वो जमीन आपकी

एजेंसी | दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यूएई पहुंचे। यहां उनका स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मोदी को गले लगाया।

इसके बाद प्रधानमंत्री 'अहलन मोदी' (हेलो मोदी) कार्यक्रम में पहुंचे और यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय के करीब 65 हजार लोगों को संबोधित किया। कहा- आपने नया इतिहास रच दिया है, यहां हर धड़कन कह रही है कि भारत-यूएई दोस्ती जिंदाबाद।

इस मौके पर पीएम ने अबुधाबी में बने पहले हिंदू मंदिर के लिए जमीन मिलने से जुड़ा वाकया भी बताया। कहा- 2015 में आप सबकी ओर से मैंने यहां एक मंदिर का प्रस्ताव रखा तो उन्होंने एक पल भी गंवाए बिना हां कह दिया। उन्होंने यहां तक कह था कि जिस जमीन पर आप लकीर खींच देंगे, मैं वह आपको दे दूंगा। और देखिए, अब अबुधाबी में भव्य दिव्य मंदिर के लोकार्पण का दिन आ गया है। पीएम मोदी 14 फरवरी को राजधानी अबुधाबी में इस देश के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह PM मोदी का 7वां यूएई दौरा है। वे PM के तौर पर पहली बार अगस्त 2015 में UAE गए थे। उन्होंने 2018 और 2019 में भी यूएई का दौरा किया था। 2019 में यूएई सरकार ने मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जाएद' से नवाजा था। मोदी जून 2022 और जुलाई 2023 में दुबई गए थे। इस दौरान राष्ट्रपति अल नाहयान ने उन्हें फ्रेंडशिप बैंड भी बांधा था।

## 500 साल पुरानी राम-लक्ष्मण-सीता की मूर्ति चोरी

**छपर (नि.स.)।** छपरा में मूर्ति चोरों ने अष्टधातु की अति प्राचीन राम, लक्ष्मण और सीता की मूर्तियां चुरा ली हैं। ये मूर्तियां 500 साल से भी ज्यादा पुरानी बताई जा रही हैं। मार्केट में इनकी कुल कीमत 3 करोड़ रुपए बताई गई है। घटना बनियापुर थाना क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी की है। चोरी की घटना सोमवार की देर रात हुई लेकिन जानकारी मंगलवार की सुबह मिली। पुजारी जब मंदिर का गर्भगृह खोलने गए तो मुख्य ग्रिल टूटा था और मूर्तियां गायब थी। पुजारी ने इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन को दी। फिर घटना स्थल पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। इधर चोरी की घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। देखते-देखते ठाकुरबाड़ी मंदिर पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।


सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा

शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.




ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद

5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध

शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार। शुद्ध आहार, खुशियां अपार

विशेषताएं

- क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
- अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
- धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।

10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता



BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, विस्कोमान कॉलेज गोलम्बर के पूरब, पटना -7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : 10th) | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10th)

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science (अवधि: 3 वर्ष, योग्यता : 10+2) | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science (अवधि: 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2)

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 1 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY




Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

• एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

Apply Online: www.bayc.in

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसीन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### 547 हाउस लाइसेंस का होगा वेरीफिकेशन

**गया।** दूसरे राज्यों से आर्म्स लाइसेंस प्राप्त करने वाले लोगों के आर्म्स वेरिफिकेशन का निर्देश दिया गया है। बताया गया कि जिले में 457 वैसे शस्त्र धारी हैं, जिन्होंने किसी दूसरे राज्य से लाइसेंस लिए हैं। उन सभी का थाना स्तर पर आर्म्स सत्यापन करवाने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने वरीय उप समाहर्ता शस्त्र शाखा को भी निर्देश दिया है कि शस्त्र लाइसेंस धारी को भी कॉल कर करके उन्हें आर्म्स सत्यापन करवाने का कार्य करें।

### निःशुल्क बिजली कनेक्शन के लिए शिविर

**टिकारी।** मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना फेज-2 के तहत कृषि के सिंचाई कार्य हेतु विद्युत संरचना के निर्माण के साथ-साथ विद्युत पम्प सेट को निशुल्क विद्युत संबंध देने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इच्छुक किसान पंचायत स्तर पर आयोजित कैम्प में कृषि सिंचाई कार्य के लिए पम्प सेट के लिए निशुल्क विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। शिविर में प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन दिया जाएगा।

### अपराध नियंत्रण और प्रभावी रात्रि गश्ती की एसएसपी ने की जांच



**गया।** गया जिले में तेजी से बढ़ रहे अपराध को नियंत्रित करने व प्रभावी रात्रि गश्ती की जांच के लिए रविवार की रात एसएसपी आशीष भारती विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा किया। उनका रात्रि दौरा यह देखने के लिए था कि संबंधित थाना क्षेत्र में दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार प्रभावी तरीके से गश्ती की जा रही है या नहीं। रात्रि भ्रमण के दौरान उन्होंने रात्रि गश्ती कर रहे पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को चेक कर उन्हें गश्ती को और प्रभावी बनाने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। रविवार की रात पूरे जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रास्ते से गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच की गई। एसएसपी ने बताया कि आमजनों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, आगामी पर्व-त्योहार एवं चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने, अवैध खनन व शराब तस्करी रोकने को लेकर सुरक्षा व विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। यह अभियान क्षेत्र में लगातार चलाया जाएगा।

### पिकअप और हाइवा के बीच सीधी भिड़ंत , चालक गंभीर



**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अन्तर्गत एनएच 82बाईपास स्थित सुरहरी के समीप रविवार देर रात पिकअप और हाइवा में सीधी भिड़ंत हो गई।जिसमे पिकअप चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी की पहचान बैशाली निवासी अमर कुमार शाह के रूप में हुई।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी हालत में तड़प रहे चालक को आननफानन में मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया।घटना देर रात एक बजे की है।बताया जा रहा है कि पिकअप बीआर 06जीई 5327 बैशाली से पोषाहार ले कर गया जा रहा था।इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे गिट्टी लड़े हाइवा जेएच 10 बीयू 6427 से टकरा गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया की जख्मी चालक के तहरीर पर एफआईआर दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया की घटना के बाद हाइवा चालक भाग निकलने में कामयाब हो गया।

### अब हरनौत में भी बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का ठहराव, रेलवे वोर्ड ने जारी की अधिसूचना, हर दिन राजगीर से वाराणसी जाती है ट्रेन

**नालंदा।** बुद्ध पूर्णिमा गाड़ी संख्या 14223/14224 का ठहराव अब जल्द ही नालंदा के हरनौत में भी होगा। इसकी जानकारी भारत सरकार के रेल वोर्ड के संयुक्त निदेशक विवेक कुमार सिन्हा ने दिया है। हालांकि, कब से हरनौत में ट्रेन का ठहराव होगा इसकी तिथि अभी तय नहीं हुई है। साथ ही कितना देर हरनौत में ठहराव होगा, इसका भी निर्धारण होना भी बाकी है। इन सबके बीच रेल बोर्ड के इस फैसले से जिले की एक बड़ी आबादी को काफी राहत मिलेगी। भगवान काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस जाने में सहूलियत होगी। राजगीर से चलकर बारानसी को जाने वाली बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस प्रतिदिन अपने निर्धारित समय रात 9 बजकर 35 मिनट पर राजगीर से खुलती है। बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, सासाराम, भभुआ होते हुए दिनदयाल उपाध्याय जंक्शन वारानसी सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर पहुंचती है। जबकि, बारनसी से हर दिन शाम 8 बजकर 30 मिनट पर खुलती है। गया,पटना होते हुए राजगीर सुबह 5 बजकर 05 मिनट पर पहुंचती है।



### लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, पीड़ितों ने FIR के लिए दिया आवेदन

**नालंदा।** नालंदा जिले में भोले-भाले हजारों लोगों से व्यवसाय और अन्य कामों के लिए बैंक से लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी का बड़ा खुलासा हुआ है। प्रोसेसिंग फी के नाम पर आवेदकों से तीन-तीन हजार रुपए लिए गए हैं। ठगी के शिकार हुए सैकड़ों लोग सोमवार को दीपनगर थाना पहुंच कार्रवाई के लिए आवेदन दिया। आवेदकों की मानें तो हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी की गयी है। काफी देर तक थाने के आगे हो-हल्ला मचाते हुए लोगों ने रुपये वापस दिलाने की मांग की। एफआईआर के बाद दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और वापस अपने घर गए। थानाध्यक्ष नारदमुनि सिंह ने बताया कि ठगी का आरोप लगाते हुए निजी कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। मामले की छानबीन की शुरू कर दी गयी है। नगरनौसा प्रखंड के गढ़ियापर गांव की उर्मिला देवी, रेणु देवी, कुसुम देवी, फुलवा देवी, फुला देवी, संजू देवी, झुन्नी देवी, कविता देवी, उषा देवी, हरनौत के कल्याणबिगहा की प्रियंका कुमारी, सूरज कुमारी, रेखा देवी, विनीता देवी, सुधा देवी व अन्य ने बताया कि दीपनगर में ही फाइनेंस कंपनी का निजी भवन में कार्यालय था, वहां कुछ लोग खुद को अधिकारी बताते हुए बैंकों में खाता खुलवाकर लोन दिलाने के नाम पर ठगी का कारोबार करते थे। हजारों लोगों से तीन-तीन हजार रुपए लेकर खाता खोले जाने के बाद 70-70 हजार रुपए लोन दिलाने का झांसा दिया था। तीन हजार रुपए जमा करा उसके एवज में रसीद दिए गए थे। महीनों बीत जाने के बाद भी लोन नहीं दिया गया। कुछ दिन पहले कंपनी बोड़िया बिस्तर समेटकर भाग गया है। सिलाव प्रखंड के 13, चंडी प्रखंड के हनुमानगढ़-खरजम्मा गांव के 12, रहुई प्रखंड के गैबी गांव के 11, हिलसा प्रखंड के सरिस्ताबद गांव के 10, लाइनपर गांव के 11, अस्थावां प्रखंड के महम्मदपुर गांव के सात, नगरनौसा प्रखंड के गढ़ियापर गांव के 12, हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा के 40, परवलपुर प्रखंड के सिनावां गांव के 10, फतेहपुर गांव के 10, राजगीर प्रखंड के छबिलापुर गांव के 10 समेत कई अन्य गांवों के लोगों से ठगी की गयी है। लोगों ने कार्रवाई कर पैसे वापस कराने की मांग की है।

● JDU राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा- परिवारवाद को करारा झटका लगा ● नीतीश ने सत्ता पर नहीं होने दिया कब्जा

# लोकतंत्र बनाम परिवारवाद में लोकतंत्र की हुई जीत

निज संवाददाता। नालंदा




बिहार विधानसभा में सोमवार को हुए विश्वासमत में NDA की जीत को जनता की जीत बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजीव रंजन ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विश्वासमत जीत कर NDA ने परिवारवादियों को करारा झटका दिया है। एक बार फिर यह साबित हो गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते हुए परिवारवादी ताकतों का बिहार की सत्ता पर कब्जा जमाने का सपना कभी पूरा नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह लड़ाई दो दलों की नहीं बल्कि लोकतंत्र बनाम परिवारवाद की है। इसमें एक तरफ जहां जनता के बीच से उठे नेता हैं तो दूसरी तरफ खानदान के आशीर्वाद से नेतागिरी करने वाले लोग, एनडीए के नेता जहां बिहार को आगे बढ़ाना चाहते हैं, वहीं राजद-कांग्रेस का पूरा ध्यान लालू परिवार को फायदा पहुँचाने पर है। एनडीए का फोकस जहां बिहार के लोगों को समृद्ध करने पर है वहीं राजद-कांग्रेस का ध्यान लालू परिवार और अपने नेताओं की संपत्ति और समृद्धि बढ़ाने पर, लेकिन बिहार ने सत्ता को अपने परिवार की जागीर समझने वालों को कल आइना दिखा दिया है। लोकतंत्र बनाम परिवारवाद की इस लड़ाई में लोकतंत्र की जीत हुई और साबित हो गया कि बिहार में विकास चलेगा परिवार नहीं। जदयू प्रवक्ता ने राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि राजद ने यह साबित कर दिया है कि उन्हें चाहे लाख मौके मिले लेकिन जनता की गाढ़ी कमाई लूट कर अपना खजाना भरने की उनकी फितरत में कोई बदलाव नहीं आने वाला इस बार भी उन्होंने यही किया।

उनके हिस्से मिले सारे मंत्रालयों में हो रहे भ्रष्टाचार की बातें सामने आने लगी थी। नौकरी के बदले जमीन लिखवाने वाले इन लोगों के कारण ही शिक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी के जरिये करवाई गयी। इसकी खुन्नस में यह लोग जदयू के नेताओं को खरीदने के मिशन में लग चुके थे। इनकी योजना जदयू के विधायकों को खरीद कर खुद सत्ता पर काबिज हो जाने की थी। लेकिन जदयू के नेताओं ने इनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

**राजद के साथ खुद खेला हो गयाः** चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि खेला करने का दावा करने वाले राजद के साथ खुद खेला हो गया। जदयू को तोड़ने के चक्कर में खुद उनके तीन विधायक टूट गये। यह दिखाता है कि इनके नेताओं में अंदर ही अंदर कितना आक्रोश भरा हुआ है। वास्तव में यदि कल गुप्त मतदान हुआ होता एनडीए के पक्ष में इनके आधे से अधिक विधायकों ने वोट डाला होता। बहरहाल राजद-कांग्रेस जैसे परिवारवादियों को यह समझ में आ गया है कि बिहार अब दुबारा लालटेन युग में नहीं जाने वाला। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो. अरशद, बिहारशरीफ नगर जिला अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय कु देव, विनोद कुमार सिंह, अरविंद कुमार, सुधीर कुमार, अजय चंद्रवंशी, जनार्दन पंडित, विजय कुमार सिंह, प्रो प्रविन्द्र मेराजुद्दीन, नवीन मांझी, आशीष चंद्रवंशी, सुरेंद्र पासवान आदि मौजूद रहे।

## 50 हजार के इनामी अपराधी गिरफ्तार, दो सालों से था फरार

निज संवाददाता। गया



गया जिला पुलिस ने नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र के टॉप टेन अपराधियों की लिस्ट में शुमार एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इस अपराधी के ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इसके खिलाफ मोटर साइकिल छिनने से लेकर रंगदारी मांगने और मारपीट के कई मुकदमे दर्ज थे। पुलिस लगातार काफी कोशिश कर रही थी लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पा रही थी। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि आमस थाना क्षेत्र के बैताल गांव के रहने वाले अजित कुमार की तलाश लंबे समय से पुलिस कर रही थी। वह लगातार फरार चल रहा था। उसने आमस थाना क्षेत्र में काम करने वाली एक कंस्ट्रक्शन कम्पनी के मुंशी और लेबर के साथ मारपीट कर न केवल मोबाइल फोन छीन लिए थे बल्कि 1 लाख रुपए की रंगदारी की भी मांग की थी। यह घटना 2022 की है। इस मामले में कंस्ट्रक्शन कम्पनी की ओर से केस दर्ज कराया गया था। केस दर्ज कराए जाने के बाद से अजित कुमार लगातार फरार चल रहा था। उसके 8 साथी संबंधित केस में पकड़े जा चुके थे लेकिन अजित काफी प्रयास के बाद भी गिरफ्तार नहीं हो पा रहा था। इस पर उसकी गिरफ्तारी के लिए एक एसपी सिटी प्रेरणा कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। साथ ही एसटीएफ टीम को भी शामिल किया गया। इस बीच पुलिस को पारंपरिक और तकनीकी मदद से सूचना मिली कि अजित इन दिनों अपने घर पर आया हुआ है। इस पर पुलिस ने बैताल गांव की घेराबन्दी की तो अजित पुलिस को देख कर भागने लगा। लेकिन पुलिस बल ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने सारे अपराध कबूल कर लिए और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## यूट्यूब पर गाना सुना, कहा-आओ कॉन्ट्रेक्ट साइन करेंगे, किडनैपिंग, नाबालिग को पुलिस ने छुड़ाया

निज संवाददाता। गया



गया में 15 साल के यूट्यूबर को पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर लिया है। नाबालिग श्याम कुमार उर्फ प्रिंस का यूट्यूब पर मां राधे नाम से चैनल है। वो इस पर गाने डालता था। उसे उसके ही साथी ने अपने दोस्तों के साथ अगवा किया था। प्रिंस को बकायदा कॉल कर के बोला गया कि हम तुम्हारे गाने के फैन हैं। आओ तुम्हारे साथ कॉन्ट्रेक्ट साइन करते हैं। प्रिंस जैसे ही वहां गया अपराधियों ने उसका अपहरण कर लिया। परिवार से 40 लाख की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अगवा नाबालिग श्याम कुमार उर्फ प्रिंस को किडनैपर्स के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने 5 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। सभी नवादा के रहने वाले थे। प्रिंस यूट्यूब पर गाना गाता है। प्रिंस को रविवार की दोपहर गाना गाने के नाम पर संपर्क कर सभी अपराधियों ने बुलाया था। और फिर मूफ़स्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा मोड़ के पास से विश्वास में लेकर किडनैप कर लिया था। किडनैप करने के दौरान अपराधियों ने प्रिंस को नशे का इंजेक्शन भी दे दिया था। इससे वह बेहोश हो गया था। किडनैप करने के बाद अपराधियों ने प्रिंस के पिता रंजय सिंह को फोन कर 40 लाख की फिरौती मांगी थी। फिरौती की रकम नहीं देने पर न केवल प्रिंस बल्कि उसकी बहन की भी हत्या कर देने की धमकी दी थी। इस धमकी से पूरा परिवार दहशत में था। पूरे परिवार ने आनन-फानन में बोधगया थाने की पुलिस और एसएसपी और आईजी से गुहार लगाई थी।

**मुंह बांधकर कार के डिक्की में रखा थाः** एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी, बोधगया एसडीपीओ और थानाध्यक्ष बोधगया की एक टीम बनाई और उस टीम में एसटीएफ को भी शामिल किया। पुलिस ने अपराधियों का लगातार पीछा करते हुए बिहारशरीफ के खराटी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर अपहृत प्रिंस को छुड़ा लिया। प्रिंस को अपराधी एक कार की डिक्की में हाथ पैर बांधकर रखा था। मुंह पर कपड़ा बांध दिया था। उसके साथ मारपीट भी की गई थी।

**कैसे हुई किडनैपिंगः** बीते ढाई साल से मां राधे के नाम से यूट्यूब चैनल भी चलाता है और खुद गाना भी गाता है। प्रिंस बोधगया के नावां गांव का रहने वाला है। उसके पिता रंजय सिंह किसान हैं। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों में से एक अपराधी भी यूट्यूब चैनल चलाता है और वह भी गाना गाता है। दोनों की दोस्ती यूट्यूब चैनल के माध्यम से ही हुई थी। प्रिंस के घर पर भी एक दो बार पहले जाकर मिला था।

**प्रिंस 10वीं बोर्ड का एग्जाम देने वाला हैः** सोमवार को प्रिंस से संपर्क किया और कांट्रेक्ट पर गाना गाने का लालच दिया। इस पर प्रिंस भुसुंडा मोड़ के पास उनसे मिलने आ गया और वहां से अपराधियों प्रिंस को किडनैप कर लिया। प्रिंस 10वीं बोर्ड का एग्जाम देने वाला है। वह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटकर आने के बाद बार बार एसएसपी और अन्य पुलिस अफसरों के पैर छूकर आशीर्वाद ले रहा था। प्रिंस की आवाज भी अभी ठीक से नहीं निकल रही है। वह अब भी दहशत में है। उसने गया पुलिस के लिए गाना तैयार कर यूट्यूब पर डालने की बात एसएसपी से कही है। पकड़े जाने वालों में संजीव कुमार, विकास कुमार, सुदीप कुमार विकास कुमार और चंदन कुमार हैं। सभी नवादा के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसएसपी ने मामले का खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत करने की बात कही है।

# बिहार पुलिस जवान के घर लाखों की चोरी

### मार्च में जवान की है शादी, 3 लाख नगदी समेत 7 लाख के आभूषण ले उड़े चोर

निज संवाददाता। गया






गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करजरा पंचायत के ईंटवां गांव में देर रात नंदलाल यादव के घर में भीषण चोरी का मामला सामने आया है। घर से तीन लाख रुपए नकद व सात लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण की चोरी हुई है। पंचायत मुखिया राजकुमार शर्मा ने बताया कि सभी घर वालों को सो जाने के बाद चोर बाहर रखे ड्राम पर चढ़कर बाथरुम के छत के सहारे छत से होते हुए अंदर चला गया। जिन कमरे में घर के सदस्य सभी सदस्य सो रहे थे उन्हें बाहर से बंद कर दिया गया। रुपए एवं सोने-चांदी के आभूषण जहां रखे थे उस कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए तथा बक्सों को खंगालना शुरू कर दिया और सभी सामान चुराकर ले उड़े। रात लगभग 12 बजे के क़रीब नंदलाल यादव जाग गए तो उन्हें चोरी होने का अहसास हुआ, वह शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसे सुनकर चोर दो बक्सा लेकर भाग गए। पीड़ित गृहस्वामी नंदलाल यादव के अनुसार उनके बेटे की अगले माह 11 मार्च को शादी होने वाली है और उनका बेटे बिहार पुलिस में कार्यरत है। शादी की तैयारी के लिए नकद रुपए-पैसे एवं सामानों की खरीद की गई थी। उसी कमरे में नंदलाल यादव की पत्नी, बेटी तथा बहू के सोने-चांदी का आभूषण भी रखा था। जिसकी कीमत लगभग सात लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है,तथा तीन लाख रुपए नकद की चोरी भी हुई है। वजीरगंज थाना के थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार वर्मा ने कहा पीड़ित द्वारा चोरी की शिकायत मिलते हीं हमलोग मौके पर पहुंचे। मामले चोरों के पहचान के लिए कार्रवाई की जा रही है। एवं चोरी के इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है, जल्द हीं मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## 7 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार लंबे समय से कर रहा था कारोबार

निज संवाददाता। गया




गया। अपराध नियंत्रण और लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही पुलिस की गतिविधियां तेज हो गईं है। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को 7 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के समीरतकिया का रहने वाला है। वह लंबे समय से इस कारोबार में जुटा था। पुलिस पकड़े गए गांजा के धंधेबाज के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुट गई है। एसएपी आशीष भारती ने बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि समीर तकिया का रहने वाला बबलू कुमार गांजे का कारोबार करता है। इस पर पुलिस ने छानबीन कर सूचना एकत्रित की और सोमवार की देर शाम गांजा का कारोबार करने वाले बबलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। यही नहीं उसके कब्जे से पुलिस ने 7 किलो 900 ग्राम गांजा भी बरामद कर लिया। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ चल रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी लंबे समय से इस धंधे में जुटा था। यही नहीं वह शहर के विभिन्न इलाकों में अपने माल की डिलीवरी के लिए लड़के भी रख रखे थे। इसके लड़के ही विभिन्न जगहों पर गांजे की डिलीवरी किया करते थे। इस बात की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

# कृषि योजनाओं के लाभ देने के नाम पर ठगी, युवक गिरफ्तार

### 6.5 लाख नगद, देसी कट्टा के साथ कारतूस बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की साइबर थाना की पुलिस ने कृषि योजनाओं का प्रलोभन देकर किसानों से ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार साइबर अपराधी कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कतरीडीह निवासी भूषण सिंह का पुत्र शशिकांत कुमार है। जिसे साइबर पुलिस ने नवादा जिला के टाउन थाना क्षेत्र के गोनावा गांव से गिरफ्तार की है। साइबर डीएसपी ज्योति शंकर ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मामले की जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि 26 अक्टूबर 2023 को साइबर थाना में कृषि योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी का मामला कुछ किसानों द्वारा दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिसके क्रम में पता चला कि कई और किसानों से कृषि लाभ दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। जिनके विरुद्ध नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की गई है। गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के क्रम में पता चला कि साइबर ठग नवादा जिले के गोनावा गांव में है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोनावा गांव स्थित एक अर्ध निर्मित मकान से साइबर ठग शशिकांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, उसके अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार साइबर ठग से आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। साइबर ठग के पास से 6 लाख 51 हजार नगद, 15 मोबाइल, कई बैंकों के डेबिट कार्ड और ठगी से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। साथ ही उसके घर की तलाशी लेने के क्रम में एक देसी कट्टा और 10 कारतूस भी बरामद हुआ। इस मामले में स्थानीय थाना में अलग से मामला दर्ज कराया गया है। साइबर ठग शशिकांत कुमार इसके पहले भी वर्ष 2012 में ठगी के मामले में जेल जा चुका है। वह पिछले 3 सालों से कृषि योजनाओं के लाभ देने के नाम पर ठगी कर रहा था।

# तीन दिन तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में सोमवार को बादल और सूरज के बीच लुका-छुपी का खेल चलता रहा तो वहीं मंगलवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। यह सिलसिला अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। मंगलवार को जहां मैक्सिमम तापमान 24 डिग्री तो वहीं मिनिमम तापमान 17 डिग्री रहने का अनुमान जताया गया है। बुधवार को मैक्सिमम तापमान 22 डिग्री तो मिनिमम 17 डिग्री, गुरुवार को मैक्सिमम 24 डिग्री तो मिनिमम 15 डिग्री तापमान रहने की उम्मीद है। मंगलवार,बुधवार और गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे तो वहीं ओलावृष्टि की भी संभावना व्यक्त की गई है। जबकि शुक्रवार से मौसम सामान्य होगा और तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा सकती है। शुक्रवार को जहां मैक्सिमम तापमान 25 डिग्री तो मिनिमम तापमान 14 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने नालंदा समेत बिहार के 14 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई है। वहीं, 10 जिलों में वज्रपात और मेघ गर्जन की संभावना व्यक्त की गई है। जबकि 14 जिलों में किसी प्रकार की चेतावनी नहीं दी गई है। हरनौत के कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि वे मौसम बारिश के साथ अगर ओलावृष्टि होती है तो गेहूं,अरहर पिछड़ा मसूर, चना आदि फसलों को नुकसान होगा। वहीं सब्जी की फसलों में भी सबसे ज्यादा नुकसान प्याज की फसल को होगा। वहीं आम,लीची और अमरूद के पेड़ पर लगे मंजर को भी नुकसान पहुंच सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दौलतपुर गांव में अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर थाना के दौलतपुर गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक घर पर कई राउंड फायरिंग कर दी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार दौलतपुर निवासी चंद्र किशोर सिंह अपने परिवार के साथ घर में थे। अचानक अपने घर पर गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। गोलियों के तड़तड़ाहट के बीच वे अपने पूरे परिवार के साथ छुपे रहे और घर से ही पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोईलवर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच की। पुलिस ने घटनास्थल से तीन सौ पंद्रह बोर के तीन खोखे बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता द्वारा कोईलवर थाने में अज्ञात के मामला दर्ज की सुचना है।

### विश्वास प्रस्ताव जीतने पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी

**आरा।** बिहार विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव जीतने पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त किया है। खुशी से गदगद जदयू नेताओं ने कहा है कि एनडीए सरकार राज्य में विकास का नया आयाम कायम करेगी। खुशी व्यक्त करने वालों में जदयू के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री श्रीभगवान कुशवाहा, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक रामाकांत ठाकुर, पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद, वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुशवाहा, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव भाई ब्रह्मेश्वर, प्रो. सत्यनारायण सिंह, अभय सिंह, पप्पू चौबे, प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी, राजीव रंजन श्रीवास्तव, सत्येन्द्र नारायण सिंह, जियाउल वारसी व राजू मेहता अन्य लोग है। फ्लोर टेस्ट के बाद भाजपाईयों में खुशी का माहौल है। भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह और भाजपा नेता रामदिनेश यादव को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वाले एचएम-शिक्षक होंगे निलंबित

**आरा।** आरा सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वाले शिक्षकों को निलंबित करने के लिए नियोजन इकाई को शिक्षा विभाग ने पत्र लिखा है। शिक्षा विभाग ने यह कठोर कदम बिहार सरकार शिक्षा विभाग माध्यमिक के निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव के पत्राचार पर किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि 5 फरवरी को सक्षमता परीक्षा का बहिष्कार प्रखंड स्तर पर एवं जिला स्तर पर कई शिक्षकों ने किया था। इस प्रकरण में 35 शिक्षकों/ प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण का जवाब देना था। लेकिन कई शिक्षकों/ प्रधानाध्यापकों ने स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया। 13 फरवरी को विधानसभा का घेराव करने की रणनीति शिक्षकों द्वारा बनाई जा रही है। इस कार्य के लिए अन्य शिक्षकों को भी उकसाया जा रहा है। विद्यालय छोड़कर इस प्रकार के धरना प्रदर्शन में शामिल होने से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षकों के इस करतूत से शिक्षण कार्य काफी प्रभावित हुआ है। अन्य शिक्षकों को भी प्रदर्शन के लिए उकसाया जा रहा है जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। वैसे शिक्षकों/ प्रधानाध्यापकों को निलंबित करने के लिए नियोजन इकाई को अनुशंसा की गई है। मशाल जुलूस में शामिल शिक्षकों का वेतन बंद आरा। मशाल जुलूस निकालने वाले शिक्षकों का वेतन बंद किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि शिक्षा विभाग, पटना ने मशाल जुलूस निकालने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। बिहार शिक्षक एकता मंच एवं शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कई शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकाला है। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की है। प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से मांगा गया था स्पष्टीकरण प्रधानाध्यापक कृष्ण सिंह विमल, सत्येंद्र सिंह और देव कुमार सिंह, शिक्षक धर्म कुमार राम, केदारनाथ सिंह, अरविंद कुमार, दुर्गावती राय, मीरा सिंह, रतना कुमारी, पूनम कुमारी मनोज कुमार गुप्ता, उमाशंकर प्रसाद, शुभदायल राम, योगेंद्र सिंह, योगेश्वर गोप, जयप्रकाश ठाकुर, गंगा प्रसाद, चंदा कुमारी, किंग अभिषेक, कमलेश कुमार, मनीष कुमार, नारदमुनी साह, धनंजय कुमार, सोनामती कुमारी, राकेश आदि से स्पष्टीकरण मांगा है।

### चुनाव को लेकर गठित कोषांगों के कार्यों की समीक्षा को लेकर आज होगी बैठक

**आरा।** लोक चुनाव की सभी तरह की तैयारी को ससमय पूरा करने के लिए प्रशासन तेजी से जुटा है। चुनाव को लेकर गठित कोषांगों के कार्यों की समीक्षा को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम राजकुमार ने आगामी 13 फरवरी को संबंधित अफसरों की बैठक आयोजित की है। बैठक में भाग लेने के लिए संबंधित अफसरों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है। पूर्व में बैठक की तिथि 15 फरवरी निर्धारित थी। लेकिन अब बैठक 13 फरवरी को होगी।

### परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों की हो भागीदारी

**आरा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर ने पत्र जारी करते हुए सही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रधानाचार्य प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालय सभी शिक्षक संगठन एवं अभिभावकों से अनुरोध किए हैं कि बिहार मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा आयोजित होने वाली टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेज 2023 में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई है। विदित हो कि निदेशक, प्राथमिक शिक्षा बिहार सरकार पटना के पत्रांक 296 दिनांक 07/02/2024 के आलोक में सभी जिला पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को अनुरोध किया गया है कि बिहार मैथमेटिकल सोसायटी एवं शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित होने वाली टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंस 2023 की प्रतियोगिता परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी करना सुनिश्चित करेंगे। इन्होंने सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय यथा क्षेत्रीय सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बिहार, उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन बिहार, उपायुक्त जवाहर नवोदय विद्यालय बिहार जोन, क्षत्रिय सचिव ,डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार जोन पत्र प्रेषित कर इस प्रतियोगिता परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी करने हेतु आग्रह किया गया है।

### 2 पीडीएस दुकानदारों को 2-2 साल की सजा, बक्सर कोर्ट ने 15 की गवाही के बाद सुनाया फैसला




**बक्सर।** बक्सर न्यायालय द्वारा दो पीडीएस दुकानदारों को अनाज की कालाबाजारी करने के आरोप में सजा सुनाया गया है। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह देऊ द्वारा दोनों दुकानदारों को दो साल की सजा के साथ 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि 15 गवाहों को सुनने के बाद कोर्ट नतीजे पर पहुंची है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविन्द कुमार चौबे ने बताया कि सिकरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत विक्रम इंग्लिश डेरा के रामनरेश चौधरी के पुत्र राजेश चौधरी एवं सतुहरी के देवनारायण पंडित के पुत्र रामसागर पंडित पर जन वितरण प्रणाली के दुकान की राशन को कालाबाजारी करने का आरोप था। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई 2022 को दोनों अभियुक्त के खिलाफ सिकरौल मुखिया द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर सतुहरी ग्राम में 10 बजे रात्रि में सरकारी राशन गेहूं-चावल की कालाबाजारी किया जा रहा था। तब तक सूचना पर सिकरौल थाना द्वारा सतुहरी गांव के मध्य विद्यालय के पास ट्रैक्टर पर सरकारी राशन को आते देख रोका गया। तभी अभियुक्त पुलिस गाड़ी देखकर भागने लगा पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी एवं उस पर लदे राशन को सिकरौल थाना पर ले गए। इसके बाद अभियुक्त को विरुद्ध सिकरौल थाना में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जया कुमारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिसके बाद यह मामला कोर्ट के संज्ञान में आया जिसपर डेढ़ साल तक सुनवाई चला। पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्य और 15 गवाहों की गवाही के बाद सोमवार को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह देऊ द्वारा सजा सुनाया गया।

# माले विधायक मनोज मंजिल समेत 23 को उम्रकैद

निज संवाददाता। आरा



**भोजपुर में 2015 में पीट-पीटकर की थी हत्या**

भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा के माले विधायक मनोज मंजिल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। उनके साथ 22 और लोगों को ये सजा सुनाई गई है। 2015 में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या हुई थी। विधायक समेत 24 लोगों को आरोपी बनाया गया था। फैसले के बाद मनोज मंजिल की विधायकी चली गई है। इस मामले में एडीजे कोर्ट ने सभी को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है। विधायक पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा सुनाने के साथ ही पुलिस ने विधायक समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने माले विधायक समेत 23 लोगों को सजा सुनाई गई है। इसमें 302/149 में आजीवन कारावास और दस हजार रुपए का जुर्माना, 364 में 3 साल सजा और दस हजार रुपए, 301 में तीन साल की सजा और 5 हजार का जुर्माना की सजा सुनाया गया है।

**माले नेता की हत्या के प्रतिशोध में मर्डरः** पूरा मामला साल 20 अगस्त 2015 का है। माले नेता सतीश यादव की हत्या के प्रतिशोध में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी जयप्रकाश सिंह की लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद शव को बड़गांव और नरियाडीह के बीच नहर में फेंक दिया था।

**24 पर FIR, एक आरोपी की मौत हो गई थीः** जयप्रकाश सिंह के बेटे चंदन कुमार ने विधायक समेत 24 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में एक आरोपी की मौत हो चुकी है। वहीं कोर्ट ने इस मामले को लेकर सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है।

**इस कानून के तहत जाएगी मनोज मंजिल की विधायकीः** रिप्रेजेंटेटिव्स ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 के सेक्शन 8 (3) के तहत किसी जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर उसकी संसद या विधानसभा की सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है। वहीं दो साल या इससे ज्यादा सजा होने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिया जाता है। यानी मनोज मंजिल अब चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे।

**किसानों की लड़ाई को कमजोर करने की कोशिशः** वहीं, कोर्ट से फैसला आने के बाद तरारी विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा कि राज्य में नई सरकार बनी है। किसानों की लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ऐसे केस में बॉडी बरामद हुआ। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट में भी जयप्रकाश सिंह के शव साबित नहीं हुआ। इसके बावजूद सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि NDA की सरकार बनते ही जनता की लड़ाई लड़ने वाले मनोज मंजिल समेत 23 लोगों को उम्र कैद की सजा हुई है।

# नो इंट्री में घुसे 28 ट्रक से 56000 की वसूली



निज संवाददाता। बक्सर

डुमरांव में नो इंट्री में अवैध रूप से घुसी ट्रकों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कुल 28 ट्रकों पर 56000 रुपए का जुर्माना लगाया है। साइबर सेनानी सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से एसडीपीओ को सूचना मिली थी कि डुमरांव शहर में नो इंट्री में ट्रक प्रवेश कर रही हैं। सुचना मिलने पर थाना को निर्देशित कर सभी ट्रक को पकड़ जुर्माना किया गया। बता दें कि साइबर सेनानी ग्रुप में एक सदस्य ने एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी को नौ बजे फोटो के माध्यम से सूचना दी कि नो इंट्री में कई ट्रक घुस गए हैं। सदस्य के संदेश पर जवाब देते हुए एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि थाने को निर्देशित करते हुए सभी ट्रकों को थाने पर खड़ा करा दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि नो इंट्री में घुसे 28 ट्रकों पर 56000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि नो इंट्री में घुसे अवैध ट्रकों के कारण लंबा जाम लग जाता था। वहीं इस बड़ी कार्रवाई के बाद ट्रक चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। नो इंट्री से निजात के लिए डुमरांव में 2020 में ही बाईपास की प्रस्तावना रखी गई। लेकिन चार वर्ष बीतने के बाद अबतक भूमि अधिग्रहण तक की प्रक्रिया पूरी नही हो सकी है। भूमि अधिग्रहण हेतु अधिसूचना जारी होने के साथ ही मार्च 2023 में अधिग्रहण के लिए 40 करोड़ 12 लाख की राशि उपलब्ध कराने के उपरांत भी धरातल पर काम आगे ना बढ़ना विभागीय कार्य पर बेपरवाही को दर्शाता है।

## सड़क हादसे में निजी क्लीनिक के संचालक की मौत

निज संवाददाता। भोजपुर



बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पर्वतपुर गांव के समीप सोमवार की देर रात बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार प्राइवेट अस्पताल संचालक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के दौरान पीरो अनुमंडलीय अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांट गांव वार्ड नंबर 15 निवासी चंद्रमा महतो का 35 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार है।

**प्राइवेट अस्पताल चलाता थाः** वह पेशे से प्राइवेट अस्पताल संचालक था एवं बिहिया में अपना प्राइवेट अस्पताल चलता था। इधर मृतक के चाचा डॉ.रामाअशीष ने बताया कि सोमवार की देर रात उनकी बेटी गुड़िया के देवर सोनू के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए पीरो थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव गए थे। सोमवार की देर रात जब वह तिलक समारोह में शामिल होने के बाद बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान पर्वतपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं सूचना पाकर परिजन पीरो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, दो पदों पर होगी बहाली, मिलेगी आकर्षक सैलरी

## नियोजनालय कार्यालय में कल लगेगा जॉब कैंप

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है । जिला मुख्यालय के प्रखंड कार्यालय में 13 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर,आरा में जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी नूर अहसन ने दी है । जॉब कैम्प में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा । जॉब कैम्प जिला नियोजनालय के तरफ से लगाया जा रहा है । इस कैम्प में निजी क्षेत्र की कंपनी Walkaroo इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार कैंपस में चयन करेगी। जॉब कैंप में भाग लेने वाले आवेदकों से अनुरोध किया गया है की वे NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर अवश्य निबंधित हो ले । कंपनी की ओर से आयोजित इस कैंप में सम्पूर्ण भोजपुर लिए बहाली की जाएगी ।

कैंपस चयन के बाद कंपनी द्वारा इस कैम्प में 18 वर्ष से 34 वर्ष तक के महिला एवं पुरुष बेराजगारों को जूनियर ऑपरेटर एवं ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए कुल 30 होनहार युवाओं को रोजगार मिलेगा । इसमें भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र,पासपोर्ट साइज का फोटो,बायोडाटा (रिज्यूम) और सभी पत्र की मूल कॉपी जरूरी है । जो अभ्यर्थी अब तक नियोजनालय में निबंधित नही हो पाए है वे नेशनल करियर सर्विस पोर्टल www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन अपना निबंधन करा सकते है ।

**कम्पनी विवरणी निम्न प्रकार हैंः-**

- **कम्पनी का नाम** :—Walkaroo International Pvt.Ltd,Tamil Nadu
- **कुल रिक्तियांः**-- 30
- **पद** :-- Junior Oprerator/Trainee Operator
- **नोटः—नियुक्ति के पश्चात ईएसआई पीएफ और रहने खाने की सुविधा निशुल्क दी जाएगी**

## यूपी से बिहार आ रहा युवक रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार, पुलिस के रोकने पर वापस भागा

निज संवाददाता। बक्सर

नैनीजोर थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा वाहन जांच के क्रम में एक युवक को रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार किया गया है। युवक उत्तर प्रदेश से पीपा पुल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर रहा था। उसी दौरान पुलिस ने युवक को रोक कर तलाशी ली। इसी क्रम में युवक के पास से एक रिवॉल्वर बरामद किया है। युवक से जब हथियार के बारे में पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को कोई जवाब नहीं दिया। फिलहाल पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। आशंका जताया जा रहा है की कोई युवक आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में था। युवक की पहचान भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के गौरा गांव के निवासी विवेक कुमार ओझा के रूप में हुई है।

बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था युवकः घटना के बारे में जानकारी देते हुए नैनीजोर थाना प्रभारी फिरोज आलम ने कि पीपा पुल के पास बिहार घाट पर वाहन जांच किया जा रहा था। इसके साथ ही अपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यूपी से बिहार और बिहार से यूपी जाने वाले लोगों की समानों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक यूपी से बिहार की सीमा में पैदल प्रवेश कर रहा था। तभी पुलिस ने शक के आधार पर को युवक रुकने का इशारा किया तो युवक वापस यूपी की तरफ मुड़ कर भागने लगा। परंतु वहा मौजूद पुलिस के जवानों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया, फिर उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक रिवॉल्वर बरामद किया गया। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है।

## अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुए सड़क हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पहली घटना आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप ट्रक और बोलेरो की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो में सवार युवक की मौत हो गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई—निविदा नोटिस सं०—डी. डी. यू / ईएल / ग०श० / ई० — निविदा / 23—24 / 24, दिनांक : 12.02.2024**
मंडल रेल प्रबन्धक / विद्युत / ग०श० / डी. डी. यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन ( ई — निविदा ) आमंत्रित की जाती हैं । **क्र.सं. 01 कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम** : 01 सं० डी.डी.यू / ईएल / जी / पी / 23—24 / 16, **विषय** — डीडीयू / मंडल के अन्तर्गत डीडीयू मंडल में कन्डमनेशन के विरुद्ध ११ / ०.४१५ के०वी० वितरण ट्रांसफारमर के द्वारा अच्छी पावर सप्लाई की बढोतरी की व्यवस्था करने के संबध में । **कार्य करने की कुल लागत** : रु0 5073889.86, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 08.03.2024, 15:00 बजे. ई—निविदा वेबसाईट का विवरण : **www.ireps.gov.in**
**क्र.सं. 02 कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम** : सं.डी.डी.यू / ईएल / जी / डी / 23—24 / 01 **आर,** डीडीयू / मंडल के अन्तर्गत डीडीयू स्टेशन यार्ड में मौजूदा पुराने एफओबी (एफओबी—1 ) को तोड़ने में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में । **कार्य करने की कुल लागत** : रु0, 11,37,409.04, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 08.03. 2024, 15:00 बजे. ई—निविदा वेबसाईट का विवरण : **www.ireps.gov.in**
सहायक मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/02284/डीडीयू/इजीइएन/टी/23—24/44

**पूर्व मध्य रेल**

**गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव**

गाड़ी संख्या 12311/12312 का **अनुग्रह नारायण रोड** स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर ठहराव निम्नानुसार दिया जा रहा है।

| क्रम सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से—कहाँ तक | स्टेशन | समय आगमन | समय प्रस्थान | लागू होने की तिथि | यात्रा प्रारंभ की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12311 | हावड़ा—कालका नेताजी एक्सप्रेस | अनुग्रह नारायण रोड | 05:58 | 06:00 | 14.02.24 | 13.02.24 |
| | 12312 | कालका—हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस | | 22:40 | 22:42 | 14.02.24 | 13.02.24 |

विस्तृत जानकारी के लिए– www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP

पीआर/02288/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/23–24/45 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे, हाजीपुर

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से [**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के न्यायक्षेत्र के लिए] ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **एनआईटी संख्या: 309_2023-24, दिनांक: 09.02.2024। कार्य का विवरण:** बीडीसी जीएल-7 से जीएल-11 (एमवाईडी 1 से 5) पर विद्युतीकरण के सम्बन्ध में पी.वे कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹15,23,753.14। **बयाना राशि:** ₹ 30,500। **पूरा करने की अवधि:** 04 (चार) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **एनआईटी संख्या: 310 _2023-24, दिनांक: 09.02.2024। कार्य का विवरण:** आरपीएफ पोस्ट बीईएसवाई एवं लिलुआ के 75 शय्या वाले आरपीएफ बैरक के लिए पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण बैरक आवास की बदली। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,90,46,579.77। **बयाना राशि:** ₹ 2,45,200। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 28.02.2024 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) तथा जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-491/2023-24)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा: क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 314_2023-24, दिनांक: 12.02.2024। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/बीडब्ल्यूएन के अधीन पुल संख्या: 207, 214, 219 और 224 तथा सहायक अभियंता/डीकेएई के अधीन पुल संख्या 83, 84, 87 एवं 90 के लिए आरसीसी जैकेटिंग प्रदान करना एवं अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,32,57,318.61। **बयाना राशि:** ₹ 2,66,300। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 315_2023-24, दिनांक: 12.02.2024। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल-निम्नलिखित लोकेशनों में वरिष्ठ डीईएन/I I / एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन सहायक अभियंता/डीकेएई के अधीन सेस मरम्मत कार्य (बीएलवाई-एसकेजी तृतीय लाइन 10.000-10.500=0.500 किमी. अप एचबीसी 10.000-10.050=0.050 किमी. डीडीजे-डीकेएई अप सीसीआर-9.590-9.755=0.165 किमी., 9.790-10.230=0.440 किमी. डाउन सीसीआर 9.327-9.360=0.033 किमी., 9.403-9.420= 0.017 किमी., 9.440-9.495=0.055 किमी., 9.570-9.630=0.060 किमी., 9.680-9.720=0.040 किमी., 9.820-9.870=0.050 किमी., 9.900-10.240=0.340 किमी. आरसीडी-बीटीएनजी एसएल लाइन 11.850-11.900=0.050 किमी., 11.995-12.230=0.235 किमी., 12.520-12.820= 0.300 किमी. बीएलवाई-एसकेजी तृतीय लाइन 47.100-48.200=1.100 किमी., 53.550-53.700=0.150 किमी.। **अनुमानित लागत:** ₹ 67,12,464.47। **बयाना राशि:** ₹ 1,34,300। **पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/ हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 06.03.2024 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वे बसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-492/2023-24)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बाइक पर सवार होकर लखनऊ के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे अब्दुल सलाम

# बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर की एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव की हत्या



निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के तुरकान्हा पुल के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव को गोली मार दी, जिसे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। जख्मी अवस्था उन्हें तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना सोमवार रात 10 बजे की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई है। साथ ही शव के पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बनकट तकिया गांव निवासी मो. हारून अहमद के पुत्र अब्दुल सलाम(55) उर्फ असलम मुखिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वो अपने करीबी फैसल इमाम मुन्ना के साथ बाइक पर सवार होकर थावे जंक्शन पर लखनऊ के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही वे नगर थाना क्षेत्र के तुरकान्हा पुल के पास पहुंचे की एक बाइक पर सवार दो की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर उन पर फायरिंग कर दी। जिसमें उनके पीठ में एक गोली लग गई, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे सदर एसडीपीओ प्रांजल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उनके निर्देश पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि DIU और SIT की टीम ने छापेमारी शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर किया जाएगा। फिलहाल दो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। बता दें की असलम मुखिया चौराव पंचायत के पूर्व मुखिया थे। वे एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव और सारण प्रभारी थे साथ ही गोपालगंज 101 विधानसभा के प्रत्याशी और गोपालगंज इस्लामिया मदरसा के सचिव भी थे। सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया की कई अहम सुराग मिले है एसआईटी का गठन किया गया है। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने तोहफा दिया। गोपालगंज में हमारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता अब्दुल सलाम की हत्या कर दी गई है... सीवान में भी दो महीने पहले हमारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की हत्या कर दी गई थी। ऐसा लग रहा है कि नीतीश कुमार के शासन में कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।

वहां राजद नहीं बल्कि भाजपा है लेकिन कानून एवं व्यवस्था का मुद्दा अभी भी जारी है। दुर्भाग्य से, सरकार द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है... जिम्मेदारी सरकार की है। परिवार से मिलने पहुंचे AIMIM के राष्ट्रीय प्रवक्ता आदिल हसन ने कहा कि हम लोग नीतीश जी से मांगते हैं कि कितना आदिल, असलम, अख्तर, इरफान, सरवर की लिस्ट चाहते हैं। बोल दें कि बिहार में AIMIM राजनीति नहीं करे। उन्होंने बताया कि गोपालगंज से हमारी पार्टी चुनाव लड़ने जा रही थी। असलम साहब सारण प्रमंडल के प्रभारी थे, प्रदेश सचिव थे। वहीं एसपी स्वर्ण प्रभात ने आज घटना स्थल का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी तक चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। एसआईटी और डीआईयू की टीम सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।जिस बाइक से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उस बाइक को भी बरामद किया गया है। आपसी रंजिश का मामला लग रहा है। फिलहाल सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

## शिक्षक को गोली मारकर हत्या

निज संवाददाता

**मधुबनी**। मधुबनी के लदनियां थाना क्षेत्र के हरही गांव के संतोषी माता मंदिर के पास एक शिक्षक की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। बतया जस रहा है कि घटना के समया वो स्कूल से घर की ओर आ रहे थे। मृतक की पहचान लदनियां थाना क्षेत्र के सिधापकला गांव के कचही टोला निवासी सिधपकला पंचायत के सरपंच लाल बिहारी यादव के पुत्र मोहन यादव (35) के रूप में हुई है। मृतक जयनगर थाना क्षेत्र स्थित परवा गांव के स्कूल मे शिक्षक के पद पर कार्यरत थें। गोली की आवाज सुनकर घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं घटनास्थल पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल शिक्षक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया। लेकिन तबतक शिक्षक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय लदनियां थाना को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक शिक्षक के परिजन मौके पर पहुंचे। वही घटना के बाद से इलाके में दहशत है। लदनिया थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से पॉस्को एक्ट के दो आरोपी समेत 19 गिरफ्तार



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी के निर्देश पर फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी एवं मद्य निषेध कानून को पूरी तरह लागू कराने के उद्देश्य से जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष समकालीन अभियान में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से पॉस्को एक्ट के दो आरोपी समेत 19 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापामारी कर कुल 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पॉस्को एक्ट के दो अभियुक्त शामिल हैं। वहीं पुलिस ने 28.25 लीटर देशी शराब, एक मोटरसाइकिल और दस मोबाइल जब्त की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना के रूप में 53 हजार 500 रूपए भी वसूले हैं।

## गुप्त सूचना के आधार पर पिस्टल और पांच कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**सहरसा**। सहरसा के सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। डीएसपी अजित कुमार ने कहा की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। इसमें सदर थाना क्षेत्र के सुपर बाजार स्थित रैक पॉइंट पर हथियार के बल पर किसी घटना को अंजाम देने की बात कही गई थी। इसके लिए एक व्यक्ति प्रेम कुमार नाम का हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार को पुलिस बल के साथ सुपर बाजार स्थित रैक पॉइंट भेजा गया। जहां पुलिस की गाड़ी देखते ही युवक प्रेम कुमार पिता दिनेश कुमार जो गंगजला का रहने वाला था, वह भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने दौड़ कर उसको पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया।

# 18 कार्टन शराब के साथ धनबाद के सात तस्कर गिरफ्तार, दो लग्जरी कार और एक पिकअप जब्त

निज संवाददाता



**जमुई**। झाझा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड के झरिया, धनबाद से लखीसराय लाई जा रही 18 कार्टन विदेशी शराब पकड़ी है। पुलिस ने इस दौरान दो लग्जरी कार और एक पिकअप को भी जब्त किया है। पुलिस ने इस दौरान 7 शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मुकेश कुमार महतो राजगंज धनबाद, हीरालाल सुंदर धनबाद, मोहमद्द इकबाल देवघर, शशि कुमार निषाद, झरिया धनबाद, अमर महतो धनबाद, कृष्ण कुमार यादव धनबाद और पवन कुमार महतो के रूप में हुई है। झाझा डीएसपी राजेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। झाझा डीएसपी राजेश कुमार ने कहा कि मंगलवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि झारखंड से बिहार भारी मात्रा में विदेशी शराब लाई जा रही है। तस्कर झाझा के रास्ते लखीसराय जा रहे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित की गई। थाना क्षेत्र के सती घाट के पास से एक सिल्वर रंग की कार आ रही थी। तस्कर पुलिस को देखते भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उसे बैरिकेडिंग कर पकड़ लिया। पुलिस ने एक और कार को पकड़ा है। पुलिस की कार्रवाई देखकर सभी कार मोड़कर भागने की कोशिश में थे। पुलिस ने सभी को खदेड़ कर पकड़ा। पुलिस ने इस दौरान तीन वाहन चालक सहित सात शराब तस्कर को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 5 मोबाइल फोन सहित 3 वाहनों से 18 कार्टन में रखे 432 बोटल विदेशी शराब बरामद की। गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि झरिया धनबाद से शराब लेकर लखीसराय जा रहे थे।

## दस साल से फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि.सं.)**। शेखपुरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करंडे थाना क्षेत्र के चेवाड़ा प्रखंड से फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। उकसी गांव में छापेमारी कर पुलिस टीम को सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव के निवासी मोती महतो और वीरेंद्र महतो के रूप में की गई है। थाना अध्यक्ष सह सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि पुलिस इन दोनों की तलाश साल 2014 कर रही थी। दरअसल शेखपुरा-सिकंदरा मुख्य रास्ते पर घटित सड़क हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इसके बाद जब जांच के लिए पुलिस टीम गई थी तो उनके ऊपर पथराव किया गया था। इसके बाद स्थानीय थाना में 11 नामजद अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। कोर्ट ने सभी की गिरफ्तारी करने का आदेश दिया था। इस मामले में बाकी 9 आरोपी अभी भी फरार चल रहे है।

# डीईसी, एल्बेंडाजोल समेत तीन दवा खाने से बच्चों की बिगड़ी तबीयत, मायागंज में 23 तो सदर अस्पताल में 21 बच्चा भर्ती

निज संवाददाता



**भागलपुर**। प्राथमिक विद्यालय सच्चिदानंदनगर में बीमार बच्चों के अचानक मायागंज और सदर अस्पताल पहुंचने से दोनों अस्पतालों में अफरातफरी मच गयी। डीईसी, एल्बेंडाजोल समेत तीन दवा एक साथ खाते बच्चों के पेट में मिचली और चक्कर आना शुरू हो गया। मायागंज में 23 और सदर अस्पताल में 21 बच्चे भर्ती किये गये। दोनों ही अस्पतालों में भर्ती बच्चे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हालांकि, इलाज के दौरान मायागंज के इमरजेंसी वार्डमें डॉक्टरों, नर्सों व अन्य स्टाफ को परिजनों की भीड़ के कारण काफी परेशानी हुई। इमरजेंसी वार्ड से बच्चों के अभिभावकों को बाहर निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों का पल्स रेट, बीपी की जांच की गयी। रिपोर्ट सही पाया गया। डॉक्टरों ने खाली पेट दवा खाने की आशंका व्यक्त की। डॉक्टरों ने बताया कि अल्बेंडाजॉल दवा खाने के बाद उल्टी व चक्कर आने की शिकायत होती है। थोड़ी देर में यह स्वतः ठीक हो जाता है। मायागंज अस्पताल में हाथ में वेसोफिक्स लगाकर स्लाइन चढ़ाते हुए देखा गया। हालांकि, वार्ड कर्मी ने थोड़ी देर बाद स्लाइन स्टैंड उपलब्ध कराया नर्स ने भी तत्परता दिखायी। इमरजेंसी वार्ड के बाहर बच्चों के अभिभावक बदहवास दिखे। इधर,डॉक्टरों ने बताया कि पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद ही बच्चों को घर भेजा जायेगा। बता दें कि बीते शनिवार को भी उर्दूबाजार स्थित हिंदी मध्य विद्यालय के बच्चों को भी दवा खिलाने के बाद यही स्थिति उत्पन्न गयी थी। सोमवार को बच्चों को घर भेजा गया।

# अलग-अलग जगहों पर हुई अगलगी में छह घर जले, 80 हजार कैश, आठ मवेशियों समेत घर में रखे सामान जले

निज संवाददाता



**पूर्णिया**। पूर्णिया में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई आगलगी में 6 घर जलकर खाक हो गए। आगलगी में 80 हजार कैश, 8 मवेशियों के अलावा घर में रखे सभी सामान आग की लपटों की चपेट में आ गए। इस भीषण आगलगी में 8 लाख से भी अधिक के नुकसान का अनुमान है। आगलगी की सूचना के फौरन बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची जिसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि जब तक आग की लपटें शांत हुई। सबकुछ जलकर खाक हो चुका था। आगलगी की पहली घटना जलालगढ़ थाना क्षेत्र के बोचगांव से सामने आई। यहां देखते ही देखते 4 घर आग की तेज लपटों की चपेट में आ गए। जिससे घर में मौजूद 8 मवेशियों की आग की लपटों में झुलसने से मौत हो गई। आग की लपटें अजीमुद्दीन के घर से उठती हुई दिखाई दी। इसके बाद आग की लपटों ने 4 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें 6 गाय, 2 बछड़ा, दो बकरी की झुलसने से मौत हो गई। परिवार वालों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।

शोर होने पर लोग मौके पर जुटे। जिसके बाद स्थानियों ने फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण आगलगी में करीब 7 लाख के नुकसान की बाय सामने आ रही है। वहीं अगलगी की दूसरी घटना भरगामा प्रखंड के रघुनाथपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या 8 से जुड़ी है। घर में लगाए गए अलाव की आग से भड़की चिंगारी ने देखते ही देखते 2 घरों को अपने चपेट में ले लिया। इस आगलगी में कुशो शर्मा के घर में रखे 80 हजार कैश, अनाज, फर्निचर, कपड़ा समेत कई दूसरी चीजें जलकर स्वाहा हो गई। वहीं स्थानियों ने कॉल कर आगलगी की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आगलगी पर काबू पाया।

## अवैध टिकट बनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जमुई (नि.सं.)**। जमुई के झाझा आरपीएफ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से रेलवे टिकट बनाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजीव रंजन कुमार 27 वर्ष पिता रंगीला साह, जमुई थाना क्षेत्र के निमारंग वार्ड नंबर 30 के रूप में हुई है। झाझा आफ पुलिस ने युवक के पास से एक स्मार्टफोन,सीपीयू सहित चार टिकट बरामद किए है।आरपीएफ पुलिस ने इस दौरान पहले से बने 2515.75 रुपए के दो टिकट भी जब्त किया है। झाझा आरपीएफ पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। झाझा रेलवे आरपीएफ के पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि जमुई जिले के नीमारंग वार्ड नंबर 30 के दुर्गा इलेक्ट्रिक शॉप में फर्जी तरीके से ऑनलाइन रेलवे टिकट बनाया जाता है। सूचना मिलने के बाद झाझा आरपीएफ इंस्पेक्टर निधि दिक्षित के नेतृत्व में एक रेल पुलिस टीम गठित कर जमुई के नीमारंग वार्ड नंबर 30 इलाके के दुर्गा इलेक्ट्रिक शॉप में छापेमारी की गई।

# अब उपभोक्ता को नहीं लाना पड़ेगा थैला, मोदी के फोटो वाले थैले में मिलेगा मुफ्त राशन

निज संवाददाता




**बेगूसराय**। राशन कार्डधारी को अब अपने डीलर के यहां से राशन लाने के लिए बैग की व्यवस्था करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बैग भी भारत सरकार ही दे रही है। इसके लिए 10 किलोग्राम क्षमता का बैग 29 फरवरी तक सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा दिया जाना है। उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के निर्देश के आलोक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के राशन कार्ड धारकों को भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10 किलो क्षमता का बैग दिया जाएगा। जिन्होंने फरवरी माह का राशन उठा कर लिया है, उन्हें मार्च में यह बैग उपलब्ध करवा दिया जाएगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सोमनाथ सिंह ने बताया कि बेगूसराय जिले में 5 लाख 76 हजार 557 राशनकार्ड लाभुकों को (पीएमजीकेवाय) के तहत 10 किलो क्षमता वाला कैरी बैग डीलर द्वारा दिया जाएगा। जिससे उन्हें राशन लेने और ले जाने में कोई परेशानी नहीं हो। बेगूसराय जिले के 5 लाख 76 हजार 557 राशनकार्ड से 26 लाख 11 हजार 336 लाभार्थियों जुड़े हुए हैं। प्रत्येक लाभार्थी को चार किलो चावल एवं एक किलो गेंहू दिया जा रहा है। जनवरी माह में जिले में 5 लाख 32 हजार 544 राशन कार्ड धारी ने राशन का उठाव किया है। हालांकि इन्हें प्रत्येक माह नहीं, सिर्फ एक बार ही यह थैला उपलब्ध करने का आदेश दिया गया है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा जल्द ही विभाग को फैला उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद जिले के सभी 1497 डीलरों के माध्यम से प्रधानमंत्री का फोटो छपा थैला वितरण किया जाएगा। बेगूसराय सदर प्रखंड में 87326, मटिहानी में 30375, बरौनी में 46768, वीरपुर में 18666, शाम्हो में 6085, बलिया में 35157, डंडारी में 16241, साहेबपुर कमाल में 37691, तेघरा में 39312, भगवानपुर में 28737, बछवाड़ा में 30675, मंसूरचक में 14842, चेरिया बरियारपुर में 29228, खोदाबंदपुर में 14970, छौड़ाही में 22542, बखरी में 30056, नावकोठी में 20634 एवं गढ़पुरा में 23239 राशन कार्ड धारी हैं।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

निज संवाददाता



**सीवान**। सीवान में के नौतन थाना क्षेत्र के गोसाई टोला में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से उसका आधार कार्ड मिला है. उसकी पहचान आशुतोष सिंह के रूप में किया गया है। वह गोपालगंज जिला के भोरे थाना क्षेत्र के सिसई गांव का निवासी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक के पास से जो पहचान पत्र मिला है। उससे परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजा गया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मृत्यु कैसे हुई है। जांच चल रही है, रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पक्का कहा जा सकता है। दरअसल गांव के कुछ लोगों ने सड़क किनारे शव को देख पुलिस को सूचना दी थी. मृतक के शरीर पर काफी चोट का निशान था। सिर से खून निकलने के साथ पैर भी टूटा हुआ था।

## 22 साल की नवविवाहिता का शव बरामद शक के आधार पर दो महिलाएं हिरासत में

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)**। बेतिया में एक नव विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। वहीं मृतका के मायके के लोगों ने वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव की बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। फिर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान गांव के निवासी उपेंद्र दास के 22 वर्षीय पत्नी चंदा देवी के रूप में की गई है। मृतका के गले पर काले धब्बे के निशान पाए गए है। मौत की पक्की जानकारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मालूम चलेगा. हालांकि शक के आधार पर दो महिलाओं को हिरासत में लिया गया है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट में सात लोग घायल, एक हायर सेंटर रेफर



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। झड़प में एक पक्ष से सात लोग घायल हो गए। घायलों में एक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में बबलू पंडित की 50 वर्षीय पत्नी राजो देवी, पुत्री मुस्कान कुमारी, दामाद भरत पंडित, संजीत कुमार, रंजीत कुमार और पिंकी कुमारी शामिल हैं। इनमें राजो देवी की हालत नाजुक होने के कारण पावापुरी रेफर किया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड के राम रायपुर गांव की है। घायलों के परिवार वालों ने कहा कि गांव के ही तारकेश्वर पंडित, जनार्दन पंडित, सुनील कुमार, विभा देवी सहित अन्य ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आपसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव उत्पन्न हुआ था। जो मारपीट में बदल गई। बीच-बचाव करने दामाद भरत पंडित आए, उसे भी बदमाशों ने बिजली के तार पर धकेल दिया। करंट से वे झुलस गए। नगर थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि घटना के बारे में सूचना नहीं मिली है। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## लाठी-डंडे और चाकू से हमला, एक की हालत गंभीर

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में प्रेम प्रसंग के प्रतिशोध में आग बबूला लोगों ने प्रेमी के रिश्तेदार पर लाठी-डंडे एवं चाकू से हमला कर दिया। वहीं से प्रेमी के बहन के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के साहेबपुर कमाल पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या-7 का है।

जहां के निवासी इहशाक अंसारी के बेटे मोहम्मद शहादत अंसारी को गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती शहादत अंसारी ने बताया कि सोमवार की रात अपने घर से निकल कर बच्चों के लिए बिस्किट खरीदने दुकान आया था। तभी आरोपियों ने लाठी-डंडे के साथ उस पर टूट पड़ा और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। आरोपियों ने आठ फायरिंग भी की है।

हाथ-पैर सहित शरीर पर कई जगह चाकू से हमला किया गया। स्थानीय लोगों की मदद से घरवालों ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर हालत देख आवश्यक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि मारपीट के दौरान एक महिला का कपड़े फाड़ दिया गया। उसने बताया कि उसके भाई के साथ एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों परदेश में है। इसी को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। जबकि लड़की स्वेच्छा से अपने प्रेमी के साथ रहना चाह रही है। फिलहाल साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस घटना स्थल पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि लड़का लड़की के विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट होने की सूचना मिली है, जांच किया जा रहा है आवेदन दिए जाने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### चुनाव आयोग का फैसला

अब यह स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा आधिकारिक रूप से किस गुट के हिस्से रहेगी, मगर प्रतिस्पर्धी समूहों के बीच राजनीतिक दांवपेच और खींचतान के समांतर यह सवाल भी उठा है कि किसी पार्टी पर अपना पक्ष बदलने वाले समूह का नियंत्रण हो या उस दल के बचे हुए मूल सदस्यों का। गौरतलब है कि अब शरद पवार गुट की पार्टी का नया नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) होगा और चुनाव आयोग ने इसकी मंजूरी दे दी है। हालांकि चुनाव आयोग ने लंबे विचार-विमर्श के बाद अपने फैसले में शरद पवार से अलग हुए अजित पवार और उनके गुट को ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी करार दिया था और उसका चुनाव चिह्न भी उसे ही सौंपा था। इसलिए माना जा सकता है कि आयोग के पास ऐसे निर्णय तक पहुंचने के अपने आधार होंगे। सवाल यह है कि जिन लोगों ने काफी मेहनत से कोई पार्टी खड़ी की होती है, उसे एक विचारधारात्मक पहचान दिया होता है, क्या उनके पक्ष की कोई अहमियत नहीं होती है? इस तरह के मामलों में चुनाव आयोग के फैसलों पर भी संबंधित गुट की ओर से अंगुली उठाई जाती है। दरअसल, कुछ समय पहले शिवसेना में बंटवारे के संदर्भ में भी चुनाव आयोग ने लगभग इसी तरह का फैसला दिया था, जिसमें एकनाथ शिंदे के गुट को असली शिवसेना करार दिया गया। इस पर उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगियों ने निराशा जताई थी। देश की राजनीति में दल-बदल एक आम चलन बन चुका है और लोकतंत्र में इसे अपने-अपने चुनाव के अधिकार के तौर पर देखा जाता है। हालांकि ऐसे मामलों में अक्सर सैद्धांतिक सवाल उठते रहते हैं, मगर शायद ही कभी इनका असर पड़ता है। बाद में संख्या बल या अन्य किसी तकनीकी आधार पर पार्टी से निकले समूह को ही वास्तविक दल घोषित कर दिया जाता है। फिर बाकी बचे हुए उन सदस्यों के सामने नए सिरे से राजनीतिक अस्तित्व हासिल करने की चुनौती होती है, जिन्होंने एक समय में पार्टी को खड़ा किया होता है। यह एक विचित्र विडंबना है, जिसमें चुनाव आयोग के एक फैसले के साथ ही विचारधारा और नेतृत्व की पहचान से भावनात्मक रूप से जुड़े जनसमूह के सामने कई बार द्वंद्व की स्थिति खड़ी हो जाती है।

### आरक्षण विमर्श

सर्वोच्च न्यायालय में आरक्षण पर फिर एक बार बहस छिड़ गई है, जिस पर सभी का ध्यान जाना स्वाभाविक है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने कहा कि भारतीय संविधान यह नहीं कहता कि हाशिये पर रहने वाले समूहों के लोग अक्षम हैं, जबकि अन्य समूहों के लोग सक्षम। पीठ ने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के लिए आरक्षण सुसंगत है। वाकई, उन्हें आरक्षण की बड़ी जरूरत है और इसे आने वाले अनेक दशकों तक बनाए रखने में ही समाज का व्यापक हित है, किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने जिस दिशा में इशारा किया है, वह भी महत्वपूर्ण है और उस पर कदम उठाना भले आसान न हो, पर विचार का क्रम अवश्य जारी रहना चाहिए। वैसे यह सवाल नया नहीं है कि क्या जिन लोगों को आरक्षण का भरपूर लाभ मिल चुका है, वे आरक्षण का लाभ छोड़ने के लिए तैयार होंगे? हालांकि, ऐसी किसी भी चर्चा को आगे बढ़ाते हुए ध्यान रखना होगा कि आरक्षण संबंधी कोई भी बिंदु अति संवेदनशील है और उस पर सहजता से कोई भी फैसला मुमकिन नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय में कुछ न्यायाधीशों ने जो टिप्पणियां की हैं, उन पर विशेष रूप से गौर करने की जरूरत है। एक न्यायमूर्ति ने पंजाब के महाधिवक्ता से पूछा कि क्या राज्य सरकार एससी/एसटी वर्ग के भीतर कुछ उन उपजातियों को आरक्षण के लाभ के दायरे से बाहर रखने के पक्ष मेंहै, जिन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है और बराबरी पर आ गई हैं? क्या ऐसे लोगों को आरक्षण की सुविधा से बाहर आकर सामान्य श्रेणी के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष नहीं करना चाहिए? उनकी जगह, जो लोग पिछड़ों में भी पिछड़े हैं, उन्हें आरक्षण मिलना चाहिए। एक अन्य न्यायमूर्ति ने भी संकेत किया कि एक विशेष पिछड़े वर्ग के भीतर, जब कुछ जातियां एक निश्चित स्थिति तक पहुंच जाती हैं और अगड़ी जातियों के बराबर हो जाती हैं, तो उन्हें आरक्षण के लाभ से बाहर निकल जाना चाहिए। आप इन टिप्पणियों को सलाह कहिए या विचार, इन पर अमल का काम तो संसद या सरकार को ही करना है। अदालतों की अपनी सीमा है, उन्हें कोई भी फैसला कानून के दायरे में ही देना है। भारत के प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने एक विषय तो छेड़ा है।

## आखिर ट्रूडो को परेशानी क्या है, महाशक्तियों से रिश्ते बिगाड़ चुका है उनका यह मिजाज

**(दीपक वोहरा)**

*आधुनिक इतिहास में पहली बार एक संपन्न, बड़े और कम आबादी वाले पश्चिमी देश के प्रधानमंत्री ने सबसे ताकतवर विकासशील देश से अपने रिश्ते को यह आरोप लगाकर खत्म कर दिया कि उसने, उसके सबसे प्रिय आतंकवादी, जो भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक था, की कनाडा की धरती पर हत्या कर दी।*

रामायण में भगवान राम के भरोसेमंद सखा हनुमान जी को अपनी महान शक्ति को भूलने का श्राप मिला है। भालुओं के राजा जामवंत उन्हें याद दिलाते हैं और बाकी की कहानी सब जानते हैं। इसमें संदेह नहीं कि शताब्दी के तीसरे दशक में भारत अच्छाई की शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसकी प्रतिष्ठा आसमान छू रही है। न केवल इसकी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है, बल्कि इसकी वैज्ञानिक क्षमता और नए डिजिटल भविष्य की दिशा में इसका नेतृत्व भी स्पष्ट है। विकासशील दुनिया भारत के नेतृत्व को स्वीकार करती है और उसका अनुकरण भी करना चाहती है। शक्तिहीन होती पाश्चात्य शक्तियां इससे भयभीत हैं। भारत की नीति हमेशा स्वतंत्र एवं स्वायत्त रही है। जाहिर है, खुद को ब्रह्मांड का मालिक मानने वाले देश हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। चूंकि अब कोई जामवंत नहीं है, नशे के आदी विदूषकों के राजा (ट्रूडो) ने, जो वैश्विक मंच पर जगह बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है, अपनी खुफिया सेवाओं को भारत के खिलाफ हास्यास्पद आरोप लगाने का फरमान जारी किया। सबसे पहले उसने यह बेतुका आरोप लगाया कि भारत ने उसके वफादार व्यक्ति की हत्या कर दी है। उसने दुनिया भर को इसके बारे में बताया। लेकिन जब उसका ज्यादा असर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी खुफिया सेवाओं को भारत पर कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप करने और उसकी लोकतांत्रिक संस्थानों को नष्ट करने की योजना बनाने के आरोप लगाने का आदेश दिया। कोई पूछ सकता है कि इसका सबूत क्या है? खैर, कनाडा में भारतीय प्रवासियों का एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो भारत-हितैषी उम्मीदवारों को वोट दे सकता है। वे भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक हैं और कनाडा के कानून के तहत ही उन्हें कनाडाई नागरिकता मिली है। लेकिन ट्रूडो विलाप करते हुए कहते हैं, 'हम कानून के राज में विश्वास करते हैं, लेकिन गैर-श्वेत कनाडाई लोगों ने अब तक कनाडाई झंडे को नहीं अपनाया है।' लेकिन ट्रूडो ने क्या कभी इसकी वजह सोची है? कनाडा भारतीय मूल के प्रवासियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है। हालांकि विदूषक ट्रूडो शेखी बघारते हैं कि वे लोकतांत्रिक और सबको समान अवसर देने वाले लोग हैं, पर वास्तविकता में वे नस्लवादी हैं। कनाडा एक छोटी शक्ति वाला बड़ा देश है, और उसे सम्मान व प्रशंसा पाने की प्रबल इच्छा है। इसलिए वह अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी नाक घुसेड़ता है, और विवेकशील लोग उसकी आंखों में खटकने लगते हैं। तमिल विद्रोह के दौरान कनाडा ने श्रीलंका पर मानवाधिकारों के उल्लंघनों के बारे में खूब शोर मचाया, जवाब में, श्रीलंका ने भी लिट्टे आतंकवादियों को शरण देने का उन पर आरोप लगाया। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों को कनाडा में सुरक्षित पनाहगाह मिल गई है और वह भारत के खिलाफ ट्रूडो की टिप्पणियों से हैरान नहीं हैं, क्योंकि अपमानजनक और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी आदत है। विदूषक ट्रूडो पाकिस्तान (खासकर बलूचिस्तान और खैबर क्षेत्र) में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में चुप हैं, क्योंकि प्रमुख कनाडाई कंपनियां वहां खनन में शामिल हैं। 1980 के दशक में एक कनाडाई खनन कंपनी बंद हो गई, जब यह साबित हुआ कि इंडोनेशिया में सोने के विशाल भंडार की खोज के बारे में उसने बेशर्मी से झूठ बोला था। अपने सहयोगियों के समर्थन के बिना कनाडा की सेना भूटान जितनी ही मजबूत है। उसने यूक्रेन से जिन हथियारों का वादा किया, वह अब तक बन भी नहीं पाए हैं। आधुनिक इतिहास में पहली बार एक संपन्न, बड़े और कम आबादी वाले पश्चिमी देश के प्रधानमंत्री ने सबसे ताकतवर विकासशील देश से अपने रिश्ते को यह आरोप लगाकर खत्म कर दिया कि उसने, उसके सबसे प्रिय आतंकवादी, जो भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक था, की कनाडा की धरती पर हत्या कर दी। उन्होंने इस घटना को वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बताया। लेकिन भारत ऐसा क्यों करना चाहेगा, उसे इससे क्या हासिल होगा? ट्रूडो इसका जवाब नहीं देंगे कि क्या वह व्यक्ति भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने और टेरर-फंडिंग में शामिल था, और क्या उसने कनाडा में असॉल्ट राइफल लहराते हुए अपने वीडियो पोस्ट किए थे? इसलिए भारत के विदेश मंत्री ने नवंबर, 2023 में लंदन में कहा कि कनाडा चाहता है कि हम उसकी धरती पर एक कनाडाई की हत्या की जांच में 'सहयोग' करें, लेकिन वह हमें यह भी बताने में असमर्थ है कि वह किस तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है। कनाडा की अहंकारी विदेश मंत्री, जिसने भारत को धमकी दी थी कि वह आतंकी की हत्या में भारत की संलिप्तता के बारे में अपने सहयोगियों से बात करेंगी, अब भारत की प्रतिक्रिया से हिल गई हैं और भारत से निजी तौर पर इस मसले पर बात करना चाहती हैं। तो अब आगे क्या होगा? मैं पिछले पचास वर्षों से कूटनीति में हूं। राष्ट्रों के बीच भरोसा कायम करने में दशकों लग जाते हैं। लेकिन रिश्ते खराब करने के लिए कुछ गलत बयान ही काफी होते हैं। भारत एक परिपक्व और शक्तिशाली लोकतंत्र है। विदेश नीति को लेकर विभिन्न दलों में यहां आम सहमति है। ट्रूडो ने कई प्रमुख शक्तियों के साथ अपने रिश्ते खराब किए हैं। उन्होंने पुतिन को बेवजह गालियां दीं, चीनी नेता ने कनाडाई मीडिया को उनकी गोपनीय चर्चाओं के बारे में जानकारी देने के लिए 2022 में बाली में सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और जब उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मजाक उड़ाया, तो अमेरिका भी नाराज हो गया था। जब एक अमेरिकी-कनाडाई आतंकवादी ने एयर इंडिया के विमानों को उड़ाने की धमकी दी, तो ट्रूडो ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। तो अगर कुछ अप्रिय हुआ, तो क्या इसे ट्रूडो के कानून के मुताबिक कार्रवाई की स्वतंत्रता माना जाए? भारत-कनाडा संबंधों को सुधारने में दशकों लगेंगे। कनाडा हमारी विदेश नीति के रडार पर बहुत नीचे है। ट्रूडो भारत पर रिश्ते तोड़ने का भी आरोप लगा सकते हैं, तो हम इसमें आखिर क्या कर सकते हैं! ओटावा एक समय वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों के लिए अच्छी पोस्टिंग थी। लेकिन फिलहाल वह भारतीय कूटनीतिज्ञों के लिए अच्छी जगह नहीं रह गई है। उम्मीद है, इस बार मोदी फिर चुनाव जीतकर सत्ता में लौटेंगे। यदि तब तक ट्रूडो का नशा उतर जाए, तो वह उन्हें बधाई दे सकते हैं। हो सकता है, इससे रिश्ते में थोड़ी गर्मजोशी आए।

## एकतरफा नहीं होगी सीरीज, इंग्लैंड की टीम दे रही कड़ी टक्कर

**(आदर्श प्रकाश सिंह)**

इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर वापस आते हैं। इस विदेशी टीम के साथ इस बार एक नया जुमला 'बैजबाल' बोला जा रहा है। इसका अर्थ है आक्रामक क्रिकेट खेल कर विरोधी टीम को पस्त कर देना। हैदराबाद के पहले टेस्ट में अंग्रेज टीम ने इसी शैली से खेलकर भारत को हरा भी दिया। इंग्लैंड का भारत दौरा बड़ा रोचक होने वाला है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दो टेस्ट हो चुके हैं और अभी मुकाबला 1?1 से बराबरी पर है। इससे यह तो पता चल ही गया है कि यह श्रृंखला एकतरफा नहीं होगी। भारतीय टीम पिछले करीब दस वर्षों से अपने देश में कोई टेस्ट सीरीज हारी नहीं है। अपने स्पिन अटैक के बूते हम विपक्षी टीमों को धराशाई करते रहे हैं। साल 2012-13 में पिछली पराजय अंग्रेज टीम से ही मिली थी जब एलियेस्टर कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम इंडिया को 2?1 से हराया था। ग्रीम स्वान और भारतीय मूल के स्पिनर मोंटी पनेसर हमारे बल्लेबाजों पर इतना छा गए कि वे रन ही नहीं बना पा रहे थे। उस सीरीज में स्वान ने कुल 20 और पनेसर ने 17 विकेट झटके थे। स्पिन की मुफीद पिचों पर विदेशी टीम भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ले रही थी। बहरहाल वह कहानी अब पुरानी हो गई है। भारतीय मैदानों पर भारत को हराना हमेशा टेढ़ी खीर रहा है। अस्सी के दशक के बाद भारतीय क्रिकेट का पुनर्जागरण हो गया। कपिल देव और सचिन तेंदुलकर का युग आ गया। महेंद्र सिंह धोनी ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। हमारी टीम में विश्व स्तरीय खिलाड़ी आए जिससे हमें हराना आसान नहीं रहा। कम से कम भारतीय पिचों पर तो कोई भी विदेशी टीम अब हमें हराने का माद्दा नहीं रखती है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर वापस आते हैं। इस विदेशी टीम के साथ इस बार एक नया जुमला 'बैजबाल' बोला जा रहा है। इसका अर्थ है आक्रामक क्रिकेट खेल कर विरोधी टीम को पस्त कर देना। हैदराबाद के पहले टेस्ट में अंग्रेज टीम ने इसी शैली से खेलकर भारत को हरा भी दिया। जीत के लिए 231 रनों का लक्ष्य भारतीय टीम के लिए दूर की कौड़ी बन गया और 28 रनों से हम पहला टेस्ट हार गए। बल्लेबाजी भारत की ताकत रही है मगर अभी तक हुए दो टेस्ट मैचों को देख कर लगता है कि हमारे बैटर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विशाखापतनम में यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक को छोड़ दें तो कोई भी अच्छी पारी देखने को नहीं मिली। दूसरे टेस्ट में शुभमन गिल ने 103 रन बनाकर अपनी इज्जत बचा ली वर्ना उसे टीम से बाहर करने की मांग उठने लगी थी। कप्तान रोहित शर्मा खुद रन नहीं बना पा रहे हैं। एक कप्तान से उम्मीद रहती है कि वह यादगार पारी खेल कर दूसरे खिलाड़ियों को प्रेरित करे लेकिन उनका बल्ला बिल्कुल खामोश हो चला है। वैसे भी देखा जाए तो रोहित सीमित ओवरों के क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में बढ़िया प्रदर्शन कभी कभार ही किया है। क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनका प्रवेश भी बहुत देर से हुआ। रोहित पांच दिनों तक चलने वाले खेल के योद्धा कतई नहीं लगते। प्रबंधन की मजबूरी है कि रोहित को कप्तान की जिम्मेदारी देनी पड़ी है। विराट कोहली ने जबसे कप्तानी छोड़ी है, टेस्ट मैचों के लिए कोई उम्दा कप्तान अभी तक नहीं मिला है। हैदराबाद टेस्ट में अच्छी बढ़त लेने के बावजूद पराजित हो जाना रोहित की लचर कप्तानी का सबूत भी है। केवल स्पिन आक्रमण के बूते इंग्लैंड को हराना कठिन है। हमारे बल्लेबाजों को सम्मानजनक स्कोर बना कर देना होगा तभी गेंदबाज भी कुछ कर पाएंगे। बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए चेतेश्वर पुजारा को वापस लाने की चर्चा भी हो रही है। वह रणजी मैचों में बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। अजिंक्य रहाणे और पुजारा दोनों वरिष्ठ खिलाड़ी हैं लेकिन पिछले कुछ सीजन से रन नहीं बना पाने के कारण दोनों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। हालांकि, उनका कॅरियर अभी समाप्त नहीं हुआ है। यदि रणजी मैचों में वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5280

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5279

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5280




**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 23 मार्च 1931 को इस क्रांतिकारी को अपने दो प्रमुख साथियों के साथ फांसी दे दी गई (5)
5. गर्व, फख्र, घमंड, अभिमान (2)
7. उन्नतिकाल, यह वैजयंतीमाला की पहली फिल्म थी जिसमें उनके नायक करण दीवान थे (3)
8. किसी रेखा पर सीधी और खड़ी गिरने वाली रेखा (2)
9. टेढ़ा, तिरछा, कोणयुक्त (2)
10. बोधप्राप्त, युक्तिकर्ता, बुद्धिमान (5)
12. मछली, मत्स्य (2)
13. एक कृत्रिम गरम जल स्त्रोत (3)
15. पराजित, हारा हुआ (3)
17. राजमुकुट, शाही टोपी, शिखा (2)
19. पाकिस्तान के प्रसिद्ध गजल गायक (निधन 13 जून 2012)(6)
22. इत्र को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
23. फिल्मों के प्रसिद्ध खल नायक (निधन 13 जनवरी 1985) (सिर्फ आरंभिक नाम), कामदेव (3)
24. सादृश्य, शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (1)

**ऊपर से नीचे**
1. भीष्म पर्व के अंतर्गत 18 अध्यायों का एक प्रकरण जिसमें अर्जुन का मोह छुडाने के लिए श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए उपदेशों का इस ग्रंथ में संग्रहित है (6)
2. भिन्काल, उस बार में, उस अवस्था में (2)
3. देवताओं का आसन, राजा का पद (4)
4. जनानखाना, अंतपुर (3)
5. भारत का प्राचीन विश्वविद्यालय यहा है (3)
11. तकरार, किचकिच, चकल्लस (4)
12. सैयदों की उपाधि (2)
14. निर्णय, न्याय, फैसला (4)
16. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
18. पास बैठने वाला, महेश भट्ट निर्देशित फिल्म आशिकी की संगीतकार जोड़ी में से एक (3)
20. सीमा, मर्यादा, नियत काल, पराकाष्ठा (2)
21. पुत्र, बेटा (अंग्रेजी) (2)

### वर्ग पहेली 5279 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी | र | ब | ल | | आ | र | जू |
| घा | त | क | | डॉ | न | | न |
| | | ना | दा | न | | आ | |
| आ | उ | | | ब्रे | | ह | स्त |
| प | र्व | त | | ड | | ट | |
| का | शी | | झ | मे | ला | | वा |
| | | ची | | न | ट | ख | ट |
| स | मा | चा | र | | | त | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करने के बारे में सोचना चाहिए। शाम के समय के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

### वृष
आज लाभ होगा और आज काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। आज किसी कारण से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी आपको वक्त मिलेगा। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए प्रयास करते रहें। आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा।

### सिंह
आज आर्थिक मामलों में उन्नति का दिन है। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता-गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

### मिथुन
आज तनाव से दूर रहने की सलाह है। अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव से खुद को दूर रखें। नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय अनुकूल है।

### कन्या
आज लाभ का दिन है। उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ मिलेगा। आयात और निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

### तुला
आज दिन आर्थिक सफलता से भरा होगा और आपकी अप्रत्याशित उन्नति देखकर सभी हैरान होंगे। आपकी नज़र भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति के मामले में आप काफी आगे बढ़ेंगे। धन संबंधी मामलों में आपको लाभ होगा और आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यर्थ की मान बढ़ाई से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### वृश्चिक
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आज आपको धन का निवेश कहीं करने से बचने की जरूरत है। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है और कोई चिंता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम को दूर करना पड़ेगा।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और कोई बड़ी कारोबारी डील करने में आपको सफलता मिलेगी। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। मन की दुर्बलता और दुर्गुणों का त्याग करें तो आपको मानसिक रूप से राहत मिलेगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा और आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। जो लोग रिसर्च के काम से जुड़े हैं उनके लिए लाभ का दिन है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात में आपको कहीं सामाजिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा।

### धनु
आज सम्मान से भरा होगा और आज किसी प्रकार की चिंता दूर होगी। किसी मामले में आपकी चिंता दूर होगी। सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। आपकी रुपये-पैसे से जुड़ी सभी योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको लाभ होगा। परिवार की सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

### मीन
आज दूर होगी और किसी मामले में आपको विशेष प्रकार की भागदौड़ करनी पड़ेगी। उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होंगे। आपके कारोबार में आपको विशेष सफलता प्राप्त होगी। नौकरी के इंटरव्यू में आपको लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### 25 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे

**धनबाद, एजेंसी।** शहर में सोमवार को 25 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए। धनबाद डिवीजन क्षेत्र में अभियान चला। इस दौरान कई लोगों ने मौके पर बिल का भुगतान किया। विभाग के कोष में लाखों रुपए राजस्व जमा हुए। कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार ने 10 हजार रुपए से अधिक के बकाया वाले 25 लोगों के कनेक्शन काटे गए। जिन उपभोक्ताओं का बकाया अधिक है, वैसे लोग किस्त में राशि भुगतान कर दें। अन्यथा कनेक्शन काट दिया जाएगा।

### चंपई सरकार के इस बड़े अफसर पर गिर सकती है गाज



रांची, एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम के अधीक्षक उत्पाद अजय कुमार के विरुद्ध निलंबन की अनुशंसा की गई है। शराब की बिक्री में अनियमितता की शिकायत पर गठित जांच टीम की रिपोर्ट में अनियमितता की पुष्टि पर उत्पाद विभाग ने उनसे स्पष्टीकरण पूछा था। स्पष्टीकरण पर असंतोषजनक जवाब मिलने के बाद उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की अनुशंसा सचिव उत्पाद से की गई है। हालांकि, निलंबन की फाइल तत्कालीन मंत्री तक पहुंची थी। इसी बीच राजनैतिक उथल-पुथल हो गई। मामला लंबित पड़ा हुआ है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का मंत्री तय होते ही एक बार फिर फाइल आगे बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि अनियमितता की पुष्टि के बाद जब अधीक्षक उत्पाद से स्पष्टीकरण पूछा गया तो उन्होंने अपने स्तर से अनियमितता रोकने संबंधित की गई कार्रवाई से विभाग को अवगत कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि उनके पश्चिमी सिंहभूम का कमान संभालने के बाद कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। स्पष्टीकरण पर उन्होंने आपत्ति जताई, जिसके बाद ही उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा हुई है।

### दुकान में लगी आग, लाखों के सामान जलकर खाक

**बोकारो , एजेंसी।** चीराचास स्थित सिटी मॉल के समीप एक बिरयानी फैक्ट्री नामक दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सोमवार की सुबह लगभग छह बजे अचानक दुकान में आग लगी। जब बंद दुकान से धुआं व आग की लपटें निकलने लगी तो आसपास के लोगों ने देखकर हो-हल्ला किया और दुकानदार को भी फोन कर सूचना दिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पा जा सका। इसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। लेकिन जब तक दमकल गाड़ी पहुंचती तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने दुकान में लगे आग को काफी मशक्कत के बाद बुझाया। इस दौरान दुकान के संचालक पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह रविवार को दुकान बंद कर घर गए थे। घर जाने से पूर्व दुकान के सभी बिजली उपकरण बंद कर दिया गया था। बावजूद कैसे आग लगी, यह बता नहीं सकते हैं। संभवतः शॉर्ट सर्किट हुआ हो।

### उद्योगपति श्याम शर्मा के घर व दफ्तर पर जीएसटी का छापा

**धनबाद।** सीजीएसटी ने उद्योगपति श्याम शर्मा के गोविंदपुर के काड़ाडीह स्थित आवास और जीटी रोड में स्थित कार्यालय सह फैक्ट्री पर दबिश दी। सीजीएसटी की टीम सुबह 7:30 बजे टीम शर्मा के आवास पर पहुंची। आवास में छानबीन के बाद शर्मा को लेकर उनके कार्यालय पहुंची और कागजातों को खंगाला। गोविंदपुर में स्थित जय टीएमटी में भी टीम पहुंची। छापेमारी के क्रम में किसी को अंदर आने या बाहर जाने की इजाजत नहीं थी। शाम चार बजे तक कागजात की छानबीन के बाद टीम लौट गई। बताया जा रहा है कि टैक्स से जुड़े मामले की छानबीन के लिए टीम जमशेदपुर से पहुंची थी। सीजीएसटी के डीजीजीआई (इन्वेस्टिगेशन) ने विभिन्न इनपुट्स के बाद छानबीन कराई। हालांकि छापेमारी के संबंध में अधिकारियों से कुछ बताने से मना कर दिया। इधर, झामुमो नेता अमितेश सहाय ने कहा कि दिनभर मेरे ठिकानों पर छापेमारी की खबरें उड़ती रहीं, जो निराधार थीं। मेरा परिवार 1970 से व्यापार में है। कई से व्यावसायिक तालुकात हैं, जिनमें श्याम शर्मा भी शामिल हैं।

# प्रदेश कांग्रेस ने सभी 14 सीटों के लिए एक सीट पर तय किए 3-3 नाम

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड कांग्रेस ने सभी 14 सीटों के लिए तीन-तीन प्रत्याशियों के नाम का चयन कर लिया है। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक में सभी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशियों के नाम कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को सौंपा गया। अब इन प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय लेने के लिए आलाकमान को अधिकृत किया गया है। नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक कांग्रेस मुख्यालय रांची में हुई।

बैठक में झारखंड की लोकसभा की सभी 14 सीटों के लिए विस्तार से चर्चा की गई और हर सीट के विभिन्न पहलुओं पर विश्लेषण किया गया। इसमें क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जातिगत आंकड़ों की स्थिति को सामने रखकर ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया गया। मौके पर विधायक दल नेता आलमगीर आलम, डॉ रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, सुखदेव भगत, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता, बादल, प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह,



कालीचरण मुंडा, बृजेंद्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, बिमला कुमारी, मणि शंकर शामिल थे। निरंजन पासवान, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश रजक, अभिजीत राज, गुंजन सिंह, आमिर हाशमी, नेली नाथन शामिल थे।

**नेताओं ने स्क्रीनिंग कमेटी के सामने पेश की दावेदारी :** झारखंड में लोकसभा चुनाव के कांग्रेस पार्टी के संभावित उम्मीदवारों से अपनी दावेदारी पेश की है। सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा झारखंड के लिए नियुक्त स्क्रीनिंग कमिटी के अध्यक्ष राणा के.पी सिंह और सदस्य जयवर्धन सिंह व इवान डिसूजा रांची के परिसदन में सभी लोकसभा के इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात की। कांग्रेस नेताओ ने अपनी दावेदारी की बात कही और अपना समीकरण भी बताया।

**आलाकमान को किया गया अधिकृत :** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव समिति के सभी सदस्यों ने प्रत्येक सीट पर अपनी राय जाहिर की है। चुनाव समिति के सभी सदस्यों की ओर से लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने, गठबंधन और प्रत्याशियों के चयन के लिए आलाकमान को अधिकृत कर दिया गया है। आलाकमान का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी दल चुनाव लड़ने के लिए सभी सीटों पर तैयारी करती है, लेकिन गठबंधन की भी बातें सामने हैं, इस पर निर्णय होने के बाद सीटों और प्रत्याशियों के संबंध में अंतिम निर्णय आलाकमान की ओर से किया जाएगा।

**लोस चुनाव के लिए कांग्रेस कस चुकी है कमर :** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार हो चुकी है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह में हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता से झारखंड में कार्यकर्ताओं के बीच एक नया जोश पैदा हुआ है, जो लोकसभा चुनाव तक केंद्र की जन विरोधी सरकार के खिलाफ जुनून के रूप में बदल जाएगा। कार्यकर्ताओं का यही जोश केंद्र को सत्ता से बेदखल करेगी।उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार की हर गतिविधि पर गहरी नजर रख रहे हैं और जनता भी खुली आंखों से मोदी सरकार द्वारा देश में किए जा रहे समाज विरोधी कृत्यों को साफ-साफ देख रही है। देश में बदलाव का दौर आने वाला है और इसके लिए हमें पूरी ताकत से चुनाव में लगना होगा।

हमारी मेहनत और जनता का साथ देश को बदलाव के नए दौर में ले जाएगा।

## बाबा वैद्यनाथ का तिलकोत्सव, मिथिलांचलवासी पैदल आते हैं देवघर



**देवघर, एजेंसी।** बाबा वैद्यनाथ की नगरी देवघर में बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा वैद्यनाथ के तिलकोत्सव को लेकर मिथिलांचल वासियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। बसंत पंचमी के अवसर पर लाखों की संख्या में मिथिलांचल वासी महिला पुरुष श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर 107 किलोमीटर पैदल चलकर बाबा वैद्यनाथधाम आते हैं और बाबा वैद्यनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर उनका तिलक चढ़ाते हैं। इस अवसर पर यहां पहुंचे मिथिलांचलवासियों को तिलकहरु कहा जाता है। ये तिलकहरु दो से तीन दिन बाबानगरी में निवास करते हैं और भजन-कीर्तन करते हैं। ये लोग बसंत पंचमी के दिन बाबा वैद्यनाथ मंदिर सहित अपने आवास स्थल पर ही विशेष पूजा और हवन करते हैं और अंत में बाबा पर जलार्पण करते हैं।

सदियों से चली आ रही प्राचीन परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी के दिन बाबा वैद्यनाथ का तिलकोत्सव किया जाता है। इसके साथ ही इस दिन बाबा वैद्यनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाती है और भोग भी लगाया जाता है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर के तीर्थ पुरोहितों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन बाबा वैद्यनाथ की शादी का उत्सव मनाया जाता है। लेकिन उससे पहले बसंत पंचमी के दिन बाबा वैद्यनाथ का तिलकोत्सव किया जाता है। मिथिलांचल हिमालय की तराई में बसा हुआ है। जिससे मिथिलांचल वासी अपने आप को राजा हिमालय की प्रजा मानते हैं। माता पार्वती हिमालय की बेटी हैं, इसलिए मिथिलावासी खुद को भगवान शिव के ससुराल पक्ष का मानते हैं और बसंत पंचमी के दिन बाबा वैद्यनाथ को तिलक चढ़ाते हैं।

## रांची जिले में दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की रिपोर्ट तलब

**रांची, एजेंसी।** रांची जिले में दाखिल-खारिज की अपडेट रिपोर्ट उपायुक्त ने मांगी है। सभी अंचलाधिकारियों को रिपोर्ट मुख्यालय भेजने को कहा गया है। दाखिल-खारिज के मामले की उपायुक्त समीक्षा करेंगे। जिस अंचल की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, वहां के अंचलाधिकारियों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। उपायुक्त ने अंतिम समीक्षा के दौरान सभी अंचलाधिकारियों को 30 दिन और 90 दिन के लंबित मामलों का ब्योरा अगली बैठक में सौंपने को कहा था।

**जुर्माना लगाने का भी प्रावधान :** उपायुक्त सभी अंचलाधिकारियों को कई बार दाखिल-खारिज के लंबित मामलों का तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दे चुके हैं। सेवा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का अंचलाधिकारियों को पालन करने को कहा गया है। बिना आपत्ति वाले आवेदनों का 30 और आपत्ति वाले आवेदनों का 90 दिनों के अंदर निष्पादन करने का प्रावधान है। ऐसा नहीं होने पर संबंधित अंचाधिकारियों के खिलाफ सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसके तहत जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है।

**जमीन हस्तांतरण की अपडेट जानकारी देंगे :** सीमांकन, पार्टिसन व सक्सेशन का काम भी समय पर पूरा करने का निर्देश अंचलाधिकारयों को दिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार की परियोजनाओं के लिए जमीन हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपायुक्त ने मांगी है। जिन अंचल में भूमि हस्तांतरण के कार्य लंबित हैं, वहां के अंचलाधिकारियों को भूमि चिन्हित कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया था। आगामी समीक्षा बैठक में थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना के बाद की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी।

**सबसे अधिक लंबित मामले नामकुम अंचल में :** अंतिम समीक्षा के दौरान रांची जिले में दाखिल खारिज के 11207 मामले लंबित थे। जिसमें 1805 केस में आपत्ति दर्ज की गयी है, जबकि, 90 दिनों से अधिक समय वाले 19 केस लंबित थे। म्यूटेशन के सबसे अधिक लंबित मामले रांची के नामकुम अंचल में थे। यहां 1669 मामले लंबित थे। इनमें 335 तो 30 दिन से अधिक समय से लंबित पड़े हुए हैं। दूसरे स्थान पर कांके अंचल है, यहां 1459 मामले लंबित हैं। कांके अंचल में आपत्ति वाले केस की संख्या 286 है जो 30 दिनों से अधिक समय से लंबित पड़े हैं। तीसरे स्थान पर रांची का नगड़ी अंचल है, यहां 1121 मामले लंबित हैं। चौथे स्थान पर रातू अंचल है, यहां 1000 से अधिक मामले पेंडिंग हैं जबकि 181 आपत्ति दर्ज मामले हैं जो 30 दिन से अधिक समय से पेंडिंग हैं।

## फुटबॉल का क्रेज; जमशेदपुर में बच्चों में छायी फुटबॉलर बनने की दीवानगी

**जमशेदपुर , एजेंसी।** क्रिकेट और तीरंदाजी के लिए मशहूर झारखंड की औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में इन दिनों बच्चों पर फुटबॉल का खुमार छाया हुआ है। कभी जेआरडी स्पोर्ट्स में अन्य खेलों में हाथ आजमाने वाले ये बच्चे इन दिनों बकायदा क्लबों में फुटबॉल की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनमें अधिकतर बच्चों की उम्र 6 से 13 वर्ष की है। यह संभव हो पाया है कि साल भर चलने वाले गोल्डन बेबी लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के कारण। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऑर्चरी ग्राउंड में खेले गए जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग देश का सबसे बड़ा लीग मैच था। इस लीग मैच के बाद जमशेदपुर और आसपास के इलाकों में फुटबॉल का क्रेज बढ़ गया है।



**106 टीमों की भागीदारी :** जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में 106 टीमों की असाधारण भागीदारी देखी गई है, जिसमें 1500 युवा और बच्चे फुटबॉल प्रेमी शामिल थे। लीग ने उभरती प्रतिभाओं के लिए सुंदर खेल के प्रति अपने कौशल और जुनून को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। लीग में फुटबॉलरों ने कुल 11,928 मिनट खेले और 1,525 गोल किए।

**कम उम्र में अभ्यास फायदेमंद :** जेएफसी के कोच चंद्रा का कहना है कि गोल्डन बेबी लीग का आयोजन करने का उद्देश्य बच्चों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचने तक कम से कम आठ हजार घंटे का अभ्यास हो सके। यह संभव तभी हो सकता है कि जब बच्चे पांच और सात वर्ष की आयु में खेलने का अभ्यास करेंगे। जब 8000 घंटे मैच खेलने के अभ्यास होगा, तभी वे अंतरराष्ट्रीय मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

**35 से अधिक क्लबों का हो चुका है गठन :** जमशेदपुर आसपास के गांवों में 35 से अधिक क्लबों का गठन हो चुका है। सभी क्लब विभिन्न मैचों में हिस्सा लेते है। जिला स्तरीय टूर्नामेंट में 70 से अधिक क्लब हैं, जो अपने क्षेत्रों में अलग-अलग ओपन टूर्नामेंट करवाते हैं।

**70 किमी सफर करते थे बच्चे :** कई बच्चे तो मैच के दिन सुबह छह बजे उठकर 70 किमी का सफर करते थे। गोल्डन बेबी लीग परियोजना को एआईएफएफ ने 2018 में 6-12 साल के बच्चों के लिए शुरू किया था। इसका लक्ष्य लिंग, धर्म, आर्थिक हालात और नस्ली भेदभाव के बिना फुटबॉल की सुविधाएं मुहैया कराना है। इस परियोजना के पीछे विचार यह है कि लड़के और लड़कियों की नई पीढ़ी कम उम्र से ही खेल खेलना शुरू करें। प्रत्येक स्कूलों के पास गोल्डन बेबी लीग के लिए अलग टीमों का गठन किया गया है।

## कैबिनेट की बैठक, तकनीकी शिक्षा के लिए छात्राओं को 30 हजार तक मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**रांची , एजेंसी।** तकनीकी शिक्षा के प्रति छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने सोमवार को मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना को स्वीकृति दे दी है। अभी तकनीकी शिक्षा से जुड़े कोर्स में छात्र-छात्राओं का अनुपात 6:1 है। योजना के तहत राज्य में संचालित राजकीय, निजी व पीपीपी मोड में संचालित संस्थानों से डिप्लोमा कोर्स करनेवाली छात्राओं को प्रति वर्ष 15 हजार रुपए और इंजीनियरिंग के लिए प्रति वर्ष 30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

पहले साल में डिप्लोमा कोर्स में लगभग 3000 व इंजीनियरिंग कोर्स में 1200 छात्राओं को लाभ मिलेगा। योजना का लाभ सभी वर्ग की छात्राओं को मिलेगा। सीएम चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं



पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन छात्रावास निर्माण, संचालन एवं प्रबंधन के लिए छात्रावास पोषण योजना 2024 को स्वीकृति दी गई। छात्रावासों में रहनेवाले छात्रों को सुबह का नाश्ता, दिन और रात का खाना दिया जाएगा। इसके लिए सरकार एनजीओ को प्रति छात्र 3 हजार रु. भुगतान करेगी। एनजीओ प्रत्येक 100 छात्र पर दो सफाईकर्मी, दो सुरक्षाकर्मी और एक लाइब्रेरियन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

राज्यपाल की स्वीकृति के बाद विधानसभा के बजट सत्र का कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया गया है। बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर दो मार्च तक चलेगा। 26 फरवरी को सरकार तृतीय अनुपूरक बजट और 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का आम बजट सदन में पेश करेगी। कुल सात कार्य दिवस होंगे। 24 व 25 फरवरी को छुट्टी रहेगी। राज्य गठन के बाद यह सबसे छोटा बजट सत्र होगा।सेवानिवृत आईएएस अधिकारी एपी सिंह बने पंचम वित्त आयोग के अध्यक्षः राज्य सरकार ने पंचम वित्त आयोग का गठन कर दिया है। नवंबर 2023 को अपर मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत हुए 1991 बैच के आईएएस अधिकारी एपी सिंह आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं। संत जेवियर्स कॉलेज के प्रोफेसर और आर्थिक मामलों के जानकार हरिश्वर दयाल व पंचायती राज निदेशक इसके सदस्य होंगे।

### रांची में ईडी की छापेमारी:हेमंत सोरेन और अभिषेक प्रसाद पिंटू के करीबियों के ठिकानों पर दबिश

**रांची, एजेंसी।** रांची में श्वष्ठ की टीम ने हेमंत सोरेन और अभिषेक प्रसाद पिंटू के करीबियों के ठिकानों रेड मारी है। कोकर और अशोक नगर इलाके में ये कार्रवाई हो रही है। कोकर के अयोध्यापुरी में जमीन कारोबारी रमेश गोप के यहां ईडी की टीम ने छापा मारा है। इस छापेमारी के तार भी बड़गाई अंचल में हुए जमीन घोटाले से जुड़े हैं।

बताया जाता है कि रमेश गोप, बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद के करीबी हैं। इसके अलावा भी ईडी ने कुछ जगहों पर छापेमारी की है हालांकि जगह और लोगों के नाम अब तक स्पष्ट नहीं है।राज्य के पूर्व मुख्यंत्री हेमंत सोरन ईडी की हिरासत में हैं। उनसे बड़गाई अंचल की जमीन के संबंध में ईडी लगातार सवाल कर रही है। सीआई भानु प्रताप से भी इस घोटाले से जुड़े सवाल किए जा रहे हैं। ईडी लगातार हेमंत सोरेन और अभिषेक प्रसाद पिंटू से जुड़े लोगों पर नजर रख रही है और कई जगहों पर छापेमारी भी जारी है। विनोद सिंह भी इसी कड़ी का हिस्सा थे।

## चुरचू के बिनोद बैंकर से बन गए स्मार्ट किसान, सेटेलाइट सेंसर से कर रहे खेती

**रांची, एजेंसी।** चुरचू (हरहद) के रहने वाले बिनोद कुमार बैंकर से स्मार्ट किसान बन गए हैं। उन्होंने कृषि कार्य के लिए ऐसी तकनीक विकसित कर ली है कि सेटेलाइट सेंसर से खेती का काम कर लेते हैं। वह मिट्टी की नमी को सेंसर से भांपते हैं। ऑटो-सिंचाई और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली जैसी उन्नत तकनीक के माध्यम से सहजता से खेती कर लेते हैं। इतना ही नहीं अपने मोबाइल से भारत के किसी भी कोने से अपने खेत में लगे ड्रिप इर्रिगेशन सिस्टम को चालू और बंद कर सकते हैं। साथ ही वह कीट प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद भी लेते हैं। बिनोद एचडीएफसी, पुणे में बैंक मैनेजर थे। कोरोना काल में वह घर लौट आए। कृषि कार्य में लग गए। इसके बाद तकनीक का सहारा लेकर कृषि के क्षेत्र में प्रेरित करने वाला कार्य कर दिखाया।

**17 एकड़ में उच्च कीमत वाली फसल लगाते हैं :** डाड़ी ब्लॉक के गिद्दी वाले वाले रास्ते में रबोध-डाड़ी में वह 20 एकड़ में खेती कर रहे हैं। इसमें तीन एकड़ में आधुनिक फार्म है। बचे 17 एकड़ में उच्च पैदावार और कीमत देने वाली



फसलों को लगाते हैं। उनका स्मार्ट फार्म झारखंड में अनोखा और आकर्षक फार्म के रूप में उभरा है। इसे देखने दूर-दराज से लोग आते रहते हैं। हाल में ही उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने सम्मानित भी किया है। बिनोद 35 आदिवासियों के लिए स्थायी रोजगार के अवसर भी दे रहे हैं।

तकनीक से पारंपरिक कृषि में बदलाव संभव

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एस के जहागिरदार कहते हैं कि तकनीक से पारम्परिक कृषि को बदला जा सकता है। आधुनिक किसान बिनोद कुमार को केंद्रीय कृषि मंत्री से सम्मानित करने से हमें प्रोत्साहन मिला है। आगे किसानों को उन्नत तकनीक से युक्त करने में और तेजी लायी जाएगी।

**तकनीक से स्मार्ट खेती कर रहे हैं :** बिनोद ने खेत में स्वचालित मौसम यंत्र, स्वचालित सिंचाई तकनीक व सॉइल मॉइस्चर सेंसर लगाया है। इससे पानी, समय और पैसे की बचत भी होती है। सेटेलाइट पर लगे विशेष सेंसर की मदद से पृथ्वी की सतह की निगरानी इफको किसान की ओर से विकसित (कृषि देव ज्ञान) के जरिये कर सकते हैं। इस निगरानी में कई सारे पैमाने मौजूद होते हैं। पौधों का स्वास्थ्य, नाइट्रोजन की उपलब्धता, मिट्टी की नमी, सॉइल ऑर्गेनिक कार्बन, ग्रीनरी लेवल इत्यादि की जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसे वाणी संदेश के माध्यम से किसान के मोबाइल पर भेजा जाता है।

**खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भी वह खेती में मदद लेते हैं। एआई आधारित कीट प्रबंधन उपकरण एक अगली पीढ़ी का कीट प्रबंधन जाल है जो कीट संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके बनाया गया है। इसके उपयोग से कीटनाशकों की लागत 95प्रतिशत कम होती है और उपज में 45प्रतिशत की वृद्धि।

## रांची में झारखंड हाईकोर्ट के वकील पर अपराधियों ने चलाई गोली, देर रात क्लाइंट से मिलकर लौट रहे थे घर

**रांची, एजेंसी।** राजधानी में हाईकोर्ट के अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा को बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। अधिवक्ता रविवार की देर रात घर अपने किसी मुवक्किल से मिलकर लौट रहे थे। इसी दौरान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

घायल अधिवक्ता को आनन-फानन में इलाज के लिए पल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिवक्ता को किडनी के ऊपर गोली लगी थी। ऑपरेशन करके गोली को निकाल दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, अधिवक्ता खतरे से बाहर है।

घटना के बारे में बताया गया कि अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में रहने वाले अपने मुवक्किल से मिलने के लिए गये थे। क्लाइंट से मिलने के बाद रविवार देर रात वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर के लिए निकले थे, तभी कुछ अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा को कमर के नीचे गोली लगी और वह जमीन पर गिर पड़े। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये और मामले की जानकारी सुखदेव नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर सुखदेव नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायल अधिवक्ता को अस्पताल भेजा। इधर पुलिस अपराधियों की तलाश में लगी हुई है।

एडवोकेट्स एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा के ऊपर जिस प्रकार से जानलेवा हमला किया गया उस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं, और इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम होगी।

राज्य सरकार से यह मांग करता हूं कि पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाए और दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। इसके साथ ही राज्य सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द बढ़ाए।

## संक्षिप्त समाचार

### महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**टंकारा (गुजरात) एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती - ज्ञान ज्योति पर्व - स्मरणोत्सव के उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रतजी एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल के साथ समारोह स्थल करसनजी के प्रांगण में बने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां दीं और सभी प्राणियों के कल्याण की कामना की। इस मंगल अवसर पर कन्या गुरुकुल, वाराणसी की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया।यज्ञ में आहुतियां देने के बाद अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी हॉल का अवलोकन किया और महर्षि के विचारों और सामाजिक उत्थान के कार्यों से परिचित हुईं। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल को इस प्रदर्शनी हॉल की जानकारी दी।माननीय राष्ट्रपति जी ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जयंती-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी जी की स्मृति में 15 एकड़ में बनने वाले बनने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ की आधारशिला रखी।राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ की प्रतिकृति के माध्यम से इस तीर्थ में बनने वाले अनुसंधान केंद्र, विद्यालय, पुस्तकालय, दर्शनीय परिसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तीन दिवसीय स्मरणोत्सव के समापन पर बोलते हुए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हमारी भारत भूमि एक धन्य भूमि है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत प्रतिभाओं को जन्म दिया है। आध्यात्मिक रोगविज्ञानी श्री अरबिंदो ने महर्षि दयानंद के बारे में कहा, वे मनुष्यों और संस्थाओं के आदर्श थे। आज आर्य समाज के लगभग 10 हजार केन्द्र मानवता के विकास एवं कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज, लाला लाजपतराय जैसे महान क्रांतिकारियों का स्वामी जी के आदर्शों पर गहरा प्रभाव था। स्वामीजी और उनके असाधारण अनुयायियों ने देश के लोगों में एक नई चेतना का विश्वास जगाया। राष्ट्रपति ने काठियावाड़ की धरती की विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद के बाद की पीढ़ियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ. स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रन्थ की रचना की।

### संसद में 5 साल एकदम खामोश ही रहे सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और सनी देओल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेज थपथपाना, बिल लाना, चर्चा बढ़ना, बहस करना जैसी कई गतिविधियों की गवाह संसद बनती है। इसमें कुछ नया भी नहीं है और अधिकांश सांसद इसमें शामिल भी नजर आते हैं। अब इनमें कुछ सदस्य ऐसे भी हैं, जो बहस तो दूर की बात, बल्कि चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से सांसद सनी देओल से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा तक का नाम शामिल है। कहा जा रहा है कि ऐसे सांसदों की संख्या करीब 9 है, जो पूरे 5 सालों के कार्यकाल के दौरान सदन को एक बार भी संबोधित नहीं कर सके। गुरदासपुर से सांसद देओल का नाम भी इस सूची में है। हालांकि, असनसोल सांसद सिन्हा कुछ मौकों पर संसद में नजर भी आए। साथ ही वह विपक्षी सांसदों की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शनों का हिस्सा भी बने। इस दौरान सिन्हा ने एक बार भी कोई सवाल दाखिल नहीं किया। साथ ही वह अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे को उठाने में भी असफल रहे। सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में बीजापुर से भाजपा सांसद रमेश चंद्रप्पा जीगाजिनागी, बहुजन समाज पार्टी से अतुल राय, टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी और भाजपा से ही प्रधान बरुआ, बीएन बचे गौड़ा, अनंत कुमार हेगड़े और वी श्रीनिवास प्रसाद का नाम शामिल है। खबर है कि लोकसभा स्पीकर बनने के बाद से ही ओम बिरला ने पहली बार बने सांसदों की सूची तैयार की थी। उन्होंने सभी को कम से कम एक बार सदन में बोलने के लिए प्रेरित भी किया था। हालांकि, उनके तमाम प्रयासों के बाद भी ऐसे कई सांसद रहे, जो साल 2019 से लेकर 2024 के बीच संसद में एक भी भाषण नहीं दे सके।

# केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने टनकपुर में 2217 करोड़ की आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- कुमाऊं क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय मंत्री का प्रकट किया आभार

सुनील तिवारी



**देहरादून।** केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आज टनकपुर में 2217 करोड़ की कुल 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर टनकपुर के गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से न केवल सड़कों और राजमार्गों का काम चल रहा है, बल्कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 87 विस्तार पर दीवारों का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर जिले में सरयू और गोमदी नदी पर दो पुलों की मरम्मत का कार्य भी 5 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से न केवल पर्यटकों को लाभ होगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी आवागमन आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पर्यावरण को कोई नुकसान पहुंचाए बिना स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हम उत्तराखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि काठगोदाम से नैनीताल सड़क को 2-लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चैड़ा करने से नैनीताल-मानसखंड मंदिरों तक कनेक्टिविटी में सुधार होगा। काशीपुर से रामनगर रोड के 4-लेन चैड़ीकरण से पर्यटकों के लिए जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क और मानसखंड मंदिरों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। कांगारछीना से अल्मोडा मार्ग के 2 लेन चैड़ीकरण से न केवल बागेश्वर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी बल्कि उनका समय भी बचेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 309ए पर उडियारी बैंड से कांडा मार्ग के 2-लेन चैड़ीकरण और पुनर्वास से बागेश्वर में बागनाथ और बैजनाथ मंदिरों तक पहुंच आसान हो जाएगी। साथ ही बागेश्वर से पिथौरागढ़ तक का कठिन सफर बेहतर, सुरक्षित और समय की बचत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं क्षेत्र के लिए 2217 करोड़ रुपये की 8 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करने पर केंद्रीय मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे लिए इन सभी परियोजनाओं का भूमि पूजन होना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस क्षेत्र के विधायक के रूप में मैंने इन योजनाओं के भूमि पूजन का जो स्वप्न देखा था वह स्वप्न आज पूर्ण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। हम निरंतर इस दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। हमारी सड़कें विकास की द्योतक हैं, ये वो पथ है जिस पर आगे बढ़कर सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड का स्वप्न साकार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में प्रदेश में जिस स्तर पर सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है वह अभूतपूर्व है। राज्य में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व लोक निर्माण विभाग द्वारा मिलकर अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में विभाग के साथ बैठक कर प्रदेश में जारी सभी निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जारी विकास कार्यों की स्थिति संतोषजनक है और पूर्ण आशा है कि सभी योजनाएं तय समय पर पूर्ण हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमने चार धाम सड़क परियोजना की ही तरह मानसखंड कॉरिडोर को भी राज्य का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट तय कर इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। हम प्रदेश में केवल नए मार्गों का ही निर्माण नहीं कर रहे बल्कि इन पर आवाजाही को सुरक्षित करने पर भी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में हमारे सीमांत इलाकों तक सड़कों का नेटवर्क बन रहा है।

सामरिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण इस सड़क नेटवर्क की जरुरत वर्षों से महसूस की जा रही थी और आज डबल इंजन की सरकार दशकों से लंबित कार्यों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश धार्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण प्रदेश है। हमारे चारधाम, हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने के स्थल ही नहीं हैं,ये हमारी हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी है। कोई भी देश अपने अतीत को मिटाकर, भुलाकर, कभी विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमें संतोष है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार में बीते 10 वर्षों में स्थितियां बदल गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में चारधामों के साथ ही मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मन्दिरों के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया है। जिसके तहत केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ की सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिए चारधाम आल वेदर सड़क परियोजना पर वृहद स्तर पर कार्य चल रहा है। साथ ही दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनसेवा को ध्येय मान कर कार्य कर रही है और हमारा लक्ष्य उत्तराखंड का सर्वांगीण विकास है। प्रधानमंत्री जी की अपेक्षा के अनुरुप हम उत्तराखण्ड को प्रत्येक क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। हम जन-जन की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ दिन रात निरंतर कार्य कर रहे हैं। जबकि पूर्व की सरकारों ने वादों को पूरा करने की गारंटी देते हुए केवल वोटबैंक की राजनीति का हर वर्ग को छलने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा देश कह रहा है कि 'मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी'। प्रधानमंत्री ने सड़कों के विकास, नए हवाई अड्डों का निर्माण, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को मूल सुविधाएं देने की गारंटी दी है और सभी देख रहे हैं कि आज इनमें से अधिकतर गारंटियां पूरी हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य हर नागरिक का जीवन आसान बनाने का है और हम अपने इस प्रयास में सफल हो रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि विगत 10 वर्षों में भारत का कायाकल्प हुआ है। दुनिया आज भारत का लोहा मान रही है। सांसद अजय टम्टा ने अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के साथ ही चारधामों एवं मानसखंड मंदिर माला को जोड़ने हेतु बनाई जा रही सड़क परियोजनाओं एवं प्रस्तावित परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक काशीपुर त्रिलोक सिंह चीमा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महर, मुख्य अभियंता सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय डीके शर्मा, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## दिल्ली एम्स अब नगद नहीं स्मार्ट कार्ड से लेगा पेमेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एम्स ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर मरीजों को भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट कार्ड लॉन्च किया है। इसके माध्यम से मरीज कैंटीन से लेकर ओपीडी तक और लैब जांच के लिए भुगतान कर सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास और एसबीआई के एमडी मनजीत सिंह के साथ मिलकर 'एम्स स्मार्ट कार्ड' को जारी किया। मरीजों, तीमारदारों को स्मार्ट कार्ड देने और इसका रिचार्ज करने के लिए एम्स में ही जगह-जगह टॉप अप केंद्र मौजूद होंगे। स्मार्टकार्ड की सुविधा के बाद एम्स में कैश नहीं लिया जाएगा। यह कार्ड 24 घंटे काम करेगा। एम्स में यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड से भी भुगतान होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि एम्स-एसबीआई स्मार्ट पेमंट कार्ड दूर-दराज के इलाकों से मरीजों को नकदी ले जाने की समस्या का समाधान करेगा और सुरक्षित भुगतान की गारंटी देगा। मांडविया ने सोमवार को दिल्ली एम्स में एम्स-एसबीआई स्मार्ट भुगतान कार्ड जारी करते हुए कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए यह एक बड़ी राहत है। एम्स स्मार्ट पेमेंट कार्ड की सेवाएं निकट भविष्य में सभी 22 एम्स तक बढ़ाई जाएंगी।

## कांग्रेस में भगदड़ के हालात, अशोक चव्हाण के बाद 12 विधायक लाइन में

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ब्लॉक को बड़ा झटका देते हुए सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस हाईकमान ने चव्हाण का इस्तीफा भी मंजूर कर दिया है। यह घटनाक्रम महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा द्वारा कांग्रेस छोड़ने के कुछ दिनों बाद आया है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। खबर है कि चव्हाण के जाने के बाद कांग्रेस में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं जो कभी भी अपना पाला बदल सकते हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नाना पटोले को लिखे एक पंक्ति के इस्तीफे में अशोक चव्हाण ने लिखा, मैं 12/02/2024 को दोपहर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंपता हूं। 65 वर्षीय नेता ने विधायक पद से अपना इस्तीफा भी स्पीकर को भेज दिया है। इस्तीफे के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अशोक चव्हाण ने कहा, मैंने विधायक के साथ-साथ





कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से अपना इस्तीफा दे दिया है। एक दो दिनों में मैं तय करूंगा कि आगे क्या करना है? मैंने कांग्रेस के लिए पूरा काम किया है। मेरी जिंदगी लेकिन मैं अब विकल्पों की तलाश में हूं। उन्होंने कहा, मैं अपने पूरे जीवन में एक कांग्रेसी रहा हूं और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम किया है। मुझे नहीं लगता कि हर बार हमें यह बताना होगा कि मैंने पार्टी क्यों छोड़ी है, यह मेरा निजी कारण है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी अशोक चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं और आने वाले समय में पाला बदल लेंगे। चव्हाण के अगले कदम के बारे में अटकलों के बीच, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने इंतजार करने और देखने के लिए कहा कि क्या होगा। फडणवीस ने कहा, मैंने मीडिया से अशोक चव्हाण के बारे में सुना। लेकिन अब मैं केवल यही कह सकता हूं कि कांग्रेस के कई अच्छे नेता भाजपा के संपर्क में हैं। जो नेता जनता से जुड़े हुए हैं, वे कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कुछ बड़े चेहरे कांग्रेस में शामिल होंगे। आगे-आगे देखिये होता है क्या? गौरतलब है कि दिसंबर 2008 से नवंबर 2010 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे चव्हाण को महाराष्ट्र में कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता था। मुंबई में आदर्श हाउसिंग घोटाले में कथित संलिप्तता के कारण उन्होंने 2010 में पद छोड़ दिया था। मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ जिले से आने वाले चव्हाण ने 2014-19 के दौरान राज्य कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वह एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री शंकरराव चव्हाण के पुत्र हैं। चव्हाण के इस्तीफे के बाद उनके कुछ वफादारों ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य अमरनाथ राजुरकर, जिनका कार्यकाल अभी समाप्त हुआ है, ने चव्हाण के साथ कांग्रेस में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। एक पार्षद और मुंबई जिला अध्यक्ष, जगदीश अमीन ने भी अपने पार्टी पद से इस्तीफा दे दिया है और फडणवीस और भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## शादी में दूल्हे को 1.25 किलो सोना, मर्सडीज कार और 1 करोड़ कैश, लोग हैरान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए तमाम अभियान चलाए गए लेकिन आज भी समाज से इसे खत्म नहीं किया जा सका है। दहेज प्रथा से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना नोएडा की बताई जा रही है जिसमें दुल्हन का परिवार वर पक्ष को ढेर सारी रकम, वाहन और सामान देता है। यही नहीं दहेज में क्या सामान दिए गए एक शख्स खड़ा होकर बाकायदा लिस्ट पढ़ता नजर आ रहा है। शख्स सामानों की लिस्ट में मर्सिडीज ई-क्लास कार, टोयोटा फॉर्च्यूनर, 1.25 किलो से ज्यादा सोना और 7 किलो चांदी दिए जाने की बात कहता है। यही नहीं कार्यक्रम में कहा जाता है कि वर पक्ष को एक करोड़ रुपये कैश भी दिए जाएंगे। लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। लोग वीडियो पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग ऐसी प्रथा पर चिंता जता रहे हैं तो कुछ लोग पुलिस ऐक्शन की मांग कर रहे हैं। वहीं ग्रेटर नोएडा में एक शादी केवल इसलिए टूट गई क्योंकि दूल्हे की मां को दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी से कम मंजूर नहीं था। मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से तय हुई यह शादी इसलिए टूट गई, क्योंकि दूल्हे की मां ने शादी से ठीक एक सप्ताह पहले दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग रख दी। लड़की पक्ष ने आरोपी दूल्हे, उसके माता-पिता, बहन और बहनोई के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर डेल्टा निवासी परिवार ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से गुरुग्राम निवासी हेमंत के साथ शादी की बात पक्की की थी। रिश्ता तय करते समय हेमंत और उसके परिवार ने कहा कि वह शादी में कोई दहेज नहीं लेंगे। लड़की पक्ष की तरफ से रिश्ता तय कर रिंग सेरमनी का कार्यक्रम किया गया, जिसमें काफी पैसा खर्च हुआ। 14 फरवरी वेलेंटाइन डे के दिन शादी की तिथि निर्धारित हुई। पूरा परिवार शादी की तैयारी में जुट था। रिश्तदारों को निमंत्रण भेजा जा चुका था। अब अचानक हेमंत की मां मधु ने लड़की पक्ष के सामने दहेज की मांग रख दी। हेमंत की मां ने कहा कि उनके 10 रिश्तेदारों के लिए सोने की अंगूठियां देनी होंगी। 51 रिश्तेदारों को कपड़े देने होंगे। 11 लाख रुपये और फॉर्च्यूनर गाड़ी देनी होगी।

## दिल्ली के लोगों को बेघर कर रही केंद्र सरकार, सौरभ भारद्वाज का आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा शासित केंद्र सरकार पर दिल्ली में गैर कानूनी तरीके से झुग्गियां तोड़कर लोगों को बेघर करने का आरोप लगाया है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीते एक साल से झुग्गियों को तोड़ने का काम शुरू हुआ है। फरवरी, 2023 में महरौली का गौसिया कॉलोनी में बुलडोजल चलाकर लोगों को बेघर कर दिया गया था। आज जब मैं यहां बात कर रहा हूं, तो आजादपुर मंडी के नजदीक झुग्गियों पर कार्रवाई हो रही है। यह तब हो रहा है, जब हाईकोर्ट ने ऐसे ही एक मामले पर सुनवाई करते हुए झुग्गियों पर तोड़फोड़ करने पर रोक लगाई है। पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में भारद्वाज ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 400 बस्तियों और वहां स्थित बहुमंजिला इमारतों में तोड़फोड़ पर रोक लगाई है। मैं केंद्र से पूछना चाहता हूं कि छोटी-छोटी बातों पर अधिकारियों को




निलंबित करने वाली सरकार बताए कि गैर कानूनी तरीके से लोगों के आशियाने उजाड़ने वाले अधिकारियों पर उन्होंने अब तक क्या कार्रवाई हुई है। आप मंत्री ने दिल्ली में गैर कानूनी तरीके से लगातार झुग्गियां गिराने को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां झुग्गी वहां मकान का वादा किया गया था लेकिन केवल झुग्गियां तोड़ने का काम किया जा रहा है।

## मराठा आरक्षण पर शिंदे सरकार का फैसला, जल्द बुलाया जाएगा विधानसभा का विशेष सत्र

**मुंबई, एजेंसी।**
मराठा आरक्षण बढ़ाने को लेकर महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 18 फरवरी के बाद सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने जा रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक यह विशेष सत्र 18 से 25 फरवरी के बीच बुलाया जा सकता है। इसके बाद विधानसभा का बजट सत्र भी चलना है। महीने के आखिरी में राज्य का बजट पेश होगा।

तय तारीख बताने के लिए महाराष्ट्र सरकार मराठा सर्वे रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। विधानसभा के विशेष सत्र से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट मंगलवार को कैबिनेट के सामने समीक्षा के लिए रखी जाएगी। इसके बाद इस रिपोर्ट को विशेष सत्र में सदन में पेश किया जाएगा। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने



मराठा कोटा को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे की मांगें मान ली थीं। गोखले इंस्टिट्यूट फॉर पॉलिटिक्स ऐंड इकनॉमिक्स ने राज्य के लगभग 2.5 करोड़ परिवारों का सर्वे किया है। अब महाराष्ट्र स्टेट बैकवर्ड क्लास कमीशन इस सर्वे के परिणामों का विश्लेषण कर रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही सरकार को रिपोर्ट सौंप देगा। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद विशेष सत्र की तारीख भी तय कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि इस सत्र के दौरान मराठा आरक्षण को लेकर सरकार विधेयक पेश करेगी। पहले भी दो बार सरकार विधानसभा में विधेयक लाकर मराठा कोटा देने का प्रयास कर चुकी है। हालांकि बाद में कोर्ट से रोक लग गई। साल 2014 में तत्कालीन अशोक चह्वाण सरकार एक अध्यादेश लेकर आई थी जिसमें शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 16 प्रतिशत मराठा आरक्षण का प्रवाधान था। यह नारायण राणे कमेटी की सर्वे रिपोर्ट पर आधारित था। कांग्रेस-एनसीपी सरकार में माणे मंत्री थे। बाद में बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस आरक्षण पर रोक लगा दी। इसके बाद भाजपा और शिवसेना की सरकार सत्ता में आई। 2018 में देवेंद्र फडणवीस सरकार ने 16 प्रतिशत आरक्षण देने के लिएकानून बनाया। यह एमजी गायकवाड़ कमीशन की रिपोर्ट पर आधारित था। हालांकि 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसपर रोक लगा दी और कहा कि मराठा आरक्षण 50 फीसदी सीमा को पार कर रहा है। अब गोखले इंस्टिट्यूट के सर्वे पर भी सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इस सर्वे की क्वालिटी अच्छी नहीं है। बता दें कि आरक्षण की मांगों को लेकर सरकार द्वारा अध्यादेश का मसौदा जारी करने के बाद ही मनोज जरांगे पाटिल के नेतृत्व में मुंबई की ओर बढ़ रहे आंदोलनकारी पीछे लौटे थे।

## पंजाब के राज्यपाल पाकिस्तान के करीबी इलाकों का दौरा करेंगे

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित 20 फरवरी से 23 फरवरी तक पाकिस्तान से सटे इलाकों का दौरा करेंगे। यह घोषणा सोमवार को की गई। यह पिछले ढाई वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों की उनकी छठी यात्रा है। अपनी यात्रा के दौरान राज्यपाल पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के सीमावर्ती जिलों से गुजरेंगे।

राजभवन के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वह अपनी पिछली यात्राओं के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करने और हाल के दिनों में सामने आए किसी भी नए मुद्दे के समाधान के लिए केंद्रीय एजेंसियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे।

सभी लोग पिकअप पर मूर्ति और डेकोरेशन का सामान लाद कर लौट रहे थे अपने गांव

# पिकअप पलटने से एक की मौत, चार घायल, घटना के बाद गांव में सन्नाटा



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद कडौना ओपी क्षेत्र के कनौदी गांव के समीप पिकअप पलटने से चार युवक घायल हो गए। शकूराबाद थाना क्षेत्र के बरहम स्थान गांव से विक्की कुमार (13), आकाश कुमार (14) और नीतीश कुमार समेत चार लोग पिकअप पर सवार होकर कडौना मूर्ति और डेकोरेशन लाने के लिए घर से निकले थे। सभी सरस्वती पूजा की तैयारी कर रहे थे। सभी लोग पिकअप पर मूर्ति और डेकोरेशन का सामान लाद कर अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही कनौदी गांव के पास पहुंचे चालक ने संतुलन खो दिया। जिसके कारण पिकअप सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसमें 4 छात्र घायल हो गए। आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने विक्की कुमार पिता विद्यानंद प्रसाद (13) को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच कर रही है। कडौना ओपी के पुलिस ने कहा कि हम लोगों की सूचना मिली कि सड़क के किनारे गड्ढे में पिकअप पलट गया है। जब तक हम लोग घटनास्थल पर आए तब तक उन लोगों ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था। जहां एक बालक की मौत हो गई है। हम लोग अपने स्तर से जांच कर रहे हैं। घटना के बाद गांव में सन्नाटा है। बच्चे सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी कर रहे थे।

## ट्रेन से काटकर रिटायर्ड शिक्षक ने की आत्महत्या

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में एक रिटायर शिक्षक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घटना जहानाबाद-गया-पटना रेल खंड पर राजा बाजार के पास की है। वहीं मृतक की पहचान राजा बाजार मोहल्ला निवासी राम ध्यान शर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार के शाम वह अपने घर से घूमने के लिए निकले थे। वहीं देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन उनकी खोजबीन शुरू की। जिसके बाद रेलवे ट्रैक के किनारे उनका शव पड़ा मिला। जिसके बाद घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह का विवाद नहीं था। वह घर से बाजार घूमने बात कह कर निकले थे। जिसके उनके नहीं लौटने पर हमलोगों ने खोजबीन शुरू की। तब अचानक हमे उनकी मौत की जानकारी हुई। नगर थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रेन से कटने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद यह स्पष्ट हो पाएगा की घटना का कारण क्या है। ट्रेन के चपेट में आने से उनकी मौत हुई है या यह व्यक्ति ने खुद आत्महत्या किया है, सभी पहलू पर जांच की जा रही है।

# धर्मपुरा ओपीध्यक्ष सस्पेंड, बिजली से संबंधित 10 केस देरी से दर्ज करने पर कार्रवाई

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** पुलिस महकमे में फेरबदल किया गया है। एक ओपीध्यक्ष को सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि बिक्रमगंज थानाध्यक्ष को पुलिस लाइन बुला लिया गया है, जबकि धर्मपुरा ओपीध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि धर्मपुरा ओपी प्रभारी सुरेंद्र बैठा पर बिजली के 10 कांड को देरी से दर्ज करने पर कार्रवाई की गई है। मामले में सीआई नोखा ने जांच कराई थी। सीआई नोखा की रिपोर्ट के आधार पर निलंबित करते हुए पुलिस लाइन वापस किया गया है। बताया कि बिजली विभाग के रेड के बाद एफआईआर नहीं की। कई दिन बाद एफआईआर के लिए थाना पर आवेदन देने का मामला सामने आया। जांच करके बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारियों को रिपोर्ट जिले को भेजा जाएगा। एसपी ने बताया पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, थानाध्यक्ष बिक्रमगंज थाना ने अपने स्वास्थ्य संबंधी कारणों का उल्लेख करते हुए पुलिस केन्द्र वापस करने के लिए अनुरोध किया था। उनकी जगह ललन कुमार को बिक्रमगंज का थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## नशे की हालत में तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** नगर थाने की पुलिस ने शहर के पूरब नहर के पास से नशे की हालत में तीन लोगो को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अखलासपुर गांव के अवधेश कुमार, कुंज गांव के उत्सव कुमार व एक अन्य शामिल हैं। पुलिस ने सदर अस्पताल के चिकित्सक से तीनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उनके खिलाफ मद्य निषेध एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों को धुआं से मिलेगी मुक्ति, एलपीजी सिलेंडर होंगे उपलब्ध

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जिले में 1200 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र चलाये जा रहे हैं। इन सभी केन्द्रों को समाज कल्याण विभाग ने धुआं से मुक्ति दिलाने का निर्णय लिया है। समाज कल्याण विभाग की उप सचिव कुमारी सीमा ने सितंबर 2023 में ही डीएम व आईसीडीएस डीपीओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों को धुआं से मुक्ति दिलाने के लिए एलपीजी गैस कनेक्शन कराने का आदेश दिया था। लेकिन, जिले में चार माह बीत जाने के बावजूद, आंगनबाड़ी केन्द्रों को धुआं से मुक्ति नहीं दिलायी जा सकी। नतीजा यह कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में जलावन पर आज भी बच्चों का पोषाहार बनाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के उप सचिव कहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भोजन तैयार करने में जलावन के रूप में लकड़ी का इस्तेमाल करने से धुआं फैलने से बच्चों समेत सेविकाओं व सहायिकाओं का स्वास्थ्य प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है।

# एनसीसी प्रभारियों के साथ 42वीं बटालियन के कर्नल डीएस मलिक ने की बैठक

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पदस्थापित एनसीसी प्रभारियों के साथ 42वीं एनसीसी बटालियन के कर्नल डीएस मलिक ने मंगलवार को बैठक कर कई निर्देश दिए। एनसीसी को होने वाले बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा की तेयारी को लेकर विचार विमर्श किया और कैडेट परीक्षा में कैसे बेहतर कर सकते हैं, इसकी जानकारी दी। कहा कि बी और सी सर्टिफिकेट से हायर एजुकेशन में बोनस मार्क मिलता है। इसी तरह से इनसे प्रतियोगी परीक्षा में भी बोनस मार्क्स मिलता है। कर्नल डीएस मलिक ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एनसीसी के कैडेट रहे हैं।

सरकार एनसीसी का विस्तार कर रही है। बताया कि एनसीसी का लक्ष्य अब पूरे देश में 15 लाख से 25 लाख हो गई है। इसका लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चे को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि एनसीसी से जुड़ने में बच्चे की लाइफ में अनुशासन होता है। बताया कि एनसीसी से सुरक्षा बलों में डायरेक्ट भी जाने का मौका मिलता है। इसमें बच्चियों के लिए 5 और 35 सीट लड़कों के लिए है। सी सट्रिफिकेट प्राप्त करने वाले बच्चे इसके लिए डायरेक्ट इंटरव्यू देते हैं।

## कचहरी के समीप से बाइक ले उड़े उच्चके

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय में आवश्यक कागजात बनवाने आये एक व्यक्ति की बाइक की चोरी कर ली गई। इस मामले में भगवानपुर थाना क्षेत्र के पढ़ौती गांव निवासी सोनू कुमार ने सदर थाने में आवेदन दिया है। उसने अपने आवेदन में लिखा है कि वह अपने साला की बाइक लेकर कचहरी में कुछ कागजात बनवाने आया था। उसने बाइक को कचहरी के बाहर खड़ी कर कोर्ट में चला गया। वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। आसपास में पता करने पर बाइक के बारे में कुछ भी पता नहीं चला। आवेदक ने चोरी गई बाइक की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

# महाप्रबंधक ने शक्तिनगर-गढ़वा-सोननगर रेलखंड का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, साफ-सफाई का लिया जायजा

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज धनबाद मंडल के शक्तिनगर-गढ़वा-सोननगर रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने शक्तिनगर और सोननगर के मध्य आने वाले छोटे-बड़े स्टेषनों, रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने सर्वप्रथम शक्तिनगर में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में कोयला के सुगम परिवहन, विद्युत घरों को कोयला की और तेजी से आपूर्ति सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा कृष्णशिला-अनपरा दोहरीकरण का निरीक्षण किया गया। तत्पष्चात् वे फाफड़ाकुंड-ओबरा डैम के बीच निर्माणाधीन रेल पुल संख्या 07 की कार्य प्रगति से अवगत हुए। महाप्रबंधक ने संरक्षा की महत्ता को रेखांकित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मानक के अनुरूप उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देष दिया। महाप्रबंधक ने फाफड़ाकुंड-ओबरा डैम के बीच निर्माणाधीन रेलपुल के निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य से जुड़े कर्मियों से निर्माण कार्य में अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग आदि के संबंध में पूछताछ की। इसी क्रम में ओबरा डैम एवं ओबरा स्टेशन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने इन स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा नगर उंटारी स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने एफओबी, प्लेटफॉर्म, पैनल रूम, सर्कुलेटिंग एरिया की साफ-सफाई एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायज़ा लिया तथा स्टेशन पर चल रहे रेल विकास से जुड़े कार्यों से अवगत हुए। उन्होंने गढ़वा स्टेशन एवं सोननगर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में हार्ट अटैक से यात्री की मौत



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री की मौत हो गई। उन्हें हार्ट अटैक आया था। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि ट्रेन जब प्लेटफार्म पर आई तब स्टेशन मास्टर को कुछ यात्रियों ने सूचना दी कि गाड़ी संख्या 12307 अप हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस के कोच संख्या S-6 में बर्थ संख्या 53 के यात्री को हार्ट अटैक आया। बाथरूम में बेहोशी की हालत में पड़े हुए हैं। इलाज की आवश्यकता है। सूचना आरपीएफ को दी गई। सूचना पर यात्री को ट्रेन से उतार लिया गया। गांव के लोग भी साथ थे। तत्काल निजी वाहन से सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर सासाराम में भर्ती करवाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक यात्री के साथ उनके पड़ोसी सहयात्री लख्मीचंद ने मृतक की पहचान केवर लाल उम्र (59) के रूप में बताई जो बीकानेर राजस्थान निवासी थे। दोनों पारसनाथ से बीकानेर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान मृतक केवर लाल बाथरूम करने के लिए गए। इस दौरान बाथरूम में ही उनको अटैक आ गया और वह बाथरूम में ही गिर गए। सूचना सहयात्री लख्मीचंद ने परिजनों को दे दी है। जीआरपी सासाराम एएसआई पिंटू कुमार चौधरी कार्रवाई में लगे हैं।

# छापेमारी करने गई उत्पाद टीम पर हमला, तीन विभागीय पुलिसकर्मी घायल



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहराढ़ गांव में मंगलवार को शराब के छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग के टीम पर शराब धंधेबाजों ने किया पथराव कर दिया। बताया जाता है कि सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहराढ़ गांव में मंगलवार को विभागीय टीम छापामारी करने गई थी, इसी दौरान उत्पाद विभाग की टीम पर शराब के प्रतिबंध धंधे में लिप्त धंधेबाजों ने हमला बोल दिया। हमले में उत्पाद विभाग के तीन पुलिस जवान घायल हो गए। विभाग के सहायक आयुक्त तारिक महमूद ने घटना की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार शराब माफियाओं ने उत्पाद विभाग की टीम को चारों तरफ से घेर पर ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया। उत्पाद विभाग के सिपाही नीतीश कुमार, धर्मेंद्र कुमार और मनीष कुमार चोटिल हुए हैं, जिसमें से एक को ज्यादा चोट लगी है। हमला में उत्पाद विभाग की वाहनों को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया है। घटना के बाद सभी घायल पुलिसकर्मियों को सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। सासाराम मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में उत्पाद विभाग के द्वारा 10 पर नामजद और 11 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी की जा रही है।

# बसंत पंचमी मेला को लेकर, गुप्ताधाम जाने वाले पथ पर चार पहिया वाहनों पर रोक

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के चेनारी प्रखंड के कैमूर पहाड़ी स्थित गुप्ता धाम में बसंत पंचमी 14 फरवरी बुधवार को लगने वाले मेले में चार पहिया वाहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं दो पहिया वाहन को चलाने की इजाजत मिली है। वन विभाग के रेंजर सुरेश ठाकुर ने बताया गुप्ता धाम के रास्ते का निरीक्षण किया गया है उसके बाद यह निर्णय लिया गया है। वन क्षेत्र से गुजरने वाली सड़क कहीं-कहीं जर्जर है जिसको देखते हुए चार पहिए वाहन पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। वहीं दो पहिए वाहन को चलाने की इजाजत दी गई है। वही वन विभाग के द्वारा सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से बसंत पंचमी पर लगने वाले मेले में वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। मेले के दौरान केवल मोटरसाइकिल को आनेण्जाने की अनुमति दी गई है। साथ ही श्रद्धालु पैदल यात्रा कर गुप्ता धाम पहुंचकर पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर कर सकते हैं। वन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि गुप्ता धाम आने जाने वाले रास्ते में मोटरसाइकिल सवार होकर श्रद्धालु बाबा के गुप्ता धाम के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। उक्त वाहन पर दो लोगों से अधिक किसी को नहीं बैठाना है अगर रास्ते में पकड़े गए हैं तो उनके ऊपर 500 रुपए का जुर्माना भी लिया जाएगा। बताया कि मेले में शाहाबाद के चारो जिलों रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर एवं आस-पास के इलाकों से मेले में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसलिए एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।

# सरस्वती पूजा को ले काको एवं पाली थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

निज संवाददाता



जहानाबाद। सरस्वती पूजा को शांति एवं सद्भभाव पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर काको एवं पाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास पदाधिकारी लोक प्रकाश एवं थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने किया इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न जगहों से आए हुए सरस्वती पूजा समितियों जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों से पहले परिचय प्राप्त किया तथा उनलोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या की देवी सरस्वती माता की पूजा शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं सभी पुजा समितियां मूर्ति बैठाने से पूर्व थाना से लाइसेंस ले लें जो भी पुजा समिति के लोग उपस्थित नहीं हुए हैं उनको भी इसकी सूचना दे दें । कोई लोग शराब का सेवन नहीं करेंगे शराब के नशे में पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी वही किसी भी प्रकार के गड़बड़ी फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखें और इसकी सूचना पुलिस को दे साथ ही उन्होंने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। पूजा के बाद तय समय तक प्रतिमा का विसर्जन कृत्रिम तालाब में अवश्य कर दें इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल रंजन, उपाध्यक्ष पति रवि यादव,वार्ड पार्षद मुकेश कुमार, विकास कुमार, शैलेश यादव, मुखिया अजय कुमार, पूर्व मुखिया रंजय कुमार सिंह, मुखिया गंगासागर कुंज बिहारी, पूर्व मुखिया राजीव कुमार, समाजसेवी मुजम्मिल इमाम, गुलाम गौस, तनवीर हसन समेत क्षेत्र के कई गण्यमान्य लोग एवं दोनो थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों/ सूचीबद्ध/औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू पशु वितरण उपयोजना" के चयनित लाभुकों/ सूचीबद्ध/ औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में आयोजित दुधारू पशुमेला, प्रदर्शनी सह कार्यशाला में दिनांक– 28.02.2024 को दुधारू पशु वितरण का कार्यक्रम आयोजित है।

अतः सभी सूचीबद्ध/औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध दुधारू पशुविक्रताओं को सूचित किया जाता है कि दुधारू पशु वितरण के पूर्व दुधारू पशुओं का 15 दिनों का संगरोध का अनुपालन करते हुए दिनांक– 28.02.2024 को दुधारू पशु वितरण यथाशीघ्र दुधारू पशुमेला, प्रदर्शनी सह कार्यशाला में दुधारू पशु लाना सुनिश्चित करें तथा साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत वैसे चयनित लाभुकों जिनके बैंक खाते में अनुदान की राशि DBT कर दी गई है परन्तु अभी तक जिनके द्वारा दुधारू पशु क्रय नहीं किया गया है को सूचित किया जाता है कि यथाशीघ्र दुधारू पशुमेला, प्रदर्शनी सह कार्यशाला में आकर दुधारू पशु क्रय करना सुनिश्चित करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.318865 Animal Husbandry(23-24):D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा।**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**–: आदेश :–**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं उस पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। सभी अनुज्ञप्तिधारी निम्नांकित तिथियों के अनुसार पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे के बीच शस्त्रों का भौतिक सत्यापन संबंधित थाना में करना सुनिश्चित करेंगे।

थानावार निम्नांकित पदाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित सत्यापन तिथि को संबंधित थाना में सभी प्रकार के शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं उस पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु प्राधिकृत करते हुए प्रतिनियुक्त किया जाता है। संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं उस पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी शस्त्र सत्यापन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी | स्थान जहाँ शस्त्र निरीक्षण किया जायेगा | भौतिक सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अंचल अधिकारी, गढ़वा | थाना परिसर, गढ़वा | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 2 | अंचल अधिकारी, डण्डा | थाना परिसर, डण्डा | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 3 | अंचल अधिकारी, मेराल | थाना परिसर, मेराल | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 4 | अंचल अधिकारी, डण्डई | थाना परिसर, डण्डई | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 5 | अंचल अधिकारी, रमना | थाना परिसर, रमना | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 6 | अंचल अधिकारी, विशुनपुरा | थाना परिसर, विशुनपुरा | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 7 | अंचल अधिकारी, नगर उँटारी | थाना परिसर, नगर उँटारी | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 8 | अंचल अधिकारी, भवनाथपुर | थाना परिसर, भवनाथपुर | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 9 | अंचल अधिकारी, खरौंधी | थाना परिसर, खरौंधी | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 10 | अंचल अधिकारी, केतार | थाना परिसर, केतार | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 11 | अंचल अधिकारी, मझिऑव | थाना परिसर, मझिऑव | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 12 | अंचल अधिकारी, काण्डी | थाना परिसर, काण्डी | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 13 | अंचल अधिकारी, बरडीहा | थाना परिसर, बरडीहा | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 14 | अंचल अधिकारी, रंका | थाना परिसर, रंका | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 15 | अंचल अधिकारी, रमकण्डा | थाना परिसर, रमकण्डा | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 16 | अंचल अधिकारी, चिनियां | थाना परिसर, चिनियां | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 17 | अंचल अधिकारी, धुरकी | थाना परिसर, धुरकी | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 18 | अंचल अधिकारी, भण्डरिया | थाना परिसर, भण्डरिया | 15-02-2024 से 25-02-2024 |
| 19 | अंचल अधिकारी, सगमा | थाना परिसर, सगमा | 15-02-2024 से 25-02-2024 |

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।

PR 318845 (District) 23-24 (D)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper





ब्रेट ली की एक गेंद ने खत्म कर दिया था करियर, नहीं तो ...

# आज भारत के पास होता दूसरा विराट !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम को एक चमकता हुआ सितारा मिला. कोहली ने अपनी कप्तानी में भारत को 2008 में अंडर-19 वर्ल्ड कप जितवाया था और इसी साल अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. अब विराट कोहली रिटायर होने के करीब पहुंच चुके हैं तो फैंस के मन में एक सवाल खड़ा हो रहा है कि अब उनकी जगह कौन लेगा? तो हम आपको ऐसे भारतीय खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो टीम इंडिया के लिए अगला विराट कोहली हो सकता था, लेकिन पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ ब्रेट ली की एक गेंद ने उसका करियर बर्बाद कर दिया था.

अब विराट कोहली रिटायर होने के करीब पहुंच चुके हैं तो फैंस के मन में एक सवाल खड़ा हो रहा है कि अब उनकी जगह कौन लेगा? तो हम आपको ऐसे भारतीय खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो टीम इंडिया के लिए अगला विराट कोहली हो सकता था, लेकिन पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ ब्रेट ली की एक गेंद ने उसका करियर बर्बाद कर दिया था. हम बात कर रहे हैं 2012 में भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले उन्मुक्त चंद की. विराट कोहली की तरह दिल्ली से आने वाले उन्मुक्त चंद ने भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जितवाया, जिसके बाद से ही उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम का अगला स्टार माना जाने लगा था, लेकिन अफसोस वो भारत के लिए डेब्यू तक नहीं कर सके. हम बात कर रहे हैं 2012 में भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले उन्मुक्त चंद की. विराट कोहली की तरह दिल्ली से आने वाले उन्मुक्त चंद ने भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जितवाया,लेकिन अफसोस वो भारत के लिए डेब्यू तक नहीं कर सके.उन्मुक्त का भारत के लिए डेब्यू न कर पाने में ब्रेट ली को बड़ा कसूरवार माना जाता है. कहा जाता है कि आईपीएल में ब्रेट ली की एक गेंद ने उन्मुक्त का करियर ऐसा खत्म कर दिया था, जिसके बाद वो आईपीएल के भी ज़्यादा मुकाबले नहीं खेल सके और सिर्फ 28 साल की उम्र में उन्हें भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ गया था.

उन्मुक्त का भारत के लिए डेब्यू न कर पाने में ब्रेट ली को बड़ा कसूरवार माना जाता है. कहा जाता है कि आईपीएल में ब्रेट ली की एक गेंद ने उन्मुक्त का करियर ऐसा खत्म कर दिया था, जिसके बाद वो आईपीएल के भी ज़्यादा मुकाबले नहीं खेल सके और सिर्फ 28 साल की उम्र में उन्हें भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ गया था.आईपीएल 2013 की पहली गेंद उन्मुक्त चंद ने खेली थी, जो ब्रेट ली की थी और वो बोल्ड हो गए थे. उस गेंद को उन्मुक्त का करियर खत्म कर देने वाली गेंद कहा जाता है. 2013 में उन्मुक्त दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) का हिस्सा थे.

# सुरेश रैना फिर दिखेंगे पीली जर्सी में

## बने कप्तान, 23 फरवरी से होंगे मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना एक बार फिर से मैदान पर चौके छक्के लगाते दिखेंगे। रैना इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के उद्घाटन सत्र के लिए वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के कप्तान बन गए हैं। यह टूर्नामेंट 23 फरवरी से 3 मार्च 2024 तक खेला जाएगा।



रैना अपनी टीम के लिए फिर से पीली जर्सी पहने नजर आएंगे। रैना टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि मैं इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। मैं वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के लिए उपस्थित होऊंगा। यह एक बार फिर बड़े नामों के साथ खेलने का मौका है। रैना की टीम में रजत भाटिया और डैन क्रिश्चियन भी हैं जोकि देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबले खेलेगी।

आईवीपीएल का आयोजन भारतीय अनुभवी क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट में वीरेंद्र सहवाग, मुनाफ पटेल, क्रिस गेल और हर्शल गिब्स भी खेलेंगे। बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने कहा कि दिग्गज क्रिकेटर इस खेल को जनता के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाएंगे।

## रणजी ट्रॉफी 2024:

# रणजी ट्रॉफी में जडेजा ने उगली आग, अकेले ही 10 विकेट लेकर मचा दी तबाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी हम जडेजा नाम सुनते हैं तो हमारे दिमाग में छवी रविंद्र जडेजा के अलावा किसी और खिलाड़ी की नहीं बनती है। भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टीम को कई मैच जिताए हैं और अपने नाम का डंका बजाया है। वहीं उनके नाम के एक खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी में अब कोहराम मचाया है। आज हम रविंद्र जडेजा की नहीं बल्कि प्रियजीत सिंह जडेजा के बारे में बात कने जा रहे हैं। जो स्पिनर नहीं बल्कि एक खूंखार तेज गेंदबाज हैं। प्रियजीत सिंह जडेजा ने मौजूदा समय में चल रही रणजी ट्रॉफी में कमाल कर दिया। उन्होंने 1-2 नहीं बल्कि पूरे 10 विकेट लिए जिसके चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।



### प्रियजीत सिंह ने पंजाब का किया काम तमाम

दरअसल, एलीट ग्रुप सी में गुजरात और पंजाब के बीच मैच खेला गया। इस मुकाबले में गुजरात के लिए खेलते हुए प्रियजीत सिंह ने तहलका मचा दिया। उन्होंने पहली और दूसरी यानी दोनों पारियों में पंजा खोला। पहली पारी में 15.5 ओवर में जडेजा ने 60 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में 39 रन देकर फिर 5 विकेट झटके। अपने इस कमाल के प्रदर्शन से जडेजा अब लाइमलाइट में आ गए। बता दें कि प्रियजीत सिंह जडेजा का करियर काफी ज्यादा युवा है। उन्होंने अब तक बस 3 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले हैं, जिसमें उनके नाम 13 विकेट हैं।

इसके अलावा बात करें मैच की तो, पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 339 रन बोर्ड पर लगा दिए। इसके जवाब में पंजाब 219 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। तीसरी इनिंग में गुजरात ने 8 विकेट पर 290 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित कर दिया और पंजाब के सामने 411 रन का बड़ा टारगेट रखा। हालांकि पंजाब की बल्लेबाजी दूसरी पारी में पूरी तरह से फ्लॉप हो गई और वह 111 रन पर ही ऑल आउट हो गए। गुजरात ऐसे 299 रन से मैच जीत गया।

## दो साल पहले मैकलम ने दिया था ये बयान

# जैक क्रॉली ने अपने कोच को ही गलत साबित कर दिया

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रैंडन मैकलम का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है, जो उन्होंने दो साल पहले दिया था। उन्होंने इंग्लैंड के एक खिलाड़ी को लेकर दावा किया था कि वह कंसिस्टेंट नहीं है, लेकिन अब वही खिलाड़ी टीम के लिए अहम बन चुका है। जी हां, इंग्लैंड की बैजबॉल के इस युग में जैक क्रॉली शीर्ष पर हैं। उन्होंने विशाखापट्टनम टेस्ट मैच की पहली पारी में 76 और दूसरी पारी में 73 रन बनाए थे। पहले मैच की दोनों पारियों में वे 51 रन बनाने में सफल हुए थे।

2022 समर सीजन में ब्रैंडन मैकलम ने जैक क्रॉली को लेकर बयान दिया था, वह कभी भी एक कंसिस्टेंट टाइप क्रिकेटर नहीं बन पाएगा।÷ उनके कहने का मतलब था कि वे ऐसे खिलाड़ी नहीं बन जाएंगे, जो लगातार टीम के लिए रन बनाए। उनका औसत उस सीजन में महज 23 का था। हालांकि, अब इस पर जैक क्रॉली ने पलटवार किया।

पहले अपने प्रदर्शन से और अब अपने बयान से उन्होंने मैकलम को जवाब दिया। पहले पाकिस्तान और अब भारत में वे बैजबॉल के फ्लैग बीयरर हैं। उस बयान के बाद जैक क्रॉली ने पाकिस्तान के




खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट मैच में 122 और 50 रन की पारी खेली। इसके बाद दो अन्य मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में वे हर बार दोहरे अंकों तक पहुंचे।

अब भारत के खिलाफ राजकोट में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में जब क्रॉली को मैकलम के उस बयान के बारे में पूछा गया तो वे उन शब्दों को सुनकर मुस्कुरा दिए।

# क्या साल 2024 रहेगा पीवी सिंधू के नाम?

## चोट से उबरने के बाद एशिया टीम चैंपियनशिप में करेंगी वापसी

**शाह आलम (मलयेशिया)एजेंसी।** थॉमस कप चैंपियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य पदक जीता था। सिंधू के लिए यह टूर्नामेंट ज्यादा अहमियत रखता है क्योंकि वह पिछले साल अक्तूबर से खेल से बाहर हैं जिससे वह अपनी मैच फिटनेस देखना चाहेंगी और जरूरी आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी।

### पहले नॉकआउट में पहुंचने का लक्ष्य

भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं



होगा। एचएस प्रणय की अगुआई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। महिला टीम के लिए सफर मुश्किल भरा होगा जिसमें सिंधू और दो युगल जोड़ियां त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो शामिल हैं। 28 साल की सिंधू को फ्रेंच ओपन में घुटने में चोट लग गई थी। फिटनेस हासिल करने के बाद वह बेंगलुरु में 'मेंटोर' प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग में जुटी थीं।

### ओलंपिक के लिए मिलेंगे जरूरी क्वालिफिकेशन अंक

यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इससे 'रेस टूर द 2024 पेरिस ओलंपिक' के लिए महत्वपूर्ण क्वालिफिकेशन अंक मिलेंगे।

ध्यान युवा और दूसरे दर्जे के भारतीय खिलाड़ियों पर भी लगा होगा जिसमें अस्मिता चालिहा, अनमोल खरब और तन्वी शर्मा शामिल हैं। भारत बुधवार से अपने अभियान की शुरुआत करेगा जिसमें पुरुष टीम का सामना हांगकांग से होगा जबकि सिंधू एंड कंपनी की भिड़ंत चीन से होगी जिसमें ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई अनुपस्थित होंगी।



# एफआईएच हॉकी प्रो लीग - भारतीय महिला टीम चीन से 1-2 से हारी

**राउरकेला, एजेंसी।** यहां के बिरसा मुंडा स्टेडियम में सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण में निराशाजनक शुरुआत करते हुए चीन से 1-2 से हार गई।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने संगीता कुमारी की बदौलत बढ़त बना ली, लेकिन गु बिंगफेंग (14, 53) के दो गोल ने चीन को 2-1 से मैच जीतने में मदद की।फारवर्ड वंदना कटारिया के असाधारण क्रॉस और संगीता कुमारी (7) के समान रूप से उल्लेखनीय फिनिश की बदौलत भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही बढ़त ले ली। दोनों टीमों ने अपनी लय बरकरार रखी और उन्हें कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर अवसरों में से किसी को भी परिवर्तित करने में सक्षम नहीं था, चीन ने अपने दूसरे का पूरा उपयोग किया, क्योंकि गु बिंगफेंग (14) ने पहले क्वार्टर में एक मिनट से थोड़ा अधिक समय शेष रहते हुए बराबरी कर ली।

दूसरे क्वार्टर में चीन ने गेंद पर अधिक कब्ज़ा कर लिया, लेकिन भारतीय रक्षा ने चीनियों को डॉट्स कनेक्ट करने और बढ़त लेने की अनुमति नहीं दी। दूसरे क्वार्टर में लगभग 10 मिनट शेष रहने पर चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने अच्छा बचाव किया।

# ओसाका ने गार्सिया को कतर ओपन के पहले दौर में हराया

**दोहा, एजेंसी।** पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका अपनी जीत की राह पर लौट आई और उन्होंने कतर ओपन, डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के पहले दौर में नंबर 15 वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया को 7-5, 6-4 से हराया। सोमवार रात को अपनी 1 घंटे और 28 मिनट की जीत के साथ ओसाका ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में गार्सिया से अपनी पहले दौर की हार का बदला लिया, जो 2022 के अंत में मैटरनिटी लीव शुरू होने के बाद से ओसाका की पहली ग्रैंड स्लैम उपस्थिति थी।



दूसरे दौर में ओसाका का मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक से होगा। पूर्व शीर्ष 15 खिलाड़ी मार्टिक ने तीन घंटे के संघर्ष में डचवुमैन अरांटेक्सा रूस को 7-5, 3-6, 7-6(5) से हराया। ओसाका ने इस सीजन में अपनी वापसी का पहला मैच ब्रिस्बेन में तमारा कोरपात्श के खिलाफ जीता था, लेकिन लगातार अगले तीन मैच हार गई थी। मार्च 2022 में मियामी ओपन में बेलिंडा बेनसिक को हराने के बाद से अब वह शीर्ष 50 खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल करके ट्रैक पर वापस आ गई है।

# न्यूजीलैंड ने एक दिन में फेंके 29 ओवर मेडेन, रचिन रविंद्र ने अब गेंदबाजी में दिखाया कमाल

**हैमिल्टन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला हैमिल्टन में खेला जा रहा है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र के तहत खेली जा रही इस सीरीज के दूसरे मुकाबले के पहले दिन साउथ अफ्रीका की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी।

न्यूजीलैंड की टीम चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। पहले दिन कुल 89 ओवरों का खेल हुआ, जिसमें से 29 ओवर मेडेन रहे, जिनमें बल्ले से एक भी रन नहीं बना। साउथ अफ्रीका की टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट खोकर 89 ओवर में सिर्फ 220 रन बनाए। इसमें से 29 ओवर मेडेन थे। 8 ओवर रचिन रविंद्र ने मेडेन किए, जो कि एक पार्ट टाइम बॉलर समझे जाते हैं। खास बात ये रही कि पहले मैच में दोहरा शतक जड़ने वाले रचिन रविंद्र ने इस मैच में गेंदबाजी में कमाल कर दिखाया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। 21 ओवर में 33 रन




देकर उन्होंने तीन विकेट निकाले। न्यूजीलैंड की तरफ से 7 ओवर टिम साउदी ने मेडेन फेंके, जबकि 6 ओवर नील वैग्नर के रनों के बिना रहे। 5 ओवर मैट हेनरी ने बिना कोई रन दिए फेंके।

इसके अलावा 3 ओवर पहला टेस्ट मैच खेल रहे विलियम ओररकी ने मेडेन फेंके। साउथ अफ्रीका के लिए कई बल्लेबाजों ने शुरुआत हासिल की, लेकिन कोई अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाया है। हालांकि, रुआन डिस्वार्ट 135 गेंदों में 55 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं। वे दूसरे दिन भी बल्लेबाजी करेंगे। उनके अलावा 39 रन डेविड बेडिंघम ने बनाए, जबकि 32 रन रैनार्ड वैन टोंडर के बल्ले से निकले।

शॉन वोन बर्ग 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज रनों के लिए तरसते नजर आए। सटीक लाइन और लेंथ के साथ कीवी पेसर्स ने गेंदबाजी की। हालांकि, अच्छी बात ये रही कि साउथ अफ्रीका ने पहले दिन अपने सभी विकेट नहीं गंवाए।

# मैराथन में इतिहास रचने वाले केल्विन की 24 साल की उम्र में मौत

## सड़क हादसे में गंवाई जान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैराथन के विश्व रिकॉर्ड धारक और पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के प्रबल दावेदार केल्विन किपटुम की पश्चिमी केन्या में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई।

यह 24 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे कप्टागाट से एल्डोरेट जा रहा था, तभी कार लुढ़क गई। इसमें केल्विन के अलावा उनके रवांडा के कोच गेरवाइस हकीजिमाना की मौत हो गई। कार में तीन लोग सवार थे, दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक को अस्पताल ले जाया गया। पश्चिमी केन्या के एलियो माराकवेट काउंटी के पुलिस कमांडर पीटर मुलिंगे ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस ने कहा- केल्विन एल्डोरेट की ओर जा रहे थे और वाहन ने नियंत्रण खो दिया और खाई में गिर गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला यात्री घायल हो गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

केल्विन ने मैराथन में तब तहलका मचाया था जब उन्होंने पिछले साल अक्तूबर में शिकागो में विश्व रिकॉर्ड 2: 00:35 का समय लेकर स्वर्ण जीता था। उन्होंने साथी केन्याई एलियुड किपचोगे के पिछले रिकॉर्ड को 34 सेकंड से तोड़ा था। केल्विन उस समय सिर्फ 23 वर्ष के थे और केवल अपने तीसरे मैराथन में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। किपटुम ने अपने अन्य दो प्रयासों में भी जीत हासिल की थी।

2022 में वेलेंसिया और फिर अगले साल लंदन में भी विजयी अभियान जारी रखा। केन्या के इस एथलीट ने घोषणा की थी कि वह 14 अप्रैल को रोटरडम में दो घंटे से कम में रेस पूरा करने और ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति बनने की कोशिश करेंगे। हालांकि, इससे पहले ही उनका निधन हो गया। वह पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए प्रबल दावेदार थे।

विश्व एथलेटिक्स ने किपटुम को हाल के समय के सबसे प्रभावशाली एथलीट के रूप में श्रद्धांजलि दी है। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने एक बयान में कहा, हम केल्विनऔर उनके कोच गेरवाइस हकीजिमाना के निधन के बारे में जानकर हैरान और गहरे दुख में हैं। विश्व एथलेटिक्स की ओर से हम उनके परिवारों, दोस्तों, टीम के साथियों और केन्याई राष्ट्र के प्रति अपनी गहरी संवेदना भेजते हैं।

## एक नजर

### बाईक चोरी होने पर प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज शहर के बाबुगंज मुहल्ले से एक बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। बाबूगंज के महाराजा कुमार ने थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया है कि बी आर 26 यू 8714 को 11 फरवरी के रात में घर के सामने लगा दिये थे। सुबह उठकर देखा कि बाइक गायब है। काफी खोजबीन किये पता नहीं चल पाया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर के मधुर विहार पथ नूतन अकादमी परिसर में राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को विद्यालय के स्थापना दिवस पर बच्चों के द्वारा रंगमंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा कार्यक्रम का शुभारंभ ओबरा पूर्व विधायक सह स्वराज पार्टी लो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोम प्रकाश सिंह नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय के द्वारा किया जाएगा।

### उपप्रमुख के पति पर एक लाख रुपये लेने का आरोप

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के नवीनगर उपप्रमुख के पति गुड्डू सिंह पर सीओ और माली थानाध्यक्ष से कार्य कराने के नाम पर एक लाख रुपये लेने के मामले में रविवार को नबीनगर थाना में प्राथमिकी हुई है। माली थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी महेंद्र वैद्य के द्वारा कराई गई प्राथमिकी में सीओ और थानाध्यक्ष से कार्य कराने के नाम पर एक लाख रुपये लेकर कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया गया है।

### इलाज के दौरान 17 दिन के बच्चे की हुई मौत

**नवीनगर(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले नवीनगर के जनकपुर पोखरा स्थित एक शिशु क्लीनिक में इलाज के क्रम में बसडीहा जानकीपुर निवासी मनोज कुमार यादव के 17 दिन के बच्चे रौशन कुमार की मौत हो गई। मृतक के चाचा अनोज कुमार ने बताया कि पांच दिन से बच्चे को सर्दी-बुखार था। इलाज के लिए क्लीनिक में लाए थे। डॉक्टर के द्वारा बच्चे के नाक में पाइप डाली गई जिससे उसके नाक से खून आ गया और फिर उसकी मौत हो गई।

जिला योजना सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

# विभिन्न कार्य योजना से संबंधित कार्य प्रगति एवं उपलब्धियां की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में जिला योजना सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद ने जनजीवन हरियाली अंतर्गत विभिन्न कार्य योजना से संबंधित कार्य प्रगति एवं उपलब्धियां की जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि चिन्हित किए हुए अतिक्रमित सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को 100% अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। साथ ही कुल 3159 पइन एवं 2233 आहर के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागों में होने वाले कच्चे काम को मनरेगा के माध्यम से कराने के लिए उप विकास आयुक्त से समन्वय स्थापित करने का आदेश दिया। जिला पदाधिकारी ने वर्षा जल संचयन के कार्य में प्रगति लाने पर जोर देते हुए शिक्षा पदाधिकारी को नई बन रही भावनाओं में जल संचयन का प्रावधान करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्षा जल संचयन से संबंधित जागरूकता प्रचार प्रसार के माध्यम से बढ़ाने को सभी कार्यपालक पदाधिकारीयों को निर्देश दिया। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने बताया कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तर पर कुल 13, सदर अनुमंडल के स्तर पर कुल 20 एवं दाउदनगर अनुमंडल के स्तर पर कुल 4 परिवाद लंबित है। जिला में सीपीग्राम से संबंधित 39 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 286 आवेदन एवं 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 321 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया।

लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं में कुल 620 आवेदन अपने समय सीमा अवधि से ज्यादा लंबित होने पर जिलापदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं इस यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में कुल 196 आवेदन लंबित पाए गए जिसके लिए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को प्रखंड स्तर पर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। ऑनलाइन राशन कार्ड आवेदन कुल 486 समय सीमा अवधि से ज्यादा के लंबित पाए गए जिस पर जिला पदाधिकारी ने यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने माननीय उच्च न्यायालय में दायर सीडब्ल्यूजेसी/ एमजेसी वादों का निष्पादन समय पर पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं निष्पादन ससमय पूर्ण करने का निदेश जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा सांसद क्षेत्रीय विकास योजना एवं मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत लंबित योजनाओं पर एनओसी देने हेतु अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही अतिक्रमण वाद के मामलों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का आदेश भी सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। सदर एवं दाउदनगर भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अतिक्रमण वाद से संबंधित मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

इस कार्यक्रम में डीडीसी अभयेंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सहायक समाहर्ता गौरव कुमार, जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में 15 फरवरी को आयेंगें राहुल गांधी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** आगामी 15 फरवरी को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की यात्रा औरंगाबाद जिला पहुंचेगी। उनकी यात्रा सुबह 8 बजे झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत चपला मोड़ से शुरू होकर करीब 10 बजे हरिहरगंज-सन्डा मार्ग से औरंगाबाद जिला में प्रवेश करना संभावित है। राहुल गांधी करीब 1:30 बजे औरंगाबाद के गांधी मैदान में जनता को संबोधित करेंगें। इस एकदिवसीय यात्रा में श्री गांधी का कार्यक्रम अंबा, कुटुंबा, औरंगाबाद नगर क्षेत्र एवं बारुण प्रखंड में आयोजित किया जाना है। ज्ञातव्य हो कि राज्य में 15 फरवरी से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का भी आयोजन किया जाना है जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा 9:30 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 2:00 बजे पूर्व अपराह्न से आयोजित होगी। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि श्री गांधी की यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण करने में आम जनता के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। अतः जिला प्रशासन, औरंगाबाद सभी अभिभावकों जिनके बच्चे माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं और सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध करता है कि वह अपने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से 2 घंटा पहले ही अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाए। साथ ही प्रथम पाली की परीक्षा उपरांत द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु अपने-अपने केन्द्रों पर ही रहें जिससे उन्हें परीक्षा देने में किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# नगर पार्षद ने की क्लब रोड में लगे जर्जर रोलर हटाने की मांग



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड नम्बर 08 अवस्थित क्लब रोड में पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के पांच जर्जर रोलर विगत कई वर्षों से सड़क पर खड़े कर के छोड़ दिया गया है। इधर मुहल्ले में जनसंख्या घनत्व बहुत बढ़ गया है जिस कारण इस रोड पर भी यातायात का दबाव बढ़ा है। नगर परिषद में भी इस सड़क का सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव है,जर्जर रोलर के कारण कार्य प्रारंभ करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। रोलर के कारण यातायात भी बाधित हो रहा है।इस पथ से कई स्कूली वाहन एवं सहकारिता का गोदाम और फेसर रोड में चलने वाली कई बड़ी गाड़ियां पार करती है, खड़े रोलर के कारण हमेशा जाम की स्थिति बन जाती है।जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। यह रोलर सड़क की सौंदर्यीकरण और मुहल्ले के विकास में बाधक बने हैं। इस सिलसिले में नरग पार्षद सुशील कुमार ने जिलाधिकारी से मिलकर इसे हटवाने की दिशा में कारवाई हेतु आवेदन दिया। पार्षद ने बताया कि विकास की राह में यह रोलर अड़ंगा बना है। शीघ्र इसे हटवा दिया गया तो सड़क का चौड़ीकरण और सौन्दर्यीकरण करवाने का प्रस्ताव है। इस मौके पर मुहल्ले के नागरिक अविनाश कुमार, नरेंद्र सिंह, रामजन्म सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिहार में एनडीए को बहुमत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

- पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब पुनः एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा तथा सबका साथ सबका विकास, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूल मंत्र है।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बिहार में एनडीए गठबंधन को बहुमत साबित करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिहार में विधानसभा में फ्लोर टेस्ट में एनडीए की जीत ऐतिहासिक रही। इसके लिए वें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित एनडीए के सभी विधायको को बधाई देते है। आप लोगों ने बिहार के हित में एकजुटता का परिचय देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सपने को चकनाचूर कर दिया। वहीं राजद के तीन विधायक जो एनडीए के पक्ष में रहें, उनको भी बधाई देता हूं कि सही समय पर अपना उचित निर्णय लेकर सुशासन की सरकार में शामिल होकर जनहित एवं राज्यहित में उचित कदम उठाया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब पुनः एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा तथा सबका साथ सबका विकास, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूल मंत्र है। इसी विश्वास के तहत बिहार में डबल इंजन की सरकार में सुशासन का राज एवं चहुंमुखी विकास होगा। इसके अलावा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रदेव यादव, युगल किशोर सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, अरविंद सिंह, विनोद कुमार शर्मा, सुनील सिंह, विजय प्रसाद निराला, रघुनाथ राम, वीरेंद्र कुमार, विनोद सिंह, अमर उजाला, राहुल कुमार, टूना प्रसाद गुप्ता, मधेश्वर चंद्रवंशी, रामरूप सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह एवं पंकज कुमार ने भी बिहार में नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिंहा सरकार को बहुमत साबित करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# विधिक संघ के चुनाव में 90 प्रतिशत हुआ मतदान, अध्यक्ष-महासचिव समेत 58 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटियों में बंद

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक संघ औरंगाबाद में कार्यसमिति 2024-26 का 26 पदों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, कुल 823 मतदाताओं में से 730 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया, मतदान के लिए तीन बूथ बने थे पहले बुथ पर 273 वोट पड़े, दूसरे बूथ पर 267 वोट पड़े, और तीसरे बूथ पर 190 वोट पड़े, अध्यक्ष, महासचिव समेत 26 पदों पर 58 उम्मीदवार अपना अपना भाग्य आजमा रहे हैं अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार सिंह, परशुराम सिंह, विजय कुमार पाण्डेय, रामप्रवेश ठाकुर, महासचिव पद पर नागेंद्र सिंह, जगनरायण सिंह, अमरेंद्र नारायण सिंह, राजीव रंजन सिंह, अखिलेश कुमार, नवीन कुमार, सतीश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर गिरजेश कुमार सिंह सुजीत कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पद पर उदय कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, अमित कुमार, ओंकार कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, सुदर्शन यादव, क्षितिज रंजन, संयुक्त सचिव पद पर अनिल कुमार सिंह, काली प्रसाद, दिलीप कुमार सिंह, देवी नंदन सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रामपरिखा सिंह, शम्भू नाथ मिश्र, सियाराम पांडे, सहायक सचिव पद पर सतीश कुमार स्नेही, संत सिंह, श्याम नंदन तिवारी, पवन कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य पद पर मो. अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, अम्बुज कुमार सिन्हा, मिथलेश कुमार,महेश प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिंह, विनय कुमार मिश्रा, निगरानी सदस्य पद पर अनिल आशुतोष, हरेंद्र कुमार, अभय कुमार सिंह, अंकेक्षक पद पर राजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिन्हा, कार्यसमिति सदस्य इम्तेयाज अंसारी, धनश्याम ठाकुर, नीरज कुमार सिंह, योगेश कुमार मिश्रा, विनय द्विवेदी, साकेत कुमार, सुरेश प्रसाद, संजय कुमार, शशि भूषण कुमार,का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया है मतगणना 14 फरवरी से परिणाम आने तक जारी रहेगा, सबसे पहले अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद पर गिनती शुरू होगी, मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर अधिवक्ताओं ने निवार्चन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, अवध किशोर पांडे, सरोज रंजन सिन्हा और अभय कुमार सहित अन्य सहयोगी सदस्यों को बधाई दी है।

# औरंगाबाद में 14 फरवरी को भी होगी हल्की बारिश 16 फरवरी से मौसम साफ होने की संभावना

निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में 14 फरवरी को भी हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 16 फरवरी से मौसम साफ होने की संभावना है। कृषि विज्ञान केंद्र, सिरिस के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे ने बताया कि मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी पांच दिनों-14, 15, 16, 17 व 18 फरवरी को अधिकतम तापमान 27, 26, 24, 25 व 26 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 14, 13, 12, 11.5 व 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। साथ ही14 फरवरी को भी हल्की बारिश होने की संभावना है। वही 15 फरवरी को भी आसमान में मध्यम बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश होने की संभावना नहीं है। 16 फरवरी से मौसम साफ होगा।

# सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

कार्याल्य संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में मंगलवार को बीएससी-आईटी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय क्राफ्टिंग क्लियर और इंपैक्टफुल रिसर्च नॉरेटिव था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राकेश रोशन (अंतर्राष्ट्रीय उद्यमी निदेशक) ने भाग लिया। ऑनलाइन सेमिनार में पंजीकृत सैकड़ो छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में अनुसंधान गतिविधियों को तीव्रता प्रदान करने एवं प्रभावशाली आर्टिकल्स लिखने में महत्वपूर्ण रणनीति को विकसित करेगा। वही मुख्य अतिथि ने निर्धारित विषय पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में रिसर्च के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बीएससी-आईटी विभाग के विभागाध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी ने की। वही टेक्निकल सपोर्ट प्रवीण दुबे का रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर डीएलएसए के सचिव व सीजेएम ने की थानाध्यक्षों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद भूषण ने मंगलवार को जिले में पदस्थापित सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने 9 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु थानाध्यक्षों को अपने थाना के सुलहनीय मामलों को चिंहित कर लोक अदालत में निष्पादन हेतु संबंधित लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहभागिता की अपील की। सचिव ने कहा कि प्राधिकार द्वारा विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की थानावार सूची तैयार कर उन्हें भेजी गई है। इन मामलो के संबंधित पक्षकारों से आप संपर्क स्थापित कर उन्हें प्रोत्साहित करें ताकि मामलों को खत्म कर भाईचारा, प्रेमयुक्त वातावरण और विवाद मुक्त समाज बनाया जा सके। अगर उन्हें पक्षकारों के लिए काउंसिलिंग की आवश्यकता महसूस हो तो वे पक्षकारों को प्राधिकार अथवा संबंधित न्यायालय में भेजें। साथ ही थाना स्तर पर गी ध्यान दें कि लोक अदालत के संबंध में निर्गत नोटिस पक्षकारों तक समयानुसार पहुंच जाए। नोटिस का तामिला कराते समय यह भी ध्यान रखे कि पक्षकारों के तामिला पर नाम और संपर्क संख्या अवश्य अंकित करा लिया जाएं ताकि संबंधित न्यायालय और प्राधिकार अपने स्तर से भी पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों को निस्तारण कराने में प्रयास कर सके। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद भूषण ने कहा कि लोक अदालत से संबंधित जितने भी नोटिस न्यायालय और प्राधिकार से भेजे जा रहे है, वें ससमय पक्षकारों तक पहुंचे। इसकी निगरानी स्वयं थानाध्यक्ष करेंगे तो नोटिस तामिला समय से हो जाएगा। साथ ही थानाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता और वादों के निस्तारण हेतु खुद लोगो को प्रेरित करेंगे तो राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड वादों का निस्तारण संभव हो सकेगा। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि थानाध्यक्ष तामिला कराते समय यह सुनिश्चित करें कि तामिला सूचक तक आवश्यक रूप से हो जाए। अगर आपको जानकारी प्राप्त हो कि सूचक आपके थाना क्षेत्र से बाहर निवास कर रहा है तो आप उसे अपने माध्यम से संबंधित थाने से संपर्क स्थापित कर वहां सूचक को सूचित करें। साथ ही इसकी सूचना प्राधिकार अथवा न्यायालय को प्रेषित करना भी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ साथ आप सभी अपने इलाके के जनप्रतिनिधियों को बुलाकर लोक अदालत के संबंध में उन्हें जागरूक करें, ताकि वह भी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य लोगों को भी लोक अदालत के लिए जागरूक कर अपने गांव मुहल्ले को विवाद मुक्त बना सके।

# राहुल की यात्रा को लेकर एसडीओ-एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी की औरंगाबाद में 15 फरवरी को होने वाली सभा को लेकर शहर के गांधी मैदान में सभास्थल एवं बभंडी मैदान मे हेलीपैड स्थल का अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्ला खां ने मंगलवार को संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

# सरस्वती पूजा को ले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**औरंगाबाद(का.सं.)।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाननों द्वारा सरस्वती पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर अपने-अपने सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च किया।

# 16 फरवरी को नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा होगा राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता

**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन, पटना द्वारा 16.फ़रवरी 2024 को 11 बजे पूर्वाह्न से राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन युवा आवास, पटना के सभागार में किया जा रहा है, जिसमें बिहार के प्रत्येक जिले के प्रथम विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें । एनवाईके, बिहार के राज्य निदेशक, अंशुमान प्रसाद दास ने बताया कि 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। भारत सरकार द्वारा युवाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधि शुभारम्भ किये गये ताकि उनके विचार देश के विकास की प्रक्रिया में सहायक हो सके। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का विषय मेरा युवा भारत-विकसित भारत@2047 रखा गया है।

भाषण प्रस्तुति का समय सात मिनट निर्धारित किया गया है। भाषण प्रतियोगिता का मूल्यांकन तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल के द्वारा किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात परिणाम घोषित किया जाएगा। विजेता में प्रथम पुरस्कार के लिए एक लाख , द्वितीय पुरस्कार के लिए पचास हजार और तृतीय पुरस्कार में दो विजेताओं को पचीस–पचीस हजार रूपये प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार की राशि को विजेता के बैंक खाता में स्थानांतरित किया जायेगा। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किये जाएंगें।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433